CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
81,312.32
24,752.45

सोना चांदी
98,670
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 29 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 137 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## ट्रम्प ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## IPL का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में मॉक ड्रिल आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और जम्मू- कश्मीर शामिल, लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार (आज) की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में माक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है। ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।



# किसानों को मिलेगी अब फसलों की ज्यादा कीमत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ धान समेत 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी ■ किसान क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज में मिलेगा लोन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में खरीफ की फसल के लिए धान, बाजरा, मक्का, उडद, मूंगफली और सूरजमुखी बीज सहित 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विपणन सीजन -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रो. महमूदाबाद की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रो. अली खान महमूदाबाद को 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया टिप्पणी मामले में हरियाणा में दर्ज दो मुकदमों के तथ्यों पर केंद्रित जांच करने का बुधवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने प्रो. महमूदाबाद को 21 मई को दी गई अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाते हुए कहा कि वह इस मामले में जुलाई में सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की अंशकालिक कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के कपिल सिब्बल की इस आशंका पर कि जांच का दायरा बढ़ाया सकता है। उन्होंने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि एसआईटी की जांच दो मुकदमों के तथ्यों तक ही सीमित रहेगी।

## मुंबई में तेज बारिश, राजस्थान में गर्मी बारिश व आंधी

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में बुधवार को भारी बारिश हुई। यहां बारिश का एलो अलर्ट जारी किया गया है। बदलापुर, उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली और ठाणे के अलग-अलग इलाकों में जलभराव हो गया है। राजस्थान में मौसम का तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। यहां के गांव में वृद्ध महिला की मौत हुई।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ चलेगा महाभियोग!

नई दिल्ली, वार्ता



■ मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव, कैश कांड के दोषी जज के घर मिले थे जले नोट ■ सरकार अभी तक इंतजार कर रही जस्टिस वर्मा खुद दे दें इस्तीफा

**कैश कांड** मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। एक न्यूज एजेंसी ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें।

दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन सीजेआई ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को सीजेआई को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

## चार हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्अ के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने राजस्थान समेत चार उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से बुधवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव को मद्रास उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार त्रिपुरा के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अपरेश कुमार सिंह को तेलंगाना, झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव को त्रिपुरा और मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केआर श्रीराम का राजस्थान उच्च न्यायालय में तबादला किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 26 मई को हुई बैठक में उक्त चारों उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश संबंधी फैसला लिया गया।

## मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी, गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को दिया इस्तीफा, उसके बाद राष्ट्रपति शासन मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन लागू है। 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम राहत जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को शाह के खिलाफ हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को भी बंद कर दिया है और विशेष जांच दल (एसआईटी) की पहली रिपोर्ट को रिकॉर्ड में ले लिया। साथ ही एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया। अब इस मामले पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई होगी।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च अदालत के संज्ञान में है। इस तथ्य के मद्देनजर हाईकोर्ट में चल रही कार्यवाही को बंद किया जाना चाहिए। कोई समानांतर कार्यवाही नहीं होनी चाहिए। याद रहे कि शाह ने इस मसले पर हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनके विवादित बयान पर हाई कोर्ट ने काफी सख्त रुख अपनाया था। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए तीन वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की थी। शाह को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था, जबकि इस बीच उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। बुधवार को सुनवाई शुरू होते ही मध्य प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को सूचित किया कि एसआईटी गठित कर दी गई है और उसने जांच शुरू कर दी है। शाह का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। जांच रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत में पेश कर दी गई है और आगे की जांच के लिए एसआईटी को समय चाहिए। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में दर्ज किया कि डीआईजी पुलिस द्वारा स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि तीन आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई है और 21 मई को जांच की गई। घटनास्थल का दौरा किया गया और सामग्री एकत्र की गई। भाषण की स्क्रिप्ट तैयार किए जाने के साथ मोबाइल फोन जब्त किया गया है और गवाहों के बयान दर्ज किए गए।



हाईकोर्ट की कार्यवाही बंद, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को जांच के लिए और समय दिया, जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी सुनवाई

## पेड़ों की अवैध कटाई मामले में वीके सक्सेना बरी, दोषी डीडीए अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली रिज क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई से संबंधित अदालती अवमानना के एक मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और डीडीए को बुधवार को बरी दिया, लेकिन प्रत्यके दोषी अधिकारी को 25,000 रुपये को जुर्माना भरने का निर्देश दिया। पीठ ने यह फैसला सुनाते हुए पेड़ों के नुकसान की भरपाई के लिए कई निर्देश भी दिए। पीठ ने डीडीए के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाषिश पांडा को भी राहत दी और उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद कर दी। उन्हें राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अब वह इस पद (उपाध्यक्ष) पर नहीं हैं और पहले भी पूर्णकालिक सदस्य नहीं थे।

# एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर ले सकेगा एक्शन

■ देश में इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू, केंद्र ने नोटिफिकेशन जारी किया

**नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया।

नए कानून बनने से इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन- कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। नए नियम के तहत अब कोई भी सेवा अधिकारी (जैसे थलसेना का अधिकारी) इंटर सर्विस आर्गनाइजेशन में कार्यरत किसी भी अन्य सेवा (जैसे नौसेना या वायुसेना) के जवानों को कमांड दे सकेगा। पहले इस प्रकार के अधिकार केवल संबंधित सेवा के भीतर ही सीमित होते थे। इससे कई बार संचालन में बाधाएं आती थीं।

# देश में कोरोना के 1200 केस, अब तक 12 मौतें

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है।

यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने पाक को पांच साल पीछे धकेला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया है। सबसे ज्यादा नुकसान पाकिस्तानी एयरफोर्स को हुआ है। सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के हमले के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना लाचार हो गई थी। उसे समझ में ही नहीं आ रहा था कि हमले का बचाव कैसे किया जाए। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने हवा से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों, लंबी दूरी से मार करने वाले हथियारों और अलग-अलग तरह के घूमते रहने वाले हथियारों का इस्तेमाल किया।

रक्षा सूत्रों के मुताबिक भारतीय वायुसेना ने लगातार चार दिन तक पाकिस्तान में बहुत सटीक हमले किए। उनके मुताबिक इस हमले से पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उबरने में उन्हें कम से कम 5 साल लग जाएंगे। भारतीय सेना ने टैंक और कम दूरी की मिसाइल से ड्रोन को मार गिराने का वीडियो कुछ दिन पहले जारी किया था।






## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में पांच जून को होगी एक और प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में रामनगरी अयोध्या में पांच जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को यहां पत्रकारों को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वत महंत योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इससे पहले दो जून को शाम चार बजे मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। यह कलश यात्रा पुराने आरती स्थल से शुरू होगी और श्रृंगरहाट हनुमानगढ़ी दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। तीन जून को यज्ञ मंडप पूजन अग्नि स्थापना का अनुष्ठान शुरू होगा, जबकि चार जून को विभिन्न अधिवास पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है।

### माओवादियों ने ओडिशा में विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूटा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सुंदरगढ़ जिले के सारंडा जंगल के पास लांगलकाटा क्षेत्र में माओवादियों ने विस्फोटकों से भरा एक ट्रक लूटने के बाद पश्चिमी रेंज के पुलिस उप महा. निरीक्षक और राउरकेला पुलिस अधीक्षक, पुलिस बल के साथ बुधवार को जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्हें सूचना मिली थी कि संदिग्ध माओवादियों ने मंगलवार को विस्फोटकों से लदे ट्रक को लूट लिया है। सूत्रों के अनुसार ट्रक ओडिशा-झारखंड सीमा के पास बांको में एक पत्थर खदान में गोला-बारूद के गोदाम से जिलेटिन की छड़ों के सैकड़ों पैकेट सहित लगभग चार टन विस्फोटक ले जा रहा था। इसे जंगल के अंदर संदिग्ध माओवादियों ने रोक लिया, जहां बंदूक की नोक पर विस्फोटक से भरा ट्रक लूट लिया। हमलावर माओवादियों ने विस्फोटकों से लदे ट्रक को पास के सारंडा जंगल में ले जाकर खड़ा कर दिया, जो उनका गढ़ माना जाता है और ट्रक से सारी सामग्री उतार ली। वाहन चालक और सहायक को हालांकि माओ. वादियों ने बिना नुकसान पहुंचाए छोड़ दिया था।

### खराब मौसम के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे से दो उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण मंगलवार शाम श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दो उड़न सेवाओं को रद्द किया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार, चंडीगढ़ (आईएक्ससी) जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई6041 और मुंबई जाने वाली उड़ान 6ई215 को कश्मीर घाटी में खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। हवाई अड्डे के अधिकारियों की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि श्रीनगर में खराब मौसम के कारण दो उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। गौरतलब है कि इंडिगो की दिल्ली से श्रीनगर जा रही विमान को 21 मई को अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा।

### आयुध अधिनियम का पालन करें डीएम, कारण बताना होगा

# शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने पर हाईकोर्ट सख्त

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि केवल किसी से शत्रुता, आपरा. धिक केस दर्ज होने और शस्त्र का दुरुपयोग करने की आशंका के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निलंबित या निरस्त नहीं किया जा सकता।

आयुध अधिनियम के तहत शस्त्र लाइसेंस निरस्त करते समय डीएम को कारण बताना होगा। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द कर दिया। साथ ही हापुड़ के डीएम को दो माह में नए सिरे से आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने देवेंद्र सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची के खिलाफ बाबूगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके आधार पर डीएम ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया। याची ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवक्ता आशीष कुमार सिंह ने दलील दी कि लोक सुरक्षा व लोक शांति के आधार पर शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है। डीएम व कमिश्नर ने मशीनी आदेश पारित किया। यह स्वतंत्र देश के स्वतंत्र नागरिक के विशेषाधिकार का उल्लघंन है। कानून डीएम को फी हैंड नहीं देता। कोर्ट ने डीएम को आदेश को रद्द कर दिया। वहीं एफआईआर रद्द करने की हाईकोर्ट की अंतर्निहित शक्ति का परीक्षण अब नौ जजों की वृहद पीठ करेगी। यह देखा जाएगा कि हाईकोर्ट में एफआईआर को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-528 के तहत चुनौती दी जा सकती है या फिर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के अंतर्गत दाखिल होने वाली याचिका ही पोषणीय है।



- हाईकोर्ट ने कहा: केवल शत्रुता, आपराधिक केस व दुरुपयोग की आशंका के आधार पर नहीं निरस्त किए जा सकते शस्त्र लाइसेंस
- कोर्ट ने शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने के हापुड़ के डीएम के आदेश व मेरठ के मंडलायुक्त की अपील में पारित आदेश रद्द किया
- अब नौ जजों की पीठ तय करेगी बीएनएसएस के तहत एफआईआर रद्द हो सकती है या नहीं, मामला वृहद पीठ को भेजा गया

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने इस कानूनी उलझन को नौ जजों की वृहद पीठ को सौंपने का फैसला सुनाया है। साथ ही कोर्ट ने महानिबंधक को वृहद पीठ के गठन के लिए मामला तीन दिन में मुख्य न्यायाधीश के समक्ष पेश करने को कहा है। याची शशांक गुप्ता उर्फ गुड्डू और अन्य के खिलाफ चित्रकूट के कर्वी थाने में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज है। मामले में याचियों ने बीएनएसएस की धारा-528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग के साथ हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दावा है कि मुकदमा दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें सताने के लिए दर्ज करवाया गया है। याची का तर्क है कि हाईकोर्ट अपनी अंतर्निहित शक्तियों का प्रयोग कर झूठी व दुर्भावनापूर्ण एफआईआर को रद्द कर सकता है। बीएनएसएस की धारा-528 हाईकोर्ट को यह अधिकार देती है कि वह ऐसी शिकायतों व एफआईआर को सीधे खारिज कर सके, जो प्रथम दृष्टया न तो किसी अपराध को दर्शाती है और न ही न्याय की कसौटी पर खरी उतरती है। इस नई धारा का उद्देश्य फर्जी मुकदमों से नागरिकों की रक्षा करना है। लिहाजा नए कानून के तहत याची के खिलाफ दर्ज मुकदमा रद्द किया जाना चाहिए। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने 1989 में रामलाल यादव के मामले में सात जजों की पूर्ण पीठ के दिए फैसले का हवाला देते हुए याचिका की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई। कहा कि एफआईआर को रद्द करने की मांग भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत ही पोषणीय है। बीएनएसएस की धारा-528 (पुरानी धारा 482 सीआरपीसी) के तहत एफआईआर रद्द करने की अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती।

### कानूनी उलझन वृहद पीठ को संदर्भित करने का पहला मामला

**प्रयागराज।** बीएनएसएस लागू होने के बाद यह पहला मामला है, जब धारा 528 के तहत एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। इससे पहले 1989 में सात जजों की पूर्ण पीठ ने एफआईआर रद्द करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत याचिका को पोषणीय माना था। सात जजों की पूर्ण पीठ के फैसले और नए कानून के प्रावधानों में टकराव को देखते हुए कोर्ट ने मामले को नौ जजों की वृहद पीठ को संदर्भित कर दिया। वृहद पीठ के का फैसला आने तक याचियों को दी गई अंतरिम राहत बरकरार रहेगी। उनके खिलाफ कोई भी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## यूपी में उमस भरी गर्मी ने किया लोगों को बेहाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- आज से बदलेगा मौसम, पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने के आसार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार से पूरब से पश्चिम तक गरज चमक के साथ बूंदाबादी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस दौरान इन जगहों पर 40 से 50 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाएं भी चलेंगी। बूंदाबांदी से तात्कालिक तौर पर पारे में हल्की गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

गुरुवार के लिए प्रदेश के पूर्वी और तराई इलाकों के 60 जिलों में तेज हवाएं चलने और गरज- चमक के साथ बूंदाबादी की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार को प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक कहीं भी लू जैसी परिस्थितियां नहीं रहीं, लेकिन उमस भरी चिपचिपी गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। पूर्वा हवा में नमी की मौजूदगी से आभासी गर्मी, वास्तविक गर्मी से ज्यादा महसूस किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 29 मई से प्रदेश में दो-तीन दिनों के लिए बूंदाबा. 'दी और हवाओं की तीव्रता और क्षेत्रफल में विस्तार देखने को मिलेगा। आईएमडी ने जानकारी दी है कि इस मानसून में जून से सितंबर के दौरान चार माह में पूर्वी यूपी में सामान्य से 10 प्रतिशत और पश्चिमी यूपी में सामान्य से 12 प्रतिशत अधिक बारिश की संभावना है। जून माह में देश भर में सामान्य से 8 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। बांदा, फतेहपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बारा. बंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्धनगर, बुलन्दशहर, कासगंज, एटा, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद बदले हालात


### श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से आधार शिविर कटरा शहर में रौनक लौटी

**जम्मू, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में बसे देवस्थान श्री माता वैष्णो देवी भवन में तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने से आधार शिविर कटरा शहर में चहल-पहल लौट आई है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद से वैष्णो देवी यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में अचानक गिरावट देखी गई थी।

इस बीच श्राइन बोर्ड के अधिक. ारी ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। इस वृद्धि के साथ लगभग 18000 से 20000 तीर्थयात्री प्रतिदिन भवन के दर्शन के लिए कटरा पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा के साथ-साथ श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था भी की है, जिससे तीर्थयात्रा जोर पकड़ रही है और लगभग एक महीने के बाद यहां श्रद्धालुओं की संख्या 20000 तक पार कर गई है। पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले के बाद कटरा में कारोबार काफी हद तक प्रभावित रहा हालांकि श्राइन बोर्ड और धार्मिक निकायों के साथ-साथ व्यापारी समुदाय को उम्मीद है कि देशभर के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों के दौरान अब श्रद्धालुओं की संख्या में और वृद्धि होगी।

### गुलाम नबी आजाद ने अपने स्वास्थ्य के बारे में किया आश्वस्त



**श्रीनगर।** वरिष्ठ राजनेता एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आज़ाद ने लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में लोगों को आश्वस्त किया है। आजाद ने एक्स हैंडल पर अपने पोस्ट में कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि कुवैत में अत्यधिक गर्मी के कारण मेरे स्वास्थ्य पर असर पड़ने के बावजूद भगवान की कृपा से मैं ठीक हूं और मेरी हालत में सुधार हो रहा है। सभी जांच रिपोर्टें सामान्य हैं। आप सभी की चिंता और प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उल्लेखनीय है कि आज़ाद सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के लिए कुवैत गए हुए थे। इस दौरान कुछ स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होने लगी जिसके बाद उन्हें यहां के अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज़ाद पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के खिलाफ भारत के शून्य सहिष्णुता के संदेश को व्यक्त करने के लिए सरकार द्वारा खाड़ी देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों में से एक का हिस्सा हैं।

### वीर सावरकर की जयंती के मौके पर मोदी, शाह, नड्डा ने किया नमन


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर सावकर की जयंती के मौके पर उन्हें नमन किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, भारत माता के सच्चे सपूत वीर सावरकर जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की कठोर से कठोर यातनाएं भी मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण भाव को डिगा नहीं पाईं। आजादी के आंदोलन में उनके अदम्य साहस और संघर्ष की गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। देश के लिए उनका त्याग और समर्पण विकसित भारत के निर्माण में भी पथ-प्रदर्शक बना रहेगा।

# कोरोना वायरस से आगरा में पहली मौत

**आगरा, वार्ता**

फिरोजाबाद के मरीज की कोरा. ेना संक्रमण के बाद हुई मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं हुई है। अभी तक जांच केंद्र और आइसोलेशन वार्ड तक नहीं बनाए गए हैं। सीएमओ का कहना है कि कोई गाइड लाइन नहीं आई है। एहतियात बरती जा रही है।

प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, जालौन के बाद फिरोजाबाद के संक्रमित की मौत से कोरोना के फैलने का खतरा फिर से बढ़ने लगा है। कोरोना महामारी के दौरान जहां स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक इंतजाम किए थे, वहीं अब आगरा में पहला संक्रमित केस मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की तैयारियां लचर हैं। महामारी के दौरान एसएन मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों पर आइसोलेशन वार्ड बनाए गए थे। यह सभी वार्ड अब सामान्य वार्ड में तब्दील हो चुके हैं। ऑक्सीजन प्लांट केवल एसएन और जिला अस्पताल में ही संचालित हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण की जांच की सुविधा भी एसएन अस्पताल के वायरोलॉजी लैब में ही उपलब्ध है। अभी तक कहीं भी अलग से कोरोना संक्रमण की जांच के केंद्र नहीं बनाए गए हैं। ऐसे में सामान्य लक्षण होने पर मरीज जांच भी नहीं करा पाएंगे। यहां तक कि ओपीडी में आने वाले खांसी, जुकाम बुखार के मरीजों के लिए फ्लू वार्ड भी शुरू किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी संक्रमण को लेकर कोई गाइड लाइन जारी नहीं की गई है। एहतियात बरती जा रही है। अगर किसी को लक्षण महसूस हों, तो उन्हें एसएन मेडिकल कॉलेज में जांच करानी चाहिए। सीएमओ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि फिरोजाबाद का संक्रमित मरीज मिलने के बाद अब अस्पतालों में एहतियात बरती जाएगी। कोरोना के दोनों सब-वैरिएंट्स एनबी-1-8-1 और एलएफ-7 के मामले भारत सहित कई देशों में काफी तेजी से बढ़े हैं, भारतीय आबादी में भी इसके कारण संक्रमण में तेजी से उछाल आया है। बढ़ते जोखिमों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अब एनबी-1-8-1 को वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग के रूप में वर्गीकृत कर दिया है, अब तक इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट के रूप में रखा गया था। वैरिएंट ऑफ मॉनिटरिंग का मतलब है कि अब वायरस के इस रूप को लेकर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देने और निगरानी की आवश्यकता है।



- स्वास्थ्य विभाग में कोई हलचल नहीं, अभी तक न आईसोलेशन वार्ड बनाए और न ही जांच केंद्र ही खोले गए

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में गिरावट जारी



**मुंबई।** विश्व बाजार की भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और धातु समेत तेरह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 239.31 अंक की गिरावट लेकर 81,312.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 73.75 अंक टूटकर 24752.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.22 प्रतिशत फिसलकर 45,093.52 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.50 प्रतिशत उछलकर 52,122.64 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1928 में गिरावट जबकि 2022 में तेजी रहे, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2940 कंपनियों के शेयरों में से 1395 में बिकवाली जबकि 1462 में लिवाली हुई, वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में 13 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.11, एफएमसीजी 1.33, हेल्थकेयर 0.39, आईटी 0.01, यूटिलिटीज 0.44, ऑटो 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.58, धातु 0.69, पावर 0.20, रियल्टी 0.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.11 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, जर्मनी का डैक्स 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 और जापान का निक्केई 0.01 प्राइशत गिर गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 94 अंक उतरकर 81,457.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 81,613.36 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में दोपहर से पहले यह 81,613.36 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### बीएलएस करेगी दिल्ली में आयुष्मान के लाभार्थियों की पहचान

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बीएलएस इंटरनेशनल को दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य एजेंसी की ओर से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के लाभार्थियों की पहचान और कार्ड वितरण का काम सौंपा गया है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के सहयोग से चलाई जा रही है, जिसके तहत दिल्ली के 6.54 लाख परिवारों को पीवीसी कार्ड दिए जाएंगे ताकि वे मुफ्त इलाज की सुविधा पा सकें। बीएलएस इंटरनेशनल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि यह योजना दिल्ली के लोगों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी।

# उठाव सुस्त रहने से सभी जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 29 रिंगिट की बढ़त के साथ 3896 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.06 सेंट चढ़कर 49.64 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**किसानों को...**

2025-26 के लिए 14 खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड में 820 रुपये प्रति कुंतल, रागी में 596 रुपये प्रति कुंतल, कपास में 589 रुपये प्रति कुंतल और तिल में 579 रुपये प्रति कुंतल की गई है।

श्री वैष्णव ने बताया कि धान 'सामान्य' का एमएसपी का 2300 रुपये से बढ़ाकर 2369 रुपये और धान 'ए' का 2320 रुपये से 2389 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार 'संकर' का 3371 रुपये से 3699 रुपये प्रति कुंतल और ज्वार 'मालदंडी' का 3421 रुपये से 3749 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये से 2775 रुपये, रागी का 4290 रुपये से 4886 रुपये और मक्का का 2225 रुपये से 2400 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अरहर का एमएसपी 7550 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये प्रति कुंतल, मूंग का 8682 रुपये से 8786 रुपये प्रति कुंतल और उड़द का 7400 रुपये से 7800 रुपये प्रति कुंतल कर दिया गया है।

इसके अलावा मूंगफली का एमएसपी 6783 रुपये से बढ़ाकर 7263 रुपये प्रति कुंतल, सूरजमुखी के बीज का 7280 रुपये से 7721 रुपये प्रति कुंतल, सोयाबीन-पीला का 4892 रुपये से 5328 रुपये प्रति कुंतल, तिल का 9267 रुपये से 9846 रुपये प्रति कुंतल, नाइजर सीड 8717 रुपये से 9537 रुपये प्रति कुंतल और कपास - मध्यम का 7121 रुपये से 7710 रुपये और कपास - लंबा 7521 रुपये से 8110 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपणन सत्र 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। वर्ष 2014-15 से वर्ष 2024-25 की अवधि के दौरान 14 खरीफ फसल उगाने वाले किसानों को दी गई एमएसपी राशि 16.35 लाख करोड़ रुपये थी।

### राष्ट्रपति भवन में गुरुवार से दो दिन का साहित्य सम्मेलन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन गुरुवार से दो दिन के साहित्यिक सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है, जिसमें साहित्य की दुनिया में आ रहे बदलावों पर चर्चा होगी। बुधवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार यह कार्यक्रम साहित्य अकादमी, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से राष्ट्रपि भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित किया गया है। इसका विषय है- साहित्य कितना बदल गया है? राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन देश भर से प्रतिष्ठित साहित्यकार और लेखक आमंत्रित किए गए हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में कवि सम्मेलन तथा सीधे दिल से, भारत का नारीवादी साहित्य: नई राहें बनाना, साहित्य में बदलाव बनाम बदलाव का साहित्य तथा वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतीय साहित्य की नयी दिशायें जैसे विषयों पर चर्चायें आयोजित की जाएंगी।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने परखीं तैयारियां



- मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

मोदी 30 मई को कानपुर में 20 हजार 900 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान वह खुर्जा, ओबरा और जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट की पांच इकाइयों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर पहुंचकर सीएसए मैदान में जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संयुक्त आयुक्त उद्योग के सभागार में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रस्तुत तैयारियों के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 30 मई को होने वाले कार्यक्रम में पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और यूरिनल जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सड़कों को साफ-सुथरा रखने और झाड़ियों को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का आदेश दिया। साथ ही ट्रैफिक जाम से बचने के लिए सुव्यवस्थित यातायात और पार्किंग प्लान तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट (1320 मेगावाट, बुलंदशहर), ओबरा थर्मल पावर स्टेशन (1660 मेगावाट, सोनभद्र) और जवाहरपुर थर्मल पावर स्टेशन (1320 मेगावाट, एटा) की पांच इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

मुख्यमंत्री योगी ने इन परियोजनाओं को विद्युत आपूर्ति के लिए मील का पत्थर बताया। इनके शुरू होने से उत्तर प्रदेश में बिजली की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे औद्योगिक और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बुलंदशहर में स्थित खुर्जा सुपर थर्मल पावर प्लांट 1320 मेगावाट की क्षमता वाला कोयला आधारित सुपरक्रिटिकल पावर प्लांट है जो टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# युद्ध स्तर पर ढमोला नदी से सिल्ट सफाई के दिए निर्देश

## मेयर डा. अजय, विधायक गुम्बर, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम व डीएम मनीष ने की आपदा से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार, शहर विधायक राजीव गुंबर, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी और जिलाधिकारी मनीष बंसल ने संभावित आपदाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की साथ संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और राहत कार्यों के लिए समन्वित योजना बनाने के निर्देश दिए गए।



कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में महापौर डॉ. अजय कुमार ने आपदा से बचाव के लिए संबंधित विभागों को सुझाव दिए और कहा कि नगर निगम सीमा के अंदर बाढ़ से बचाव से सुरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। शहर विधायक राजीव गुंबर ने ढमोला नदी की सिल्ट सफाई करने एवं बाढ़ आने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार जल्दी मानसून और बारिश के अधिक होने का पूर्वानुमान है इसलिए सभी विभाग सक्रियता से कार्य करें। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिए कि युद्धस्तर पर कार्य करते हुए ढमोला नदी की सिल्ट सफाई कार्ययोजना के अनुसार यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वाटर चौनल को गहरा किया जाए।

श्री बंसल ने निर्देश दिए कि बाढ़ चौकियों को समय से क्रियाशील कर लिया जाए। गोताखोरों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची अपडेट की जाए। प्रत्येक बाढ़ प्रभावित ग्राम में बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन कर लिया जाए। डीएसओ ड्राई राशन खरीदने संबंधी सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर लें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई समय से की जाए। ढमोला और पांवधोई नदी के तलों की सफाई के साथ संभावित बाढ़ क्षेत्रों में नदियों के किनारे ऊंचे बनाए जाएं। उन्होंने आपदा कंट्रोल रूम को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। बाढ़ के समय प्रयोग होने वाले उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच कर लें। जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मच्छरों की रोकथाम के उपायों की व्यवस्था करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि भूसा और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रखें। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शासनादेश के अनुसार सौंपे गये उत्तरदायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल ने पीपीटी के माध्यम से संभावित आपदा से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संदीप शर्मा, प्रतिनिधि विधायक बेहट फरहान खान समस्त उपजिलाधिकारी संबंधित अधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एमएलसी शाहनवाज के प्रयास से चिलकाना मार्ग का चौड़ीकरण शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पाटी से एमएलसी शाहनवाज खान के प्रस्ताव पर सहारनपुर चिलकाना मार्ग पर चौडीकरण कार्य शुरू हो गया है।

सहारनपुर से चिलकाना मार्ग जिससे काफी सारे मार्ग व अनेकों गांवों के संपर्क मार्ग जुड़े होने के कारण आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था तथा आये दिन सड़क दुर्घटनायें होती रहती थी। एमएलसी शाहनवाज खान ने इसे गंभीरता से लेते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी से मिलकर उक्त मार्ग को लेकर पत्र दिया था जिसके बाद मंत्री द्वारा पत्र का अवलोकन कर जवाबी पत्र भेजकर एवं विभागीय अधिकारियो से रिपोर्ट मंगाकर प्रस्ताव को स्वीकृती देते हुए सहारनपुर से चिलकाना मार्ग का चौड़ीकरण करने की हरी झंडी दी जिसके बाद कार्य शुरू कराया गया।



एमएलसी शाहनवाज खान के प्रतिनिधि अदनान चौधरी ने बताया कि सहारनपुर से चिलकाना मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने पर क्षेत्र की आवाम ने नितिन गड़करी व एमएलसी शाहनवाज खान का शुक्रिया अदा किया।

# स्व. जगपाल दास को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने स्व. चौ जगपाल दास को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को सांत्वना दी और कहा कि दुख की इस घडी में शोकाकुल परिवार के साथ रालोद का हर सदस्य खडा है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव चौ जगपाल दास के निवास पर रालोद राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि जगपाल दास ने हमेशा राजनीति व समाज में अग्रणीय भूमिका निभाई। जगपाल दास के पिता स्व चौधरी रामशरण दास प्रखर समाजवादी नेता थे।



श्रद्धांजलि देने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, रालोद खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह, प्रदेश महासचिव ओ डी त्यागी, अमित त्यागी, जिलाध्यक्ष शाहजमां खान, महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान प्रदेश महासचिव चौ धीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राव कैसर सलीम, प्रदेश सचिव अयूब हसन, क्षेत्रीय सचिव मनोज वर्मा, हरपाल सिंह वाल्मीकि, गजेंद्र सिंह पंकज चौधरी जिला महासचिव पंडित दिनेश शर्मा नियम हसन रेखा धनगर रमेश चौहान फैसल त्यागी जाहिद हसन ननौता नगर अध्यक्ष शहजाद मलिक महावीर सैनी चौधरी अर्जुन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# उपवन गौशाला में नौ राज्यों से ऑनलाईन डिमांड

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला देश की इकलौती गौशाला है जिसके उत्पादों की राजधानी दिल्ली के अलावा देश के नौ राज्यों से ऑन लाइन डिमांड आयी है। मांग के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा चुकी है। सबसे ज्यादा डिमांग गौमूत्र से निर्मित गोनाइल( फिनाइल) की रही है।

वरिष्ठ प्रभारी गौशाला/मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह ने बताया कि गौशाला में निर्मित उत्पादों की ऑन लाइन माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली के अलावा केरल, ओडिसा, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और असम राज्यों में बिक्री हुई है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा मांग पांच राज्यों, आसाम, केरल, आंध्र, बिहार व ओडिसा में गौमूत्र निर्मित गोनाइल की रही है। जबकि महाराष्ट्र में जैविक खाद, दिल्ली व पश्चिमी बंगाल में पूजा के लिए सम्भ्रानी कप तथा होली के अवसर पर गोमय गुलाल की मांग उत्तर प्रदेश के सीतापुर, लखनऊ से रही है। उन्होंने बताया कि निगम की गौशाला ने यह उपलब्धि गत दो महीने में अर्जित की है। गौशाला प्रभारी/निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि मां शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला में फिलहाल 25 उत्पाद तैयार किये जा रहे हैं। इन उत्पादों में गोनाइल, जैविक खाद, गौ काष्ठ, दिए, संभ्रानी कप, धूप बत्ती, अगरबत्ती, हवन स्टिक, तोरणद्वार, राखी, नेम प्लेट, तिरंगा चेस्ट बैज, गणेश-लक्ष्मी प्रतिमा, ओइ्म, स्वास्तिक, लक्ष्मी चरण, गाय-बछड़ा, गोमय प्राकृतिक पेंट, गोमय गुलाल, दूध-दही, घृत, बायो गैस आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि निगम की गौशाला विश्व की अकेली ऐसी गौशाला बन गयी है जो सबसे अधिक गौ-उत्पाद बनाने के लिए 'विश्व रिकॉर्ड' से सम्मानित हो चुकी है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि कुछ और अन्य उत्पाद बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

### ईद उल अजहा का चांद आया नजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईद उल अजहा का आज चांद नजर आ गया है। अब आज से दस दिन बाद ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जायेगा।

जामा मस्जिद कलां के प्रबन्धक मौलवी मौ. फरीद मजाहिरी ने बताया कि आज ईद उल अजहा का चांद नजर आ गया है। अब 7 जून को ईद उल अजहा का पर्व मनाया जायेगा। उन्होने कहा कि ईद उल अजहा का मकसद अल्लाह की राह में कुरबानी है, यह हजरत इब्राहिम की भी सुन्नत है। हमें इस सुन्नत पर अमल करके अपने खुदा की राह में अपनी सबसे पसंदीदा चीज को भी अल्लाह की राह में कुरबान कर देना चाहिए।

# चकरोड को लेकर जिलाधिकारी से मिले ग्रामीण



**सहारनपुर।** तहसील नकुड के गांव दौलतपुर उर्फ चापरचिडी के ग्रामीणों ने आज जिलाधिकारी से मुलाकात कर चकरोड पर अवैध कब्जे को हटवाये जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि करीब 50 वर्ष पूर्व ग्राम समाज की भूमि के गरीब लोगों को आवंटित किये गये थे। पटटों के बीचोबीच पूरे गांव का एक आम रास्ता चला आ रहा था, जो कि रिकार्ड में दर्ज नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के ही दलबीर व बोबी ने 15 मई को अपने ट्रैक्टरों से हैरो चलाकर अपने खेत में मिलाकर रास्ता खत्म कर दिया था। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि दलबीर सिंह ने कुछ वर्ष पूर्व एक गरीब से पटटा खरीद लिया था। जिसके बाद पूरे गांव के रास्ते को बंद कर दिया गया। इस संबंध में 16 मई को एसडीएम के यहां प्रार्थना पत्र दिया गया। एसडीएम ने पटवीर व पुलिस फोर्स को मौके पर भेजा। ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासन की उपस्थिति में एक बीघा जमीन पर कब्जा करना चाहा तो एसडीएम ने काम बंद करा दोनों पक्षों को अपने कार्यालय में बुलाया। जहां एसडीएम ने दोनों पक्षों में लिखित समझौता करा पुनः चकरोड मौके पर कायम करा दिये। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों ने चकरोड को खत्म कर सिविल जज के यहां से तथ्य छिपाकर यथास्थिति का आदेश ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम से बात की और ग्रामीणों से एसडीएम के यहां जाने के लिये कहा है।

इस दौरान पूरण, नरेश, राजेश कुमार, बतेश, सुशील, तेजपाल, मेमचंद सैनी प्रधान, मोहर सिंह, संजीव, निर्दोष कुमार, तेजपाल, सुरेश, राकेश, विनोद जितेंद्र, राकेश सचिव आदि मौजूद रहे।

### बिजली व्यवस्था कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा** सपा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने बिजली विभाग को ज्ञापन देकर अबेहटा में चंदा वाली गोहर पर बिजली की व्यवस्था कराने की मांग की है।

सपा राष्ट्रीय महासचिव चौधरी रुद्रसेन ने गाडान से सभासद का चुनाव लड चुके आरिफ जहीर की समस्या को गंभीरता से लेते हुए चौधरी रुद्रसेन ने अधिशासी अभियंता नकुड वितरण उपखण्ड को ज्ञापन भेजकर अवगत कराया कि नगर अंबेहटा के मोहल्ला गाडान में स्थित चदा वाली गोहर पर करीब आठ सालों से चालीस-पचास मकान बनाकर लोग निवास कर रहे हैं लेकिन बिजली न होने के कारण लोगों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोग भीषण गर्मी में पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।

# प्रतियोगिताओं में शामिल हुए ग्लोकल विवि के छात्र-छात्राएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एच. एस. सिंह की प्रेरणा और अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से अंतर्राष्ट्रीय योग माह के अंतर्गत आज ग्लोकल विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के छात्रों ने प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी और डॉ संजीव नांदल के निर्देशन में मां शाकुंभारी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित, प्रकृति कुंज चुनेहटी में होने वाली प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।



प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता का विषय रहा, पर्यावरण संरक्षण हमारा दायित्व " जिसमें सौरभ कुमार, सलोनी धीमान, मोहम्मद बिलाल, शमसुद्दीन, सोहेल खान, सलमान और नूर आजम ने सहभागिता की। निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय था, " योग करें निरोग जिसमें कोमल झा, सौरभ कुमार, सना परवीन, शगुफ्ता, सना, सिया काजल गुप्ता और काजल ने सहभागिता की। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय था, योग करें निरा. ेग जिसमें गायत्री सिंघल, काजल, सिया और काजल गुप्ता ने सहभागिता की। सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में नितेश ,अभिषेक और चिराग कुमार ने सहभागिता की। पौधों के नाम बताओ प्रतियोगिता में सना, कोमल, शमसुद्दीन, सौरभ, सुहेल, नितेश, चिराग और नूर आजम ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रकृति कुंज के अध्यक्ष, आचार्य राजेंद्र अटल ने अपने वक्तव्य में ऑर्गेनिक खेती के बारे में बताया और उन्होंने वाटिका में विभिन्न पौधों से छात्रों का परिचय कराया, उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए छात्रों से प्रकृति से जुड़े रहने की बात की। अंत में प्रोफेसर शोभा त्रिपाठी ने निकुंज के सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

# अध्यक्ष बनने पर पाली कालडा को दी बधाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाबी समाज का अध्यक्ष बनने पर समाजसेवी आरिफ खान ने पाली कालडा को पटका पहनाकर मुबारकबाद दी।

आरिफ खान ने कहा कि प्रमुख समाजसेवी महेन्द्र तनेजा पंजाबी समाज के अध्यक्ष थे उन्होने अपने पद पर रहते हुए समाजहित में बहुत अच्छे कार्य किये। अब यह जिम्मेदारी पाली कालडा को मिली है। उम्मीद है वह समाज के लिए बहुत अच्छे काम कर समाज को आगे बढाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

इस दौरान खलीफा नईम, मसूद बदर, रम्मी धवन, मंसूर बदर, नय्यर भाई, पार्षद सईद सिद्दीकी व आदि लोग मौजूद रहे।

# बहनजी ने पिछड़ों को सशक्त बनाया: अजब सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** बहुजन समाज पार्टी भाई चारा बनाओ के जिला सयोजक अजब सिंह ने कहां कि जितने काम पिछडो के बहन कुमारी मायावती सरकार में इतने काम किसी भी सरकार में नही हुए।

अम्बेडकर भवन मक्का बॉस में कार्यक्रतयो को सम्बोधित करतें हुए सैनी ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की सरकार में पिछडो को उनकी संख्या से भी ज्यादा रोजगार, ओर शासन में लाभ के पदों से नवाजा गया, चाहे वो कबीना मंत्री के रूप बाबू कुशवाहा सिंह हो या धर्मसिंह सैनी चाहे स्वामी प्रसाद मौर्य हो आदि नेताओ की अगर पहचान बनी है उसका सारा श्रेय बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी को जाता हैं।



सभा की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले महाराज हो या माता सावत्री बाई फुले हो उनके नाम पर बहुजन समाज पार्टी ने जिले व पोलटेनिक जैसी संस्थाओं का निर्माण कराया है। गागल हेडी में पहली ही सरकार में महात्मा ज्योतिबा फूले महाराज के नाम की फोटो लगाकर सैनी समाज व पिछडो को सम्मान देकर सहारनपुर की राजनीति में हलचल पैदा की थी, बहन जी जब जब भी जनपद में आई हर बार नई नई सौगातो से जिले को नवाजने का काम किया है।

तहसील से लेकर कमिश्नरी ओर पी जी आई से लेकर विद्यालय तक यहाँ तक चौबीसो चौबीसो घण्टे बिजली की आपूर्ति देने का काम किया है। सुशील जायसवाल ने कहा कि भाई चारा बनाकर 2027 में बसपा की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस मौके अंकुश सैनी व सुशील बौद्ध कार्यक्रम के आयोजको ने महात्मा ज्योतिबा फूले जी महाराज की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया।

इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य के आर बाटला, गुलाब सिंह सन्त ज्ञानेश्वर दास, हरपाल, राजेन्द्र सिंह, अंकुश सैनी, चन्द्र सैन, डॉ कुमार मोदी, कुलदीप सिंह, सागर कुमार आदि मौजूद रहे।

# शांति समिति की बैठक में पहुंचे चंद लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** ईद उल अजहा जैसे महत्त्वपूर्ण त्यौहार को लेकर कोतवाली परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में चंद लोग ही पहुँचे जिससे बैठक का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया।सभी स्थानीय मीडिया कर्मियों का बैठक में न होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

गौरतलब है कि विगत दिवस ईद उल अजहा जैसे महत्त्वपूर्ण त्यौहार को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया था।

बैठक का उद्देश्य क्षेत्र के गणमान्य लोगों व मीडिया के माध्यम से क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को शासन की गाइडलाइन के बारे में बताना होता है और त्यौहार पर बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया जाता है ताकि किसी प्रकार की कोई विकट स्थिति न बन सके। लेकिन बैठक में गिनती के ही लोग पहुँच पाए जिससे बैठक का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाया।

हालाँकि कोतवाली प्रभारी नये हैं जिन्हें यहाँ की भौगोलिक स्थिति एवं गणमान्य लोगों के बारे में जानक. ारी नहीं होगी लेकिन पुराने स्टाफ को तो सब पता है।

सूत्र बताते हैं कि बैठक के लिए रखी गई काफी कुर्सियां खाली ही रही। वहीं सभी स्थानीय मीडिया कर्मियों का बैठक में न होना भी क्षेत्र में चर्चा का एक बडा विषय बना हुआ है।

# अभय राणा के नेतृत्व में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** आपरेशन सिंदूर की सफलता एवं भारतीय सेना के सम्मान में क्षेत्र मे विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा मे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल रहे।

बुधवार को तहसील बेहट के गंदेवड चौराहे से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय राणा के नेतृत्व किया गया। तिरंगा यात्रा मे लोग हाथों मे तिरंगा लिए अपार जन समूह देखने को मिला यात्रा भारत माता की जय,जय हिंद की सेना के नारों के साथ आगे बढ रहे थे। कांसेपुर-बहरामपुर में स्थित शहीद बिन्दरपाल सिंह स्मारक पर भारत माता एवं शहीद बिंदरपाल की प्रतिमा पर उपस्थित नेताओं के द्वारा पुष्प अर्पित कर विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। सैनिकों के सम्मान मे आयोजित शौर्य तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के औद्योगिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की आन-बान और शान तिरंगें का सम्मान को सुरक्षित रखना है। इस दौरान पूर्व विधायक नरेश सैनी, पूर्व विधायक



संजय गर्ग, राणा, जिला पंचायत सदस्य रामू चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्यसाहब सिंह पुंडीर, डीसीडीएफ के चेयरमैन सोनेन्द्र राणा, वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा,भाजपा के बबलू कुमार,, प्रधान प्रदीप गुप्ता लतीफपुर भूड़ राज. ेश, चौधरी अमित कुमार, नितिन कुमार, हुसैन पंवार, बिट्टू बटार,हसीन राणा विकास सैनी,सतीश सैनी व श्याम सुंदर सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार दूधिया की मौत

**नागल।** थाना क्षेत्र के सीडकी-लाखनौर मार्ग पर कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक दूधिये की मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव बोहडुपुर निवासी रहीस 25 पुत्र शराफत बुधवार सवेरे करीब नौ बजे अपनी बाइक पर दूध लेकर सहारनपुर की तरफ जा रहा था।जैसे ही वह सीडकी कोटा चौराहे के निकट पंहुचा तो सामने से आ रही एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पंहुची पुलिस ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भिजवाया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया लेकिन बीच रास्ते मे ही उसने दम तोड दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया ।

# पांच माह की बच्ची की निर्मम हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** कुतुबपुर कुसानी गांव में पांच माह की मासुम बच्ची की निर्मम हत्या होने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुचीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मौके पर आलाधिकारी भी पहुँचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को गांव कुसानी में पांच माह की बच्ची इशिका का गला कटा शव मिलने से सनसनी फैला गई बच्ची के परिजन जब सुबह सो कर उठे तो उन्हें बच्ची का शव खून में लथपथ चारपाई पर पड़ा मिला तो उनके होश उड़ गए। परिजन बच्ची को आनन फानन में अस्पताल लेकर गए जहाँ डाक्टरों द्वारा उसे मर्त घोषित कर दिया ।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची गागलहेड़ी पुलिस ने घटना के बारे में आलाधिकारियो को अवगत कराया जिसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रो. हित सजवाण, एसपीसिटी व्योम बिंदल और एएसपी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और गहनता से जाँच की है और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है, वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि मामले की गहनता से जाँच की जा रही है और तथ्य सामने आयगे उसके आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# शादी का झांसा देकर युवती से करता रहा दुष्कर्म, वीडियो भी बनाई

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में एक युवती ने युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक रेप करने का आरोप लगाया है। यही नहीं आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा।पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

चरथावल थाना क्षेत्र की पीड़िता द्वारा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी युवक रितिक पुत्र तरविंदर ननोता जिला सहारनपुर का रहने वाला है उससे प्यार का नाटक कर रहा था और उसे शादी का झांसा देकर कई महीनों से उसका यौन शोषण करता रहा।

युवक ने युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर कई बार उसके साथ संबंध बनाए। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में जब लड़की ने युवक पर शादी करने का दबाव बनाया तो वह साफ मुकर गया। तो अब रितिक युवती की वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। ब्लैकमेल कर रहा था इस डर के चलते युवकी काफी दिनों तक चुप रही, लेकिन जब स्थिति हद से बाहर हो गई, तो उसने आखिरकार अपने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए चरथावल थाने में जाकर शिकायत दर्ज कर कराई है ष्पीड़िता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए IPC की धारा BNS (दुष्कर्म), 69 धमकी, आईटी एक्ट 2023 351 तहत भी केस दर्ज किया गया है।चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जयकिशोर ने आरोपी युवक रितिक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। षफिलहाल आरोपी जेल में है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर नसीरपुर के ग्रामीणों ने डीएम उमेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि 1995 में नसीरपुर को रियावली नगला ग्राम पंचायत से जोड़ दिया गया था। जिससे रियावली नगला में अधिक आबादी होने के कारण उसी गांव से प्रधान बनता है, जिस कारण नसीरपुर गांव में विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। वर्तमान में गांव की आबादी 1000 से अधिक होने के कारण नियामानुसार ग्राम पंचायत का दर्जा मिलना है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए नसीरपुर को रियावली नगला से पृथक कर अलग ग्राम पंचायत घोषित किए जाने की मांग की है।इस दौरान एहतशाम सिददीकी एडवोकेट आदि रहे।

# लेखपाल पर विपक्षियों को संरक्षण देने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक ग्रामीण ने लेखपाल पर विपक्षियों को संरक्षण देने का आरोप लगाकर एसडीएम से कार्यवाही की मांग की है। इस्तेखार पुत्र इसहाक निवासी ग्राम पलडा ने एसडीएम को बताया कि उसने वर्ष 1998 में अपने सगे भाई से पुश्तैनी मकान क्रय किया था व कुछ समय तक उसमें निवास किया। तत्पश्चात वर्ष 2002 में अपने परिवार समेत ग्राम पलडा छोड़कर मुजफ्फरनगर रहने लगा। जरुरत पड़ने पर जब उसने अपने उक्त पुश्तैनी मकान का उपयोग करना चाहा तो पता लगा कि गांव के सईद अख्तर व असलम ने उक्त मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। जब उसने उन्हें समझाने का प्रयास किया और मकान खाली करने को कहा तो उन्होंने धमकी भरे लहजे में इंकार कर दिया और कहा जो करना है कर ले हम ए मकान नहीं छोड़ेंगे और न ही कोई कीमत देंगे। हम इसे खरीद चुके हैं। उसने बीती 30 अप्रैल को इस संबंध में एक शिकायती पत्र अधिकारियों को दिया लेकिन तत्कालीन लेखपाल द्वारा न ही उससे कोई संपर्क किया गया न ही कोई निष्पक्ष जांच की गई बल्कि एक तरफा विपक्षियों की बात को आधार बनाकर रिपोर्ट तैयार कर दी। बीते 22 मई को जब वो लेखपाल से मिला तो उन्होंने उससे जांच के विषय में कोई बात नहीं की।

इसके विपरीत लेखपाल ने उसे अंधेरे में रखकर धोखे से उसका एक फोटो खींच लिया जिसमें उसके व लेखपाल के बीच लगभग कई मीटर की दूरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उक्त फोटो को बाद में ए दिखाने के लिए प्रयोग किया गया मानो लेखपाल ने उससे पूरी बात की हो जो कि सरासर भ्रामक है। इससे ए स्पष्ट होता है कि लेखपाल ने विपक्षियों से मिलीभगत कर उसके साथ अन्याय किया और सरकारी प्रक्रिया की मर्यादाओं का उल्लंघन किया। वह एक शांत स्वभाव का व्यक्ति है झगड़े से बचना चाहता है लेकिन लेखपाल द्वारा की गई इस पक्षपातपूर्ण कार्यवाही से वह आहत है। उसे आशंका है कि विपक्षी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं। पीडित ने मांग की है कि लेखपाल द्वारा की गई एकतरफा रिपोर्ट की निष्पक्ष जांच कराई जाए। मौके पर संबंधित अधिकारी को भेजकर स्थल का पुनः निरीक्षण कराया जाए। विपक्षियों से उक्त मकान को कब्जा मुक्त कराया जाए और उन्हें दंडित किया जाए। पक्षपातपूर्ण व भ्रामक रिपोटिंग करने वाले लेखपाल के विरुद्ध विभागीय जांच कर उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# राजस्व निरीक्षक पर रिश्वत मांगने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक किसान ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में राजस्व निरीक्षक पर दस हजार रूपए रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। हरिशंकर पुत्र काशीराम निवासी ग्राम कुरावा ने बताया कि उसका एक वाद ओमबीर बनाम हरिशंकर एसडीएम बुढाना के यहां पर विच. ाराधीन है। माननीय न्यायालय द्वारा बीते कल उक्त वाद मे स्थलीय जांच की रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक सिसौली व हल्का लेखपाल से मंगाई गई थी। मौके पर पैमाईश राजस्व निरीक्षक द्वारा विपक्षी से 50 हजार रूपए लेकर गलत तरीके से जांच की गई। जिस जगह माननीय न्यायालय द्वारा कुर्रे लगाए गए थे उस जगह कब्जा न कराकर विपक्षी का हमारी जमीन मे कब्जा करा दिया गया ओर जो हमने कहा कि यह गलत है तो हमसे राजस्व निरीक्षक ने 1 लाख रूपये की मांग की ओर राजस्व निरीक्षक ने विपक्षी का खडी फसल पर कब्जा कराकर ट्रैक्टर से फसल को नष्ट करा दिया। विपक्षी नें चकरोड व तालाब पर कब्जा किया हुआ है तथा उसका रास्ता भी बन्द कर दिया गया है। बिना रास्ते के वह अपने खेत मे कैसे जा सकता है। वह बहुत दुखी है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से चकरोड व तालाब से कब्जा हटवाकर निशान देही कराने की मांग की है।

# कृषकों ने बरकातपुर मिल का दौरा किया

**बुढ़ाना।** उप गन्ना आयुक्त सहारनपुर एवं जिला गन्ना अधिकारी मुजफ्फरनगर के निर्देश अनुसार आज बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली रोड पर स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड से प्रगतिशील कृषकों का एक दल जनपद बिजनौर के बरकातपुर गांव में स्थित शुगर मिल परिक्षेत्र में प्रशिक्षण एक्सपोजर विजिट करने के लिए पहुंचा। जिसमें भसाना चीनी मिल के कृषकों के द्वारा नवीनतम तकनीक एवं रोग कीट प्रबंधन के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल की गई और साथ ही गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। इस दल में युवा प्रगतिशील गन्ना किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा ने बताया कि कृषि फार्म में घूमकर अच्छा लगा। ट्रेंच का



गन्ना बढिया है और फसल भी अच्छी खडी है। मेरा सुझाव है कि अगर आप ट्रैंच के गन्ने के साथ सहफसली की खेती भी शुरू करा दें तो इससे आमदनी के साथ साथ फसल उत्पादन में भी वृद्धि होगी और मिट्टी की ताकत में भी वृद्धि होगी क्योंकि उसकी जड़ों से हमें नाइट्रोजन भी मिलती है।

## एक नजर

### नगर पंचायत चरथावल की बोर्ड बैठक का आयोजन

**चरथावल।** बुधवार को नगर पंचायत चरथावल की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बस स्टैंड बनाए जाने के लिए भूमि चयन करने तथा मृत पशुओं को दफनाने के लिए भूमि क्रय किया जाने सहित विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।इस दौरान समस्त सभासद उपस्थित रहे। बुधवार दोपहर नगर पंचायत चरथावल में अध्यक्ष मास्टर इस्लामुद्दीन की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान सभी सभासदों द्वारा विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति के लिए नल रिबोर कराने,विभिन्न सड़के बनाए जाने सहित नगर पंचायत चरथावल में बस स्टैंड बनाए जाने के लिए भूमि चयन और मृत पशुओं को दफनाने के लिए भूमि क्रय किए जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया गया।इस दौरान सभासदो ने बस स्टैंड बनाने के लिए नहर पुल के नीचे स्थित जमीन का सुझाव दिया।बैठक में सर्वसम्मति से 15 वे वित्त के टेंडरों पर विचार किया गया।इस दौरान नगर पंचायत चरथावल की अधिशासी अधिकारी नीलम पांडे अनुपस्थित बोर्ड बैठक में चर्चा का विषय बनी रही।इस मौके पर अध्यक्ष मास्टर इस्लामुद्दीन,वरिष्ठ बाबू महेश कुमार,रूबी,डोली अभिनव,गुलफाम उर्फ काला, इशरत त्यागी,फरहा अंसारी,बिल्लू त्यागी,सुभाष बाबू आदि मौजूद रहे।

### गांव को ग्राम पंचायत बनाने की मांग



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव नसीरपुर को ग्राम पंचायत बनाने की मांग डीएम से की गई है। डीएम को भेजी शिकायत में अधिवक्ता उत्थान समिति के अध्यक्ष एडवोकेट एहतशाम सिद्दीकी ने बताया कि बुढ़ाना ब्लाक का गांव नसीरपुर 1995 से पूर्व अपना पृथक रूप से प्रधान चुनता था मगर 1995 में ग्राम नसीरपुर ग्राम रियावली नंगला से जोड दिया गया और अब भी ग्राम रियावली नंगला से जुडा है। ग्रामीण नसीरपुर गांव रियावली नंगला गांव से जुडने के बाद अपना प्रधान नहीं चुन पाते। रियावली नंगला अपनी अधिक वोट होने के कारण अपना प्रधान चुन लेते हैं। इस कारण से गांव में विकास कार्य ना के बराबर ही हो पाता है जबकि ग्राम नसीरपुर अपने आप में राजस्व ग्राम है। इस ग्राम को पृथक करने के लिए 1000 जनसंख्या की जरुरत है। वर्ष 2011 की जनगणना में गांव नसीरपुर की जनसख्या 988 थी मगर 14 वर्ष बीतने पर भी सरकार की .ष्टि में 12 व्यक्ति नसीरपुर में नहीं बढ़ पाए। जिसका परिणाम ग्राम नसीरपुर का ग्राम रियावली नंगला से जुड़े रहना है। ग्राम नसीरपुर ग्राम रियावली नंगला से जुडने के कारण वहां के लोगों की राजनिति भी करीब समाप्त हो रही है। इसलिए सब बिन्दुओं को .ष्टिगत रखते हुए ग्राम नसीरपुर को ग्राम रियावली नंगला से अलग करते हुए पूर्व की भांति पृथक ग्राम पंचायत घोषित किया जाए। मांग करने वालों में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डाक्टर सुभाष चौहान, अशोक, दयानंद, विजयपाल, सुरेश, सचिन, नरेंद्र शर्मा, बबलू, अमित, चंद्र कोरी, मैनपाल, सुखपाल, देवेंद्र, कर्ण, डाक्टर सुभाष चंद्र हैं।

### सुशील मूंछ का बेटा मनजीत जमानत तुड़वा कर गया जेल

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर में रीयल स्टेट कंपनी के मैनेजर से दो करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में एक लाख के इनामी सरगना सुशील मूंछ का बेटा मनजीत उर्फ टोनी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में जमानत तुड़वा कर कोर्ट में हाजिर हो गया। अब पुलिस को सुशील मूंछ की तलाश है। मंसूरपुर थाने में रीयल स्टेट कंपनी के मैनेजर मनीष ने 28 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया था कि उन्हें सुशील मूंछ के बेटे मोनी ने फोन कर धमकाया था। उनसे इस क्षेत्र में कारोबार करने के नाम पर दो करोड़ की रंगदारी मांगी थी। रूपए न देने पर उनके बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी। इस मुकदमे में सुशील मूंछ व उसके दो बेटों मनजीत उर्फ टोनी तथा मोनी उर्फ अभयजीत को नामजद कराया था। मोनी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। मनजीत के खिलाफ खतौली थाने में 2019 में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में वह आज जमानत तुडवा कर जेल चला गया है। खतौली थाना प्रभारी ब्रज. ेश कुमार ने यह जानकारी दी।

### आयोग की सदस्या ने की महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई

**मुजफ्फरनगर।** उप्र राज्य महिला आयोग सदस्या सपना कश्यप सोमवार को तहसील सदर सभागार में महिलाओं की समस्याएं सुनीं और पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से महिला उत्पीड़न से संबंधी शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला आयोग की सदस्य के समक्ष 25 प्रार्थना पत्र धशिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें संबंधित अधिका. रियों को उक्त प्रकरणों को समयान्तर्गत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । समीक्षा बैठक में एसडीएम सदर निकिता शर्मा, डिप्टी कलेक्टर अपूर्वा यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार, सीएमएस डा। आभा आत्रेय, एसीएमओ डा। दिव्या, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति सरन वास्तव, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दीक्षा उपाध्याय, बीएसए संदीप कुमार, तहस. ीलदार राधेश्याम गौड, सहायक जिला सूचना अधिकारी नरसिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विद्यांचल शुक्ल, डिप्टी जेलर दीपक सिंह, सीओ मंडी रूपाली रॉय चौधरी, महिला थाना प्रभारी संगीता चौधरी, बाल कल्याण समिति सदस्य डा। राजीव कुमार, एसआई ज्योति, वन स्टॉप सेंटर से पूजा नरूला आदि उपस्थित रहे।

# धनवंत हत्याकांड का पुलिस ने किया राजफाश

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी थानाक्षेत्र के खाईखेडी गांव के धनवंत हत्याकांड का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। हत्या प्रेम प्रसंग के चलते धनवंत के भाई की साली ने अपने पति समेत चाल लोगों के साथ मिलकर की थी। पुलिस दंपती समेत तीन को गिरफ्तार किया है, जबकि ससुर फरार है। उधर, किसान महकार की हत्या में फरार चल रहे दिल्ली पुलि के सिपाही को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन स्थित यातायात सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया, पुरकाजी थानाक्षेत्र के खाईखेड़ी गांव निवासी ललित उर्फ बादशाह ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसका 32 वर्षीय धनवंत लापता है। 26 मई को पुलिस ने चरथावाल थानाक्षेत्र के कुटेसरा नहर के पास से प्लास्टिक के कट्टे में एक शव बरामद किया था, जिसकी पहचान धनवंत के रूप में स्वजन ने की थी। ललित ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी ने बताया, धनवंत हत्याकांड के राजफाश के लिए पुरकाजी थाना प्रभारी जयवीर सिंह को लगाया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला था कि धनवंत के अपने भाई ललित की साली सुषमा से प्रेम प्रसंग थे और शादी होने के बाद भी धनवंत उससे परेशान कर रहा था।

यह बात सुषमा ने पति रविंद्र निवासी अम्बहेटा शेख थाना देवबंद जिला सहारनपुर को बात बताई थी। साजिश के तहत 23 मई को सुषमा ने धनवंत को मोबाइल कर अम्बहेटा शेख गांव बुलाया और यहां धनवंत की हत्या करने के बाद शव को प्लास्टिक के कट्टे में भर कर बाइक से कुटेसरा नहर में फेंक दिया था। एक सूचना के आधार पर पुरकाजी थाना पुलिस ने रविंद्र, उसकी पत्नी सुषमा व अंशुल निवासीगण अम्बहेटा शेख को रोहाना से छपार जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल हथोड़ा, घटना में प्रयुक्त बाइक के अलावा धनवंत की बाइक भी आरोपितों के घर से बरामद की है। अंशुल रविंद्र का भतीजा है, जबकि फरार नंदकिशोर सुषमा का सुसर है, जो फरार है एसएसपी ने बताया, मीरापुर थानाक्षेत्र के भुम्मा गांव में किसान महकार की हत्या में फरार चल रहा दिल्ली पुलिस के सिपाही शौकेंद्र को भी गिरफ्तार कर उससे घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया है। उन्होंने बताया भुम्मा गांव के एक ही खानदान के महकार पुत्र किरण सिंह व सतपाल पुत्र तिरखा पक्ष में मेड़ के विवाद को लेकर काफी समय से तनातनी चल रही थी। इसी विवाद में रविवार देर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। छुट्टी पर आए दिल्ली पुलिस के सिपाही शौकेंद्र पुत्र सतपाल ने महकार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। महकार के बेटे बलराम ने सतपाल व संतर पुत्रगण तिरखा, शोकेंद्र व योगेंद्र पुत्रगण सतपाल, सुनील पुत्र संतर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। संतर व सुनील जेल जा चुके है। बताया, मीरापुर थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने फरार चल रहे दिल्ली पुलिस के सिपाही शौकेंद्र को भुम्मा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद कर लिया। इसकी सूचना दिल्ली पुलिस को दे दी गई है। चारों आरोपितों को जेल भेज दिया।

# होटल में चल रही ओपीडी, जांच टीम के सामने चिकित्सक फरार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के होटल में चल रही ओपीडी की शिकायत पर जांच करने पहुंचे चिकित्सा अधिकारियों को चकमा देकर चिकित्सक फरार हो गया। मरीजों के साथ धोखाधड़ी कर झूठ बोलकर मरीजों को ब्रेस उपकरण बेचने वाले चिकित्सक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में स्वास्थ्य विभाग अधिकारी की तरफ से तहरीर दी गई है। 26 मई 2025 को दैनिक समाचार पत्र में एक विज्ञापन जारी हुआ था, जिसमें डा। बराक नाम के चिकित्सक ने मुजफ्फरनगर के मरीजों को बताया कि वह 27 से 29 मई 2025 तक रेलवे रोड स्थित होटल वैलेनलाइन में लगी ओपीडी में पहुंचकर घुटनों के दर्द से बिना आपरेशन राहत देंगे। इसमें ओपीडी की फीस और घुटने के इलाज की फीस लिखी गई। इसके अलावा अपना प्रचार किया गया। बुधवार को ओपीडी में मरीजों के साथ धोखाधड़ी की शिकायत स्थानीय लोगों ने बुधवार को सीएमओ से की, जिसके बाद सीएमओ डा। सुनील कुमार तेवतिया ने एसीएमओ डा। विपिन कुमार और डा। विक्रांत को जांच के लिए भेजा। जांच के दौरान चिकित्सक डा। तरुण बराक नामक व्यक्ति उन्हें होटल के कमरे में मिला, लेकिन उसके पास कोई डिग्री अधिक. ारियों को नहीं मिली। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने बताया कि खुद कोचिकित्सक बताने वाले व्यक्ति के पास घुटनों पर बांधने वाले ब्रेस मिले और कुछ रसीद बुक मिली है। जांच में चिकित्सक होने की संतुष्टी नहीं होने पर चिकित्सा अधिकारियों ने सिविल लाइन थाने में कथित चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी।

### छूटी सड़क के नवीनीकरण हेतू चेयरपर्सन ने पीडब्ल्यूडी को लिखी चिट्ठी



**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी ने लोक निर्माण विभाग को एक चिठी लिखी है। दरअसल चन्धेडी रोड का एक हिस्सा लोक निर्माण विभाग ने बिना बनाए नवीनीकरण के बिना ही छोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने इस बाबत चेयरपर्सन उमा त्यागी को अवगत कराया था। चेयरपर्सन के पति और प्रतिनिधि सुबोध त्यागी ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संजीव शर्मा को इस आशय का पत्र दिया है। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र मे लिखा है कि कस्बा बुढाना से चन्धेडी मार्ग का नवीनीकरण कार्य आपके खण्ड द्वारा सम्पन्न कराया गया है। जिसमें लगभग 80 मीटर लम्बाई में सडक विना नवीनकरण के छोड दी गई है। छोडी गई सडक का नवीनीकरण भी कराया जाना जनहित में आवश्यक है। उक्त सडक का निर्माण लगभग 05 वर्ष पूर्व आपके खण्ड द्वारा कराया गया था जो लोक निर्माण विभाग के अधीन ही आता है। इसलिए छूटे भाग में जनहित में नवीनीकरण का कार्य कराने का कष्ट करें। वहीं नगर पंचायत चेयरपर्सन उमा त्यागी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को छूटी सड़क का नवीनीकरण के लिए पत्र लिखा है। उम्मीद है जल्द ही सड़क का नवीनीकरण हो जाएगा।

# मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पकड़े तीन बदमाश

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली व शाहरपुर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। तीनों के पैर में गोली लगी है। तीनों को इलाज कराने के बाद जेल भेज दिया।

पुलिस लाइन स्थित यातायात सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया, मंगलवार रात बदमाशों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया था। इसी दौरान नगर कोतवाल उमेस रोरिया को सूचना मिली थी कि 26 मई को रोहाना कस्बे में दुकान में चोरी करने वाले दो बदमाश सादपुर रजवाहे के पास एक टड्यूबवेल को चोरी के माल के साथ बैठे हुए है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां दबिश दी तो बदमाश पुलिस को देखकर फायररिंग करते हुए जंगल की तरफ भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

दोनों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लेने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। एसएसपी ने दोनों बदमाशों के नाम सुहैल उर्फ टुल्ली निवासी निकट हुसैनिया मदरसा मदीना कालोनी व अलतमस उर्फ चूहा उर्फ टिडडी निवासी मदीना कालोनी थाना सिविल लाइंस बताया है। दोनों से पुलिस ने परचून की दुकान से चोरी किए गए 36 हजार 190 रूपए और खालापार से चोरी किए गए चालीस हजार व एक किलो साठ ग्राम चांदी बरामद की है। साथ ही दो तमंचे भी बदमाशों के पास से मिले हैं। उन्होंने बताया, दोनों बदमाशों पर छह-छह मुकदमे दर्ज है।

एसएसपी ने बताया, मंगलवार रात शाहपुर थाना प्रभारी जय सिंह भाटी, दरोगा विकास कुमार, दरोगा सेंसरपाल, हेड कांस्टेबल प्रेम चंद शर्मा, हेड कांस्टेबल शिवम यादव, ललित पायल के साथ मंधेड़ा गांव के जंगल में रजवाहे के पास चेकिंग कर रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने एक बाइक सवार को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर उसने बाइक दौड़ ली थी। पुलिस ने पीछा किया तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बाइक सवार बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। उन्होंने घायल बदमाश का नाम सलीम निवासी हर्रा खिवाई थाना सरूरपुर जिला मेरठ बताया है, जो गो-हत्यारा है। आरोपित के खिलाफ मेरठ, बागपत व मुजफ्फरनगर के अलग अलग थानों में 15 मुकदमे दर्ज हैं।

दो साल से वह गो-हत्या के मुकदमे में बागपत जिले से वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपित से बिना नंबर की बाइक व तमंचा बरामद किया।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण। बैरकों, रसोईघर, सुरक्षा उपकरणों आदि को किया चेक, बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की ली जानकारी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।

इसके दौरान अधिकारीगण ने पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती




रजिस्टर का अवलोकन किया और सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया । इसके उपरान्त कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए। अधिकारीगण द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सभी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कडी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रति. बंधित सामग्री ना जाने पाए, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम एसएसपी ने जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को डयूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# क्रोध, मान, मायाचारी एवं लोभ ये चार कषाय ऐसे अपराध है: महाराज

**खतौली।** जैन संस्कृति एवम नैतिक संस्कार के पंचम दिन चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर पीसनोपाडा खतौली में अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन खतौली व संयुक्त तत्वावधान उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार के सान्निध्य में आयोजितशिविर में बुधवार को सभी बच्चों को पूजन में पढ़े जाने वाले मंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया इन्हीं अर्थों के भावपूर्वक पूजा करने से पूजा का फल प्राप्त होता है इसके बाद बाल कक्षा टीकम गढ़ मध्य प्रदेश के आशीष शास्त्री व इंदौर से पधारे सुमित शास्त्री और विदेह जैन ने ली। बच्चों में संस्कार वृद्धि हेतु बताया गया कि क्रोध, मान, मायाचारी एवं लोभ ये चार कषाय ऐसे अपराध है जिसके कारण जीव को चौरासी लाख योनियों के चक्कर लगाने पड़ते हैं ।उसके बाद हैदराबाद से पधारे डॉ पुनीत जैन का प्रवचन हुआ उन्होने दौलतराम जी द्वारा रचित छहढाला ग्रंथ की छटवीं ढाल का आशय समझाया कि हमे यह मनुष्य भव अपना कल्याण करने के लिए मिला है हमे अपने सच्चे स्वरूप की पहचान करने का उद्यम करना चाहिए और अतिशय रुचि उत्पन्न करनी चाहिए तभी उपयोग की निश्चल दशा प्रगट होगी।दोपहर में मेरी भावना नामक स्तुति पर प्रवचन करते हुए आशीष शास्त्री ने बताया अपने हृदय में घमंड, क्रोध और ईर्ष्या जैसे दुर्भावों को नहीं रखना चाहिये दूसरों का उपकार करते हुए सरल व्यवहार करने, दीन-दुखियों के प्रति करुणा रखते हुए प्राणी-जगत से मैत्री-भाव रखने, अनुकूल या प्रतिकूल व्यवहार के बावजूद सबके प्रति समानता के भाव रखना चाहिए शाम को प्रवचन के बाद कर्मो का फल नामक नाटिका का सफल मंचन स्वाध्याय मंडल की बहिनों द्वारा किया गया।

**सूचना**

मेरे पुत्र के **जन्म प्रमाण पत्र सं. 3584 दिनांक 01.04.2022** में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **रियांश कुमार** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। पुत्र की जन्मतिथि **20.03.2022** है। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**अमित कुमार**
निवासी अवध विहार न्यू मण्डी
मुजफ्फरनगर।
मोबाइल- 8006144856.

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिम संचालक को गोली मारी, घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** जिम में एक्सरसाइज करने आए दो युवकों ने जिम संचालक को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने घायल जिम संचालक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

तितावी थाना क्षेत्र के गांव तितावी निवासी नितिश पुत्र राजीव ने तितावी बाइपास पुल के निकट फिटनेस नाम से जिम खोल रखा है। इसी जिम में पारस पुत्र आदेश व विशाल पुत्र धनपाल निवासीगण बुढ़ीनाकला भी वर्क आउट करने के लिए आते थे। बुधवार शाम लगभग पांच बजे पारस व विशाल की जिम संचालक नितिश से कहा सुनी हो गई। इसी दौरान विशाल ने गोली चला दी। गोली नितिश के हाथ में जा लगी और वह गभीर रूप से घायल हो गया। गोली चलने से जिम में एक्साइज कर रहे युवकों में हड़कंप मच गया और गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जिम में पहुंचे और घायल नितिश को अस्पताल में भर्ती कराया। गोली चलाने के बाद विशाल व उसका साथ पारस मौके से फरार हो गए। जिम में गोली चलने की सूचना पाकर तितावी के दर्जनों लोग भी मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर तितावी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

# खतौली नवीन सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध

■ अर्धनग्न होकर जताया रोष

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नवीन सब्जी मंडी में प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के विरोध में बुधवार को सब्जी व्यापारियों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन की कार्रवाई के चलते उनकी रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है।

सोमवार को एसडीएम संजय सिंह, मंडी सचिव और नगरपालिका ईओ राजीव कुमार की अगुवाई में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसमें व्यापारियों की दुकानों के छप्पर तोडघ दिए गए थे। व्यापारियों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में बिना छांव के खुले आसमान के नीचे बैठकर सब्जी बेचना मजबूरी बन गई है। न केवल व्यापारियों को परेशानी हो रही है, बल्कि तेज धूप में सब्जियां भी जल्दी खराब हो रही हैं, जिससे



उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। व्यापारियों ने यह भी बताया कि आगामी गुरुवार को प्रशासन फिर से अतिक्रमण हटाने की तैयारी में है, जिसका वे कडघ विरोध करेंगे। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि मंडी में अवैध रूप से बढघे अतिक्रमण को हटाना जरूरी है ताकि आवागमन सुचारू रह सके और जनता को दिक्कत न हो। वहीं, व्यापारियों ने मांग की है कि उन्हें पुनः व्यवस्थित तरीके से दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए या फिर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। अर्धनग्न प्रदर्शन करने वालो में राधे प्रणामी, गोविंद भूटानी, हाजी नोमान, युवराज शर्मा, अनिल ठाकुर, फुरकान खान, आदि मौजूद रहे।

## गोकशी के आरोपी मुठभेड़ के बाद पकड़े

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर पुलिस व गौकशी के आरोपियो के बीच हुई मुठभेड में एक बदमाश घायल होना बताया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, एक कारतूस, व एक बाईक बरामद होना बताया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन, थाना शाहपुर पुलिस व बदमाशों के बीच शाहपुर मन्धेडा मार्ग पर मुठभेड़ हुई। इस समय पुलिस चैकिंग कर रही थी, जब बदमाशों को रूकने का इशारा किया तो बदमाशो ने गोली चलाई, और जवाबी फायरिंग की गई जिसमे बदमाश के साईकिल वायें पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। पुलिस ने घायल हुए बदमाश को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, जहां पूछताछ में अपना नाम उसने सलीम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम हर्रा खिबई थाना सरूरपुर जनपद मेरठ बताया।

# हत्या में वांछित दिल्ली पुलिस का हैड कांस्टेबिल गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीरापुर पुलिस ने हत्या में वांछित चल रहे दिल्ली पुलिस के हैड कॉन्सटेबल को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद करने का दावा किया है।

लिखापढी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक 'मेरठ जोन मेरठ' एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक 'सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर' के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में मीरापुर पुलिस ने हत्या में वांछित चल रहे आरोपी कों भुम्मा नहर पटरी के जाने वाले रास्ते से रात्री के समय गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों का कहरना है कि गिरफ्तारी के दौरान पकड़े गए आरोपी दिल्ली पुलिस के हैडकांस्टेबिल से हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि 25 मई को एक ही परिवार के दो पक्षों में जीमनी विवाद हुआ था। जिसमें मध्य रात्रि गाली-गलौच, मारपीट व फायरिंग की घटना हुई थी। जिसमें महकार पुत्र करन सिंह उम्र करीब 65 वर्ष की गोली लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 103/25 धारा 191 (2/91(3)/ 190/ 103(1)/ 109(1)/115(2) 333/3(5) बीएनएस मे तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जनपद के पुलिस मुखिया ने यह भी जानकारी दी उनके द्वारा 26 मई को घटित की गई टीम ने हत्यारोपी सन्तरपाल पुत्र तिरखा व सुनील पुत्र सन्तरपाल निवासीगण ग्राम भुम्मा थाना मीरापुर, को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा, खोखा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

# डीएम व एसएसपी की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू

**मुजफ्फरनगर।** आगामी कांवड यात्रा को जनपद में सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की अव्यवस्था/असुविधा का सामना न करना पडे इसके दृष्टिगत आज जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभा गार कक्ष में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कांवड यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए गोष्ठी की गई। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार,पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, पुलिस अधीक्षक अपराध मति इन्दु सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर राजू कुमार साव सहित पुलिस व प्रशासनिक विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

साथ ही प्रत्येक थानाक्षेत्र में नियमित पीस कमेटी मीटिंग करने, असामाजिकध्सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने वालों को चिन्हित करने, यदि दुर्घटना घटित होती है तो पुलिस रिस्पांस टाइम को कम से कम करने,अग्निशमन विभाग को अपने सभी उपकरणों को दुरुस्त रखने, डीजे संचालकों से समय-समय पर मीटिंग कर नियमों के अनुरुप व निर्धारित डेसिबल में ही डीजे का प्रयोग करने, राजपत्रित अधिकारियों को कांवड रुटों पर नियमित भ्रमणधनिरीक्षण कर प्रगति शील कार्यों की समीक्षा करने, शिविर संचालकों से वार्ता कर शिविरों को मानकों के अनुरुप रखने, लम्बित कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित विभागों से सम्पर्क कर उन्हे पूर्ण कराना सुनिश्चित करने, जलभराव की स्थिति होने पर तत्काल सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से सम्नवय स्थापित कर रास्तों को दुरुस्त कराने, ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर नियमित गश्त करने, संवेदशनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों से निगरानी करने, सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने, अराजकता/सामप्रदायिक सौहार्द बिगाडने वालों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से सभी अधिनस्थ अधिकारियों को अवगत कराया गया।

# शुकतीर्थ मे अतिक्रमण के खिलाफ शुरू हुई कार्रवाई, मचा हड़कंप

**मोरना।** शुकतीर्थ मे प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।बुधावार को एसडीएम जानसठ के नेतृत्व में तहसील अधिकारियों की टीम ने भोपा पुलिस के 2सहयोग से घाट पर किये जा रहे।

अतिक्रमण को हटवाया तथा घाट पर पडा मलबा आदि हटवाया। वहीं प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने से अतिक्रमण करने वालों में हडकंप मच गया है। भोपा थाना क्षे़त्र के शुकतीर्थ मे एसडीएम जानसठ जयेंन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाये गए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान से हड़कंप मच गया है। कल्याणी घाट हटाने का कार्य आरम्भ किया जहां भवन निर्माण के लिए बनाई जा रही नींव को जे सी बी मशीन द्वारा हटाया गया। कानून गो सुनील शर्मा ने जानकारी देकर बताया कि उच्चाधिकारियो के निर्देशानुसार शुकतीर्थ में अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। मुख्य मार्गों, मकान, दुकान, गंगा घाट आदि पर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। शुकतीर्थ के कल्याणी घाट से अतिक्रमण हटवाया गया तथा खसरा नंबर 232 मे 0.0720 हेक्टेयर रकबे पर सुरेन्द्र नामक व्यक्ति के कब्जे से मुक्त कराया गया, तथा तहसील की टीम द्वारा अवैधा कब्जे को चिन्हित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह,लेखपाल विकास धानगर, थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, शुकतीर्थ चौकी प्रभारी रणवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# संपादक के बेटे पर जानलेवा हमला

## रतनपुरी थाने में चार युवकों पर मुकदमा दर्ज

■ आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष ने अपने साथियों के साथ मिल कर किया हमला पीड़ित परिवार में आक्रोश

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव में देर रात भूपखेड़ी गांव निवासी एक संपादक के बेटे पर गांव के अधादर्जन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया और तमंचे से सिर पर वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

घायल ने जंगल मे भाग कर अपनी जान बचाई और रतनपुरी थाने पर पहुंच हमलावरो के खिलाफ तहरीर देते हुय कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेने के बाद चार लोगों के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।भूपखेडघी थाना रतनपुरी लौट रहे गौरव पुत्र कबूल सिंह पर मुजाहिदपुर गांव के जंगल के पास आधा दर्जन हथियारबंद युवकों ने हमला कर दिया। बताया गया है कि सभी हमलावर हमलावर गौरव के ही गांव भूपखेडघी के निवासी हैं। हमलावरों ने गौरव को जबरन रोका और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटने के बाद तमंचे से उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गौरव ने किसी तरह जंगल में भाग कर अपनी जान बचाई। घायल गौरव किसी प्रकार रतनपुरी थाना पहुंचा और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने गौरव की तहरीर पर चार युवकों अनुज पुत्र भूपखेडड़ी, अमित पुत्र गिरिया, प्रिंस पुत्र ओमपाल और राजा पुत्र लीलू निवासी भूपखेडघी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हमलावरों में एक युवक अनुज कुमार आजाद समाज पार्टी का जिला अध्यक्ष भी है। यही नही गौरव एक दलित समाज का युवक है और दलित मीडिया तथा नाहरिया बुलेटिन अखबार के संपादक कबूल सिंह का बेटा है। घटना के बाद से पीडित परिवार में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# डिजिटल कौशल व स्मार्ट कक्षा गतिविधियों का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शासनादेश अनुसार खंड शिक्षा अधिकारी मती किरण यादव के अनुपालन में 21 मई 2025 से ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप चल रहा है।

जिसमें आज 28 मई को कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप के प्रथम सप्ताह के अंतर्गत योग व फिटनेस, हमारी सांस्कृतिक विरासत, समाज में मेरा योगदान तथा डिजिटल कौशल और स्मार्ट कक्षा गतिविधियों का समापन किया गया।

स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील



अहमद ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों का समग्र विकास करना है। यह बच्चों को विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक संपर्क और शैक्षिक के अनुभवों के माध्यम से नया ज्ञान और कौशल सीखने का अवसर प्रदान करता है इसके साथ ही यह है बच्चों को आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता विकसित करने में मदद करता है। समर कैंप बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रीष्मकालीन शिविर अथवा समर कैंप 21 मई से 10 जून की स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद और अन्य स्टाफ देख-रेख कर रहे हैं और समर कैंप को अत्यधिक सफल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

## राजकीय इंटर कॉलेज में योगाभ्यास का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल जी के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर,राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पटेल नगर मुजफ्फरनगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक पूनम वर्मा व रवि कुमार के द्वारा 82 एनसीसी बटालियन कैंप राजकीय इंटर कॉलेज सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर में योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया ।डॉक्टर रिम्पल चौधरी के द्वारा छब्ब कैडेटस को संतुलित आहार विहार ,दिनचर्या, ;तुचर्या तथा दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में जानक. ारी दी गई । शिविर के सफल आयोजन में एनसीसी कमांडर प्रवीण भाल जी व कॉलेज के प्रधानाचार्य नितिन पंवार जी का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में कुल लाभार्थी कैडेट्स की संख्या 580 रही।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में बच्चों ने देखी ऑपरेशन सिंदूर की गौरवमयी विजय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एम.जी. पब्लिक स्कूल में आयोजित किये जा रहे सीबीएसई भारतीय भाषा समर कैंप-2025 के अन्तर्गत बुधवार को प्रतिभागी बच्चों ने भारतीय सैन्य के अदम्य साहस और कुछ प्रमुख अभियानों से अवगत कराया गया।

इसमें ऑपरेशन सिंदूर की गौरवमयी विजयगाथा का सफर रोमांचकारी और गर्व की अनुभूति वाला रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति से ओत प्रोत कार्यक्रमों में भारत की समृद्ध और विविध भाषा और सामाजिक परम्पराओं को जाना। एम.जी. पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मती मोनिका गर्ग ने बताया कि सीबीएसई द्वारा भारतीय भाषा समर कैंप-2025 के सहारे बच्चों को देश की विविध संस्कृति, भाषा और सभ्यता का ज्ञान कराने के लिए यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। बुधवार को भारतीय भाषा समर कैंप में बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति से जुड़ी गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इसके साथ ही उनको भारतीय सेना के पराक्रम को समर्पित एक ऐसी प्रेरणादायक यात्रा का दर्शन भी कराया गया, जिसने सभी गौरव की अनुभूति से परिपूर्ण नजर आये। बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भारतीय सैन्य के साहस और सामूहिक गौरव की रोमांचक और गौरवपूर्ण यात्रा कराई गई। इसमें बच्चों को शिक्षिकाओं के द्वारा वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोक नायकों और भारतीय सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथाओं को सुनाया गया तो वहीं कारगिल जंग में अदम्य साहस वाले ऑपरेशन विजय और आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की गर्व गाथा को देखा और समझा। इसके साथ ही बच्चों ने भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान के लिए दिये गये योगदान को अपनी स्टोरियों के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए उनको जीवंत करने का काम किया।

# इन्द्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने समर कैम्प का लिया आनन्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना मे शुकतीर्थ मार्ग स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मे जारी समर कैम्प मे बच्चों ने कृत्रिम स्वीमिग पूल मे जल क्रीड़ा का आनन्द लिया। गया, वहीं बच्चों ने डांस, योग, खेल आदि एक्टिविटी मे भी उत्साह पूर्वक भाग लिया।

दो दिवसीय समर केम्प का शुभारम्भ प्रधानाचार्य संजय सिंह द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि गर्मियों की छुट्टियों को रचनात्मक और आनंददायक बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस समर कैंप में बच्चों के लिए कई मनोरंजक, शैक्षणिक और क्रिएटिव गतिविधियां रखी गई हैं। कैंप बच्चों को न केवल मनोरंजन प्रदान करेगा, बल्कि उनमें टीम वर्क, आत्म-विश्वास और नई चीजें सीखने की प्रेरणा भी देगा। वहीं कक्षा 6 और 7 की लड़कियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। उसके बाद किंडर गार्टन ग्रुप को शकुन्तला और हिमांशी मैडम ने तैराकी के गुर सिखाये। स्विमिंग पूल पार्टी में बच्चों ने आज ब्लू है पानी पानी सोंग पर डांस कर धमाल मचाया। दूसरी ओर डांस ऐक्टिविटी में डांस कोच हनी अन्तल और दीक्षा मैडम ने बच्चों को डांस का प्रशिक्षण दिया। डांस में क्लासिकल और कथक की कलाओं पर विशेष रुप से फोकस किया गया। योगा क्लास में योग प्रशिक्षक रिषभ मलिक ने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए योग ओर प्राणायम की बारीकियों से रूबरु कराया। योग के कुछ आसनो में छात्र अम्बर राठी ने भी बच्चों को गाईड किया। नर्सरी से कक्षा 2 तक के सभी बच्चों ने कार्टून मूवी के माध्यम से आनन्द उठाया। कक्षा 4, 5 व 6 के बच्चों के बीच लूडो गेम खेला गया, जिसमें कक्षा 4 की प्रतीक्षा, कक्षा 5 में काजमा, कक्षा 6 में परमीत व आशिया, कक्षा 7 में मिस्टी, प्रियांशी, वैष्णवी तथा कक्षा 8 में फातमा जैदी, अता जेहरा और सोफिया प्रथम स्थान पर रही। कैरम का गेम कक्षा 7 और 8 के बीच खेला गया। जिसमें कक्षा 7 में कंगना और कक्षा 8 में तनिशा, सिया प्रथम स्थान पर रही। राइटिंग कॉम्पिटिटन में अनमोल प्रथम रहे। क्रिकेट गेम क्रिकेट प्रशिक्षक रिषभ मलिक ने जूनियर बच्चों के बीच कराया।

## रामलीला ग्राउंड में भी सिखाया गया योग

**मुजफ्फरनगर।** 11 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रमुख सचिव आयुष महोदय के निर्देशों के अनुपालन मे योग दिवस के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जनपद मुजफ्फरनगर डॉक्टर इसमपाल जी के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी व सह नोडल अनुज कुमार त्यागी व योगेश कुमार के द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर के सभी योग प्रशिक्षको व योग सहायकों के लिए मास्टर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन रामलीला ग्राउंड पटेल नगर मुजफ्फरनगर में कराया गया। मास्टर योग प्रशिक्षण योगेश कुमार योग प्रशिक्षक योग वैलनेस सेंटर माखियली के द्वारा संपन्न कराया गया। मास्टर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कुल 27 योगप्रशिक्षको व योग सहायको ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक महोदय अयूब उपस्थित रहे।

# एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में विजेता छात्रों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मे मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा बी.एस.सी. (सीएस) पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने पर उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन।

एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मे मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा बी.एस.सी. (सीएस) पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने पर उत्तीर्ण छात्र/ छात्राओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाली पायल त्यागी ने 83.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, दूसरे स्थान पर आने वाली हबा जैंदी ने 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व तीसरे स्थान पर आने वाली खुशी ने 79.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व बी.एस.सी. (सीएस) विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया। इसी के साथ उन्होने कहा कि भविष्य में भी वे निरन्तर ऐसे ही मेहनत करते रहेगें।

प्रथम स्थान पर आने वाली पायल त्यागी ने कहा कि एसडी मैनेजमेंट में पढघई का अच्छा माहौल है, दूसरे स्थान पर आने वाली हबा जैंदी ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के अच्छे अनुशासन को दिया, हबा ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि वे दोनो सॉफ्टवेयर डेवलपर बनना चाहती है। तीसरे स्थान पर आने वाली खुशी ने कहा कि हम और अधिक मेहनत से पढघई कर फाइनल में प्रथम स्थान प्राप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे। इसी के साथ सभी प्रतिभाशाली छात्राओं ने सभी शिक्षकगणों को अपनी कामयाबी के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें उचित शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिली व जीवन में आगे बढने का हौसला मिला। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्य डॉ संदीप मित्तल जी ने तीनों छात्राओं को भविष्य में निरंतर आगे बढघ्ने का आशीर्वाद दिया। उन्होने इस अवसर पर कहा कि जीवन में सफलता हमेशा अनुभव से आती है और अनुभव हमेशा बुरे अनुभव से आता है, जीवन में सफल होने के लिए आपको सबकों सुनने की आदत तो होनी ही चाहिए, लेकिन करना वही चाहिए जो आपके मन को बेहतर लगे । दुनिया की कोई ताकत तब तक आपको सफलता नहीं दिला सकती, जब तक कि आपके भीतर खुद से सफलता को पाने की इच्छा और जिद न आ जाए। सफलता पाने का सबसे पहला सूत्र सकारात्मक सोच और बदलाव है, जिससे वह सफलता की कुंजी को पा सकते है। सही समय पर लिया गया निर्णय ही आपके जीवन की रूपरेखा को बदल सकता है और सफलता दिला सकता है। अंत में उन्होंने बी.एस.सी. (सीएस) विभाग के विभागाअध्यक्ष व सभी शिक्षकगणों को बधाई दी। इसी क्रम में विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य प्रगतिशील मनुष्य का निर्माण करना है ना कि वह जो केवल पूर्णता के पीछे अस्पष्ट रूप से भागते हैं यदि आप इसके बारे में सोचते हैं तो मानव समाज को एक सभ्य समाज में बदलने वाला एकमात्र आवश्यक कारक शिक्षा है ऐसे हिंदी मोटिवेशनल कोट्स आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मजबूत बनाते हैं आपके अंदर की एनर्जी का निर्माण करते हैं जिससे छात्र - छात्राओं में आत्मविश्वास की भावना बनती है,

# कॉलिज से लौट रही छात्राओं के अपहरण का प्रयास

**भोपा।** दोपहर के समय कॉलिज से घर लौट रही दो छात्राओं के अपहरण के प्रयास से हड़कंप मच गया। दिन दहाड़े अज्ञात बाईक सवार द्वारा किये गये अपहरण के प्रयास की घटना को लेकर दहशत व्याप्त हो गई है।परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने वाले आरोपी की तलाश मे पुलिस सी सी टी वी फुटेज खंगाल रही है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बाकर नगर निवासी सागर ने बताया की उसकी बहन नीतू व उसके संग गांव की ही छात्रा बबीता बुधवार की दोपहर कॉलिज से लौट रही थी। जैसे ही वह कासमपुर -बरूकी मार्ग पर पहुंची तभी एक अज्ञात बाईक सवार ने उन्हें बाईक द्वारा बाकर नगर छोड़ देने के लिए कहा। नीतू व बबीता ने लिफ्ट लेने से इनकार कर दिया। जिसके बाद बाईक सवार ने पुनरूआग्रह किया की बाईक पर बैठ जाओ वह बाकर नगर जा रहा है उन्हें भी गांव छोड़ देगा।नीतू व बबीता बाईक पर बैठ गई।गांव के पास जाते ही नीतू व बबीता ने बाईक रोकने को कहा तो बाईक सवार ने बाईक न रोककर उसकी रफ्तार को बढ़ा दिया। जिससे वह दोनों भयभीत हो गई और खतरे को भांप कर दौड़ती बाईक से नीचे कूद गई।सड़क पर गिर जाने से दोनों घायल हो गई। छात्राओं ने घर जाकर परिजनों को घटना के बारे बताया तो हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों संग थाने पहुंचे छात्राओ के परिजनों ने अज्ञात बाईक सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी की तलाश मे आस पास लगे सी सी टी वी कैमरो की फुटेज देख रही है।

# मेपल्स एकेडमी में भारतीय राज्य भाषा समर कैंप हुआ आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मेपल्स एकेडमी बुढाना में सीबीएसई के तत्वाधान में भारतीय राज्य भाषा के अंतर्गत क्षेत्रीय भाषाओं के संप्रेषण के लिए समर कैंप आयोजित किया गया।

जिसमें बच्चों को अलग अलग भाषाओं का ज्ञानवर्धन कराया गया। इस समर कैंप का मुख्य केंद्र अरुणाचल प्रदेश और मेघालय राज्य रहे। ए समर कैंप 7 दिनों तक चला। जिसमें पहले दिन बच्चों को वास्तविक जीवन में बातचीत का अभ्यास दोनों राज्यों की भाषा खासी, गारू मेघालय व निशी अरुणाचल में सिखाया गया। जिसकी प्रभारी अंजलि विधुरी रही। दूसरे दिन कक्षा 6 से कक्षा 8 के छात्रों को लघु फिल्म का प्रदर्शन निशि व खासी भाषाओं में किया गया। जिसके प्रभारी आदिल रहे। तीसरे दिन कक्षा 9 से कक्षा 11 तक छात्रों ने मेघालय व अरुणाचल के लोक गीतों की प्रस्तुति दी। जिसकी प्रभारी वंदना सक्सेना रही। चौथे दिन मती मीनाक्षी राज ने बच्चों को दोनों राज्यों के विशेष प्रकार के व्यंजन पुनुगुलु व पुखलेन आदि बनाने सिखाए व उनका भरपूर आनंद बच्चों द्वारा लिया गया। 5वें दिन कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रों द्वारा कला के माध्यम से दोनों राज्यों की लोक कलाओं का प्रदर्शन विभिन्न प्रकार की चित्रकारी बनाकर किया गया।

5वें दिन कक्षा 3 से कक्षा 5 के छात्रों को दोनों राज्यों का भौगोलिक ऐतिहासिक अध्ययन पीपीटी के द्वारा मानचित्र का प्रयोग करके अंजलि विधुरी व वर्षा चौधरी द्वारा छात्रों को ज्ञानवर्धित किया गया।

छठे दिन कक्षा 9 से इंटर के छात्रों को संबंधित भाषा में लघु फिल्म जो देश की सेना पर आधारित थी का प्रदर्शन हुआ। 7वें दिन कैंप का समापन विद्यालय प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्या डॉक्टर गरिमा वर्मा व उप प्रधानाचार्य क्षितिज वास्तव के दिशा निर्देशन में किया गया।

# तेरहवीं से लौट रहे ग्रामीण बड़े हादसे से बाल बाल बचे

■ गंग नहर पटरी पर हिच गुल्ला टूटने से कार से भिड़ी ट्राली

**भोपा।** तेरहवीं मे शामिल होकर लौट रहे उत्तराखंड निवासी ग्रामीणों की ट्राली हिच गुल्ला टूटने के कारण ट्रेक्टर से छूटकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार के गांव नारसन निवासी रवि परिवार के दर्जनों महिला और पुरुषों को ट्रैक्टर ट्रॉली में लेकर जानसठ में आयोजित तेरहवीं में शामिल होने के लिए गया था।वापस लौटते समय जैसे ही वह भोपा गंग नहर पुल के पास पहुंचे तभी तेज गति के कारण ट्रॉली का हिच गुल्ला टूट गया और ट्राली ट्रैक्टर से अलग हो गई जिसके बाद ट्रैक्टर अनियंत्रि होकर खाई में जा घुसा और ट्राली सड़क पर लगभग पचास मीटर फिसलते हुए सामने से पेस्टिसाइड कंपनी की मार्केटिंग कर भोकरहेड़ी से वापस अपने गांव शोरम लौट रहे सोनू बालियान की कार में जा घुसी। घटना के दौरान नहर पटरी पर राहगीरों, ठेले रेहड़ वालों मे हड़कंप मच गया और ट्राली में सवार महिला पुरुषों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है दुर्घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# मुठभेड़ के बाद 25 हजार का इनामी गोकश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने कैराना रोड पर मुठभेड के दौरान 25 हजार के ईनामी गौकशी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक अवैध तमंचा, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस सहित बिना नंबर की बाईक बरामद की है। पुलिस इससे पूर्व भी इस मामले में एक गौकशी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला काजीवाडा में 23 अप्रैल को गौकशी की सूचना पर पुलिस ने छापामारी करते हुए भारी मात्रा में कटे हुए गौवंशों को बरामद किया था। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसी दिन शाम को मुठभेड के बाद एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि बुधवार को एक सूचना के आधार पर इस मामले में वांछित चल



रहे 25 हजार रूपये के ईनामी गौकश सलमान पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला आजाद चौक को कैराना रोड पर मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके पास से पुलिस ने 315 बोर को देशी अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस के साथ साथ एक बिना नंबर की बाईक बरामद की है। घायल अभियुक्त को उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सेल्समैन ने लगाया मारपीट और लूट के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र में एक सेल्समैन के साथ सड़क पर मारपीट और लूट का प्रयास किया गया। घटना उस समय हुई जब वह गांव से फेरी करके लौट रहा था। चार अज्ञात युवकों ने बीच रास्ते में उसे रोककर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसे देख आरोपी युवक फरार हो गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम रायपुर द्धथाना बाबरी क्षेत्रऋ निवासी सचिन कुमार पुत्र रामकुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गांव-गांव जाकर चिप्स, कुरकुरे, नमकीन जैसे कन्फेक्शनरी सामान की फेरी करता है। बुधवार सुबह वह गांव मोर माजरा में फेरी के लिए गया था। फेरी कर वापस लौटते समय गांव के बाहर चार युवक बाइक पर सवार होकर आए और उसे रोक लिया। युवकों ने गाली-गलौज करते हुए सचिन से मारपीट की और लूट का प्रयास किया शोरशराबा सुन ग्रामीण उनकी और आने लगे ग्रामीणों को आता देख चारों युवक मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना बाबरी और थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। पीड़ित ने एक नामजद समेत चार युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश का लग रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## सैनिक बंधुओं की बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धुओं की बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में अपर जिला. धिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा मुख्य रूप में भूमि, संबंधी आदि शिकायते बताई गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अजय कुमार सिंह ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर महिला सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन ब्लॉक परिसर में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने रानी अहिल्याबाई के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर नारी सशक्तिकरण की सशक्त प्रतीक थीं, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था। उन्होंने काशी विश्वनाथ से



लेकर सोमनाथ तक अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में उनकी प्रतिमा की स्थापना की गई है, जो उनके योगदान को अमर करती है।

पूर्व मंत्री राणा ने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही महिलाओं की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं को पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में अधिक सम्मान और अवसर प्रदान किए हैं। शिक्षा,

### पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने किया महिलाओं को जागरूक



स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क निर्माण, विधवा पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।अहिल्याबाई होल्कर के सामाजिक योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि उन्होंने समाज में सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया। कुएं खुदवाना, बावड़ियां बनवाना, विश्राम स्थल और महिलाओं के लिए शिक्षा केंद्रों की स्थापना जैसे कई जनहित कार्य उनके शासनकाल में हुए।

कार्यक्रम में पायल कश्यप ने रानी अहिल्याबाई को एक महान शासिका और सामाजिक सुधारक बताया। जिला पंचायत सदस्य डॉ। नीरज सैनी और महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कुसुमलता पाल ने भी उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रियंका कोरी, कार्यक्रम संयोजक व मंच संचालक पीयूष सैनी, जिला महामंत्री पंकज राणा, मुकेश राणा, राजेंद्र सिंह, राजेश कुमार, पवन गौतम, रिनू, मोनू, अरुण समेत बड़ी संख्या में मातृशक्ति, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, 400 ग्राम चरस बरामद



**शामली।** 27 मई की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानो से 2 मादक पदार्थ तस्करो को अवैध 400 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त ईनाम पुत्र कामिल निवासी मौहल्ला नई बस्ती सलेमपुर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली, अनस पुत्र कामिल निवासी मौहल्ला नई बस्ती सलेमपुर रोड़ थाना कांधला जनपद शामली है।

### एक अभियुक्त गिरफ्तार



**शामली।** 27 मई की रात्रि में थाना कांधला पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त फरमान पुत्र अ"यूब निवासी ग्राम सल्फा थाना कांधला जनपद शामली है।

### तीन एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 28 मई को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली बाबरी कांधला पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 3 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र रणवीर सिंह निवासी ग्राम सिम्भालका थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, सोनू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम वैरखेड़ी थाना तितरों जनपद सहारनपुर, दाऊद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम सुन्ना थाना कांधला जनपद शामली हैं।

### एक अभियुक्त को कोर्ट ने सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में जुआ अधिनियम के मामले में 1 अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। 1. वर्ष 2023 में अभियुक्त शहजाद पुत्र महफूज निवासी मौहल्ला आर्यनगर थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेजेडी/जेएम, कैराना शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को दोषी पाते हुए 50/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 2 दिवस अतिरिक्त कारावास का प्रावधान किया गया है।

### स्टांप वेंडर की मनमानी से बैनामा लेखक परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील में स्टांप वेंडर की मनमानी के चलते बैनामा लेखक परेशान है इस संबंध में बैनामा लेखक ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील में स्टाफ वेंडर की मनमानी के चलते स्टांप पेपर नहीं मिल रहे है तहसील में दो स्टांप वेंडर बड़े स्टांप पेपर बिक्री करते हैं उनमें से एक के पास बुधवार को स्टांप पेपर नहीं था जिस कारण अकेले स्टांप पेपर विक्रेता ने मनमानी शुरू कर दी बैनामा लेखक रवि कुमार को 5000 का स्टांप पेपर की दान पत्र हेतु आवश्यकता थी लेकिन नहीं दिया गया बताया जाता है कि स्टांप पेपर अधिक रेट पर दिए जाते हैं स्टांप पेपर न मिलने के कारण शामली से स्टांप पेपर मंगाना पड़ा। इस संबंध में रवि कुमार ने उप जिलाधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### पत्रकार के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मेरठ से प्रकाशित एक दैनिक अखबार के फोटोग्राफर सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बुधवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों, जन प्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों के लोगों श्रद्धांजलि अर्पित की। एक दो सप्ताह पूर्व शहर के मौहल्ला ब्रहमणान निवासी एक दैनिक अखबार के फोटोग्राफर सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। बुधवार को शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न कराई गई और भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर पत्रकार दिनेश भारद्वाज, अभिषेक कौशिक, नीरज भार्गव, महेश शर्मा, रामबीर राठी, अनुज सैनी, दीपक वर्मा, नदीम अहमद, अनवर अंसारी, दीपक शर्मा, संजीव शर्मा, डा. ओमपाल सिंह, विकास कौशिक, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, विधायक प्रसन्न चौधरी, अंकित गोयल, अनुराग शर्मा, विजय कौशिक, देवानंद गौड, ओमप्रकाश शर्मा, सलिल द्विवेदी, शरद द्विवेदी, सुरेशचंद शर्मा, प्रेमचंद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## ओम प्रकाश शर्मा के कोर्डिनेटर बनने पर स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ब्राह्मण एकता महासभा के पदाधिकारी द्वारा ओमप्रकाश शर्मा के सहारनपुर के कोऑर्डिनेटर बनने पर बुधवार को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होने कांग्रेस पार्टी का भी धन्यवाद दिया।

बुधवार को ब्रहमण एकता महासभा द्वारा शहर के विश्वकर्मानगर स्थित ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर पहुंचकर ओमप्रकाश शर्मा को कांग्रेस पार्टी द्वारा सहारनपुर का कोर्डिनेटर बनाए जाने पर फूल मालाऐं पहनाकर स्वागत किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश कौशिक व संरक्षक पंडित प्रेम किशोर कोठारी ने कहा कि समाज को कांग्रेस पार्टी द्वारा दिए गए सम्मान के लिए वह हाईकमान का धन्यवाद करते है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कौशिक, संरक्षक पंडित प्रेम किशोर कोठारी, अशोक वशिष्ठ, जयप्रकाश शर्मा, विनोद अत्री, शिवकुमार शर्मा, निवास शर्मा, कैलाश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसानों को हो रही उर्वरक की समस्या, बाजार में बिक रहा नकली उर्वरक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को गन्ना सोसाएटी में धरना प्रदर्शन किया। उन्होने किसानों को हो रही उर्वरक की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होने बाजार में नकली व ओवर रेट उर्वरक मिलने से नाराजगी व्यक्त की।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सांता प्रधान के नेतृत्व में गन्ना सोसाएटी में धरना प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद शामली में किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड रहा है।जिसमें इस समय उर्वरक की समस्या बनी हुई है। बाजारों मे नकली और ओवरेट उर्वरक मिल रहा है, जिस पर कार्यवाही न किए जाने से किसान परेशान है। उन्होने कहा कि सहकारी समिति गोदाम में उर्वरक की कमी है। यही नही किसानों को उर्वरक के साथ नैनो यूरिया भी थोपा जा रहा है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। भाकियू पदाधिकारियों ने मांग की कि किसानों पर जबरन कोई चीज न थोपी जाए अन्यथा बडा आन्दोलन किया जाएगा। इस अवसर पर कपिल खाटियान, आशीष चौधरी, कुलदीप पंवार, मास्टर जाहिद, दीपक शर्मा, अनिल मलिक, विदेश मलिक, देवराज पहलवान, ईश्वर फौजी आदि मौजूद रहे।

## ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कैराना।** शहर के बलवा चौराहे पर अज्ञात ट्रक द्वारा बाईक में टक्कर मार दिए जाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति को उपचार दिया गया है।

कैराना कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला गुलशन निवासी 45 वर्षीय समीना पत्नी यामीन बुधवार पर बाईक सवार होकर किसी कार्य से शामली आए थे। बताया जाता है कि जब वह बाईक पर सवार होकर कांधला जा रहे थे तो इसी दौरान बलवा चौराहे पर ट्रक ने बाईक में टक्कर मार दी। जिससे दंपत्ति दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके पर ट्रक छोडकर फरार हो गया।

वही घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे तो उन्होने देखा कि महिला की मौत हो चुकी है, जबकि पति यामीन घायल है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने समीना को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल यामीन को उपचार दिया गया। पुलिस ने मृतक महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही महिला की मौत से परिजनों में

## कार्यक्रम में दी जाएगी फसलों में गुणवत्ता बढ़ाने की जानकारी

**शामली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं कृषि अनुसंधान परिषद, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अन्तर्गत दिनांक 29 मई से 12 जून तक जनपद के चिन्हित क्षेत्रों में कृषकों का वैज्ञानिकों के साथ विचार-विमर्श हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाना है,जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि एंव कृषि से सम्बद्व विभागों के अधिकारी तथा प्रगतिशील कृषकों की संयुक्त टीम बनाकर कृषकों के साथ मृदा ,फसल, उर्वरक, बीमारियों, दलहन, तिलहन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि पर चर्चा की जाएगी तथा योजना के सम्बन्ध में कृषकों के फीड बैक भी प्राप्त किया जाना है।

उप कृषि निदेशक शामली प्रमोद कुमार ने अवगत कराया कि कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों एंव प्रगतिशील कृषकों की टीम गठित की गई है जो प्रत्एक दिन अलग-2 तीन ग्रामों में अभियान में भाग लेगी इस प्रकार कुल तीन टीमें गठित की गई हैं जो एक तिथि में नौ ग्रामों में अभियान में भाग लेंगी। 29 मई से 12 जून 2025 तक कुल 135 ग्रामों में अभियान चलाया जाएगा। जिला. धिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सफल आयोजन हेतु ग्राम प्रधान और अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कृषकों को अभियान में शामिल किया जाए,तथा ग्रामों में अभियान का स्थल, आयोजन तिथि एवं समय की जानकारी सभी को दे दी जाए, साथ ही उक्त आयोजन में कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, और सहकारिता विभाग के अधिक. ारियों तथा क्षेत्रीय कर्मचारियों की भी उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं।

## योजना के तहत 255 वृद्धजनों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**शामली।** महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शामली अंशुल चौहान द्वारा अवगत कराया गया कि विगत कुछ समय पूर्व 13 मई से लेकर 16 मई तक वृद्धजनों को चिन्हित कर सहायक उपकरण जैसे की व्हील चेयर, कान की मशीन, बेंत, सिलिकॉन तकिया, वॉकर, कमोड चेयर, सर्वाइकल कॉलर, नी ब्रेस, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाने हेतु भारत सरकार की राष्ट्रीय वयो योजनांतर्गत ब्लॉकवार शिविर आयोजित किए गए थे, जिसके अंतर्गत शामली व अन्य जनपदों कुल 255 लाभार्थी चिन्हित हुए थे। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि इन चिन्हित लाभार्थियो को वितरण शिविर आयोजित कर एलिम्को द्वारा 29 मई व 30 मई में ये सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। ब्लॉक ऊन, ब्लॉक शामली, ब्लॉक कैराना व ब्लॉक थानाभवन के चिन्हित लाभार्थियों को कल दिनांक 29 मई को विकास भवन परिसर शामली में शिविर आयोजित कर दोपहर एक बजे उपकरण वितरित किए जाएंगे, जबकि ब्लॉक कांधला व अन्य जनपदों के चिन्हित लाभार्थियों को परसों दिनांक 30 मई को ब्लॉक परिसर कांधला में शिविर आयोजित कर सुबह दस बजे सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।सभी चिन्हित लाभार्थी अपना आधार कार्ड लेकर निर्धारित स्थान पर समय से पहुंच जाएं।

### सरस्वती बालिका विद्या मंदिर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वीर सावरकर एवं नानासाहेब पुरोहित की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजीव कुमार ने सावरकर के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात संजीव कुमार ने कहा कि वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी, विचारक, लेखक, प्रखर वक्ता तथा समाज सुधारक थे।

## कामगारों के लिए संचालित हैं कई योजनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के क्रियान्वयन को मार्गदर्शी सिद्वान्त जारी किया गया है। इस योजना अन्तर्गत आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन, निदेशालय उ.प्र. हस्तकला अनुभाग-13, कानपुर द्वारा जनपद-शामली हेतु ट्रेड-बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य जनपद-शामली के अन्तर्गत परम्परिक कारीगर ट्रेड-बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन को उन्नत किया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे सभी आवेदक पात्र होंगे जो जनपद-शामली के स्थायी निवासी हो, तथा आयु कम से कम 18 होनी चाहिए। आवेदक को पारम्परिक कारीगरी ट्रेड-बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी के व्यवसाय से जुडा होना चाहिये।

कौशल वृद्धि के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षणर्थियों का चयन शासन द्वारा गठित चयन समिति के माधयम से किया जायेगा। उपरोक्त योजनान्तर्गत पात्रता हेतु जाति एक मात्र आधार नहीं होगा। लाभ प्राप्त करने हेतु ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परम्परागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हों। ऐसे आवेदकों को परम्परागत कारीगरी से जुड़े होने के प्रमाण के रुप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका/नगार निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। पात्र व्यक्ति अपना आवेदन पत्र https://diupm sme.upsdc.gov.in पर 10 जून तक ऑनलाईन कर सकते हैं।

# कूलर गोदाम में भयंकर आग से लाखों का माल राख

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** देहरादून रोड स्थित बेदी ट्रेडिंग कंपनी के कूलर गोदाम में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया हादसे में कोई जनहानि न होने पर लोगों ने राहत की सांस ली और लगभग 5 घंटे से भी अधिक भारी मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलने पर नगर विधायक राजीव गुंबर महापौर डॉक्टर अजय सिंह पुलिस अधीक्षक अशोक सिसोदिया मौके पर पहुंचे।





थाना जनकपुरी क्षेत्र अंतर्गत देहरादून और स्थित बेदी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से हर चरण सिंह बेदी उर्फ काला कूलर कंपनी का संचालन करते हैं। बताया जाता है कि आज दोपहर लगभग 2:00 बजे करीब गोदाम के ऊपरी मंजिल पर अचानक आग लग गई और देखते देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया जैसे ही आंख की लपटे ऊंची ऊंची उठे लगी तो पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि जिस समय आग लगी उसे समय पूरी बिल्डिंग में हर चरण सिंह बेदी समेत उनका परिवार उनके कर्मचारी और कई अन्य लोग मौजूद थे। आग लगने की जानकारी तुरंत ही अग्निशमन विभाग को दी गई। पहले रेस्क्यू कर घर और गोदाम में मौजूद लोगों को दीवार तोड़कर बाहर निकला गया हालांकि इस दौरान एक व्यक्ति की गिर जाने के कारण हाथ की हड्डी भी टूट गई और हर चरन बेदी के लड़के के हाथ भी झुलस गए। संकीर्ण गली होने के कारण आग बुझाने में दमकल कर्मियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा और आसपास के लोगों के घरों पर चढ़कर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया आज इतनी भयंकर थी कि पूरे शहर में आग की लपटे दिखाई दे रही थी और लोग दूर-दूर से अग्निकांड को देखने आने लगे और देहरादून रोड पूरी तरह जाम हो गया। आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों ने अलग-अलग स्थान से लगभग आधे दर्जन वाहनों को बुलाया इसके अलावा नगर निगम से भी टैंकर बुलाए गए लगभग 5-6 घंटे की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना था कि आग बड़ी भयंकर थी जिस पर को पाने के लिए अग्निशमन विभाग के दमकल कर्मियों को भारी मुसीबत का सामना भी करना पड़ा। हालांकि आग लगे कारण क्या रहे इसकी अभी जांच चल रही है प्रारंभिक जांच में पाया गया कि किसी चिंगारी से आग लगी है। भयंकर आग का मंजर देखने के लिए लोग अपने-अपनी छतो पर जुटे थे और गली मोहल्ले में भी लोगों का भारी हुजूम उमड़ा हुआ था और पुलिस को व्यवस्था बनाने में भी भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

हादसे की जानकारी मिलते ही नगर विधायक राजीव गुंबर महापौर डॉक्टर अजय सिंह सपा महानगर प्रभारी एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा भाजपा पार्षद दल के नेता पार्षद मुकेश गक्खड पार्षद राजीव कुमार उर्फ अन्नु पुलिस क्षेत्र अधिकारी अशोक कुमार सिसोदिया समेत पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# 15 घरों में बिजली चोरी करते पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** विद्युत विभाग की टीम ने एक्सईएन के निर्देश पर अलसुबह जबरदस्त चैकिंग अभियान चला कर सैंकड़ो घरों की चैकिंग की गई। अभियान के दौरान 15 घरों में बिजली चोरी पाई गई। विद्युत विभाग के इस अभियान से बिजली चोरों में हड़कंप मच गया।

विद्युत विभाग के एक्सईएन विजय कुमार के निर्देश पर एसडीओ मदनपाल सिंह के नेतृत्व में जेई बिजय प्रताप सिंह ने विभाग की टीम के साथ अलसुबह 5 बजे मौहल्ला सराय, महल, मनिहारान, बंजारान, काजियान आदि में चौकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान 15 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है

एक्सईएन विजय कुमार ने कहा कि बिजली चोरी करना कानूनन और समाजिक रूप से अपराध है।किसी भी बिजली चोरी करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिजली चोरी करने का प्रयास न करे।



एसडीओ मदनपाल व जेई बिजय प्रताप सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी भीषण गर्मी में भी 24 घण्टे जनता की सेवा करने में जुटे हुए हैं।हमारा प्रयास है कि विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाए लेकिन ओवरलोडिंग के कारण समस्या होती है।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जरूरत न होने पर पंखा कूलर फ्रिज आदि विद्युत उपकरणों का प्रयोग न करें।देश और समाज के हित में बिजली बचाएं और समय पर बिजली बिल जमा कराएं। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी करने की बजाए कनेक्शन लेना चाहिए। इस दौरान टीजी टू सुनील कुमार, लाइनमैन तौफीक उमर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### भाकियू तोमर कार्यकर्ताओं पर एफआईआर

**छुटमलपुर।** सैयद माजरा टोल प्लाजा पर मंगलवार को भाकियू तोमर के कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन कर हंगामा मचाया। टोल प्रबंधन ने टोल को नुकसान और कर्मचारियों को धमकी देने के आरोप में 14 नामजद और 70 अज्ञात कार्यकर्ताओं के खिलाफ फतेहपुर थाने में थ्प्त दर्ज कराई। नामजद व्यक्तियों में अदनान, अंकित गुर्जर, मोहित गोयल, अजय राठौर, बंटी कश्यप, समीर, सत्तार मलिक, सौरभ त्यागी, सुल्तान अहमद, नीरज राणा आदि शामिल हैं। यह प्रदर्शन टोल शुल्क में छूट और किसान नेताओं के लिए मुफ्त आवागमन की मांग को लेकर हुआ। टोल पर चमारीखेड़ा के पास, किमी 32.435 पर स्थित है। बुधवार को भाकियू तोमर के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री महबूब अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने टोल प्रबंधन से मुलाकात की। इस दल में रईस प्रधान, पप्पू त्यागी, राव नफीस, अनवर युसूफ और मजहर खान शामिल थे। उन्होंने अपने पदाधिकारियों के लिए टोल पर मुफ्त आवागमन की सुविधा की मांग दोहराई और मांगें न मानने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यूनियन ने एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को औपचारिक रूप दिया। टोल मैनेजर अवनीश मिश्रा ने बताया कि कई किसान संगठन बिना टोल शुल्क के निकलने का दबाव बनाते हैं, जो नियमविरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यात्रियों को नियमानुसार छूट दी जाती है, लेकिन सभी के लिए मुफ्त सुविधा संभव नहीं। इस घटना ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है, और किसान संगठन आंदोलन को और तेज करने की रणनीति बना रहे हैं।

### जन कल्याण यज्ञ का आयोजन

**गंगोह।** बुधवार को महादेव कुटी पर जन कल्याण यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें समाज के अनेक लोगों ने अपनी आहुतियां दी। यज्ञ के समापन पर विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शनि देव जी महाराज की विशेष पूजा भी की गई। यज्ञ के बाद महा आरती की गई। मौजूद लोगों ने शनि देव महाराज से देश व दुनिया पर अपनी कृपा बनाए रखने के लिए प्रार्थना भी की। इससे पूर्व मंगलवार की रात शनि देव जी महाराज का श्रद्धालुओं ने गुणगान कर श्रद्धालुओं पर कृपा बनाएं रखने की प्रार्थना भी की। देर रात तक चले गुणगान में श्रद्धालु झूमते रहे। यज्ञ के बाद महादेव कुटी पर ही भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में भारी भीड़ ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को शोभा यात्रा के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया गया था। कार्यक्रम में राजकुमार, नरेश कुमार, नीरज, सोनू, आदित्य, दीपक, कन्हैया, विक्की आदि का सहयोग रहा।

### पद एवं गोपनीयता की दिलाई शपथ

**रामपुर मनिहारान।** किसान मजदूर कृषि इंटर कॉलेज उमरी कलाँ की नवनिर्वाचित प्रबंध समिति को चुनाव अधिकारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

बुधवार को चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह प्रधानाचार्य गोचर कृषि इंटर कॉलेज द्वारा प्रबंध समिति को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमे पूर्व प्रमुख सहाब सिंह को अध्यक्ष पद, जसवीर सिंह को उपाध्यक्ष, विनोद कुमार को प्रबंधक, कोषाध्यक्ष तेजपाल चौधरी, सुभाष पंवार को उप प्रबंधक एवं सदस्यगण डॉ ओंकार पंवार, अशोक पंवार,भंवर सिंह, रामकुमार, डॉ अजय पंवार, को चुनाव अधिकारी राजवीर सिंह प्रधानाचार्य गोचर कृषि इंटर कालेज द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जबकि सतनाम पंवार, ललित पंवार को निर्विरोध चुना गया। प्रबंध समिति द्वारा एक बहुत बड़ी पहल की गई। चूंकि संस्था की आर्थिक स्थिति कोई भी खर्च वहन करने की नही थी, जिसमें संस्था को इंटर में कृषि एव साइंस वर्ग की मान्यता हेतु आवश्यक 300000 के दान का प्रबंध प्रबंध समिति की प्रथम मीटिंग में प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। चुनाव अधिकार राजवीर सिंह ने भी संस्था हित में ध्5100 का दान किया। इस अवसर पर सचिन कुमार,धीरज सिंह, अजब सिंह, संजय पंवार, सहित प्रमुखजन उपस्थित रहे।



# एनसीसी शिविर के आठवे दिन चिकित्सा व वृक्षारोपण की कैडेटस को दी जानकारी

**गंगोह।** 86 यूपी बटालियन एनसीसी के विशेष शिविर के आठवें दिन कैडेट्स को प्राथमिक चिकित्सा व वृक्षारोपण की जानकारी दी गई।

हिंदू राष्ट्रीय इंटर कालेज में आयोजित शिविर में कैडेट्स को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते हुए मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ ने कहा कि सभी घरों में प्राथमिक चिकित्सा किट आवश्यक रूप से बनाई जानी चाहिए। फॉरेस्ट ऑफिसर संवेदना चौहान, वन दरोगा रकम सिंह, वन दरोगा प्रकाश आनंद सिंह ने कैडेट्स का आवाहन किया कि वे अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और उनकी सुरक्षा भी करें। कैंप एडजूटेंट कैप्टन मेघेंद्र गॉड, कैप्टन अखिलेश श्रीवास्तव, फर्स्ट ऑफिसर राजीव कुमार, थर्ड ऑफिसर अमित कुमार ने कैडेट्स को सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास कराया। कैप्टन गौरव मिश्रा, लेफ्टिनेंट सुबेग सिंह ने कैडेट्स को भारतीय सेना के विभिन्न रैंक की जानकारी दी। शिविर में सूब. ेदार मेजर नीरज सिंह चौहान, सूबेदार राजेंद्र सिंह, हवलदार अवतार सिंह, शूरवीर सिंह, संजय सैनी, अवतार सिंह, जगसीर सिंह, सुहेल अहमद, नवीन गुप्ता, दीपा जग्गा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** पुलिस चैकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया अभियुक्त के कब्जे से कई दिन पूर्व चोरी हुए आभूषण तंमचा कारतूस व बिना नंबर की बाइक बरामद कर घायल अभियुक्त को अस्पताल पहुंचाया

नानौता क्षेत्र के हिमामपुर नहर पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चौकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर गांव भारी की तरफ भागने लगा पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की



गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त की टांग में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल अभियुक्त को गिरफ्तार किया अभियुक्त की पहचान युनुस पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा नानौता के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से 2 कंगन, 1 अंगुठी, 1 गले का लोकेट, 1 जोड़ी टोप्स पीली धातु, 3 जोड़ी पाजेब 2 नगदार अंगुठी, 1 कड़ा, 1 सिक्का सफैद धातु, तथा तंमचा व 2 जिंदा कारतूस एक बिना नंबर की बाइक बरामद कर घायल अभियुक्त को अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने 17 मई को नगर के मोहल्ला छत्ता स्थित मीर साहब के मकान में ताला तोड़कर गहने व नगदी चोरी की थी वह गहनों को बेचने की फिराक में था।

गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई धीरज सिंह, अनुज कुमार, कांस्टेबल सचिन, अरविंद सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# ओद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किए जाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** औद्योगिक आस्थानो में आवंटित भूमि को लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किये जाने की मांग को लेकर उद्यमियों के प्रतिनिधि मंडल ने आई आई ए के चौप्टर अध्यक्ष के नेतृत्व में कमिश्नर व जिलाधिकारी से भेंट की और उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन भी दिया और उन्होंने पत्रकार वार्ता कर सरकार से अन्य राज्यों की भांति उत्तर प्रदेश में भी औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड किए जाने की मांग की।



आज आईआईए केन्द्रीय कार्यालय, लखनऊ के निर्देशानुसार संस्था के समस्त चौप्टरों मे लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने के संबंध में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसी क्रम में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सहारनपुर चौप्टर द्वारा विभिन्न आद्योगिक संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ आयुक्त अजय कुमार राय, जिलाधिकारी मनीष संयुक्त आयुक्त उद्योग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन दिया तथा एक प्रैस कॉन्फ्रेंस आईआईए कार्यालय, ट्रेड सेन्टर, प्रताप मार्केट में आहूत की गई। इस दौरान विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अन्य प्रांतों की भाँति लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की प्रदेश के औद्योगिक संगठनों की सरकार से माँग है।

उन्होंने कहा कि लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने से प्रदेश में उद्योगों का विकास तथा सरकार को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लीज होल्ड औद्योगिक भूमि को फ्री होल्ड करने की आवश्यकताजिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ेगा।

इस दौरान चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, मंडलीय अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया किऔद्योगिक भूमि जब लीज होल्ड पर सरकार द्वारा उद्यमी को दी जाती है तो उस समय का जमीन का पूरा मूल्य, डेवलपमेंट चार्जेस एवं प्रीमियम उद्यमी से लिया जाता है। इस प्रकार जब सभी कॉस्ट उद्यमी द्वारा दी जा चुकी है और सरकार की मंशा के अनुसार उद्योग स्थापित कर चलाया जा रहा है तो उद्यमी को किरायेदारी से मालिकाना हक दिया जाना न्यायसंगत होगा।

प्रैस कॉन्फ्रेंस में लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सहारनपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव कुमार गौड़, सहारनपुर हौजरी मैन्यूफेक्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनजीत सिंह अरोडा, महासि. चव धनश्याम माहेश्वरी, आईआईए से राष्ट्रीय सचिव प्रमोद सडाना, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, विशेष आमंत्रित सदस्य आरके धवन, एफएसएसएआई वर्किंग ग्रुप कमेठी चेयरमैन संजय बजाज, मंडलीय सचिव गौरव चोपडा, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जैन, मेंबरशिप ग्रोथ कमेटी चेयरमैन सतीश अरोड़ा आदि विभिन्न औद्योगिक संगठनो के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### तेज रफ्तार जुगाड़ की चपेट में आने से लड़की की मौत

**गंगोह।** तेज रफ्तार जुगाड़ की चपेट में आने से 21 वर्षीय लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जुगाड़ कब्जें मं लेकर लड़की के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कलालहटी निवासी 21 वर्षीय आस्था पुत्री राजकुमार बुधवार को घर से अपने चाचा की दुकान से खाने के लिए सामान लेने के लिए गई थी। जब वह अपनी साइकिल पर वहां से लौट रही थी तो पीछे से आए एक जुगाड़ वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह साइकिल समेत वाहन के पहिये नीचे आ गई। बुरी तरह से घायल छात्रा को परिजनों व ग्रामीणों ने किसी तरह निकाला। बताया गया है कि परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते मे उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने जुगाड़ के चालक को वाहन समेत पकड़ लिया।

# स्पॉन्डिलाइटिस की पहचान जरूरी: डा. गोयल

शाइ टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज द्वारा आज एक जन-जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य गर्दन की स्पॉन्डिलाइटिस (सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस) जैसी डीजेनेरेटिव स्थिति की प्रारंभिक पहचान के महत्व को उजागर करना था।



मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के न्यूरो और स्पाइनल सर्जरी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. अमिताभ गोयल की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिन्होंने इस रोग के शुरुआती लक्षणों और उससे बचाव व उपचार के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि इस सत्र का मुख्य उद्देश्य लोगों को सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस के कारणों, लक्षणों, शीघ्र पहचान और उपलब्ध उपचार विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। यह एक आम स्थिति है जो प्राय: नजरअंदाज हो जाती है जब तक कि यह पुरानी पीड़ा या न्यूरोलॉजिकल संबंधी जटिलताओं का कारण न बन जाए। गर्दन की यह समस्या, जिसे आमतौर पर नेक अर्थराइटिस 'भी कहा जाता है, अक्सर गर्दन में दर्द और अकड़न, सिर के पिछले हिस्से में सिरदर्द, गर्दन घुमाने पर किरकिराहट जैसी आवाज या हाथों में झुनझुनी और सुन्नता जैसे लक्षणों से शुरू होती है। ये लक्षण उम्र के साथ रीढ़ की हड्डियों में होने वाले घिसाव के कारण उत्पन्न होते हैं। डॉ. गोयल ने आगे बताया कि बचाव के लिए उचित बॉडी पोस्चर बनाए रखना विशेष रूप से आवश्यक है, खासकर लंबे समय तक बैठने या स्क्रीन देखने के दौरान। इसके अलावा, नियमित रूप से गर्दन और कंधे की एक्सरसाइज, अचानक गर्दन घुमाने से बचाव, और कार्यस्थल को एर्गोनोमिक बनाना जरूरी है। सक्रिय जीवनशैली और स्वस्थ वजन बनाए रखना भी रीढ़ पर दबाव को कम करता है। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर नीरज सिंह चौहान, सूबेदार राजेंद्र सिंह, हवलदार अवतार सिंह, शूरवीर सिंह, संजय सैनी, अवतार सिंह, जगसीर सिंह, सुहेल अहमद, नवीन गुप्ता, दीपा जग्गा आदि उपस्थित रहे।

# छह लाख रुपये की ठगी का आरोप

**चिलकाना।** निवासी पीड़ित व्यक्ति ने चार लोगों द्वारा केंचुआ खाद तैयार करने के लिए प्लांट लगवाने के नाम पर दो युवको से छ: लाख रूपये की ठगी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं के तहत उक्त चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक नगर के मोहल्ला मजहर हसन निवासी मेहा. सिंह पुत्र हरपालसिंह द्वारा आरोपी रविप्रकाश पुत्र तेलूराम, सोनिया कुमारी पत्नी रविप्रकाश निवासी मौहम्मदपुर बहलोलपुर थाना कोतवाली देहात, सुशील कुमार पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम बिलासपुर थाना गंगोह व संजीव कुमार पुत्र बीरबल निवासी ग्राम बालू माजरा थाना गंगोह के खिलाफ तहरीर दी गई थी। तहरीर में पीडित ने बताया था कि वह सुलतानपुर नगर में छप्पर वाली मस्जिद के निकट पैथोलोजी सैन्टर का संचालन करता है वहीं उसके बराबर वाली एक दुकान में रोहित सैनी पुत्र बीरमपाल निवासी ग्राम लद्देबांस थाना नकुड मैडिकल स्टोर का संचालन करता है।विगत वर्ष 13 अगस्त को उसकी दुकान पर रोहित सैनी बैठा हुआ था। तभी उनके पास आरोपी उपरोक्त रविप्रकाश व सोनिया आये जिन्होंने अपने आप को जय एग्रो बायोसाईस प्रा. लि. आवास विकास कॉलोनी सहारनपुर का कर्मचारी बताते हुए उन्हे जैविक खाद प्लांट के बारे में बताया। उन्होने अनेको प्रकार के प्रलोभन व सब्जबाग दिखाते हुए उन्हें कम्पनी के जिला कार्यालय पर आने को कहा जहां उनकी मुलाकात सुशील कुमार व संजीव कुमार से करायी गयी। जिन्होने दोनों पीडितों से पच्चीस पच्चीस बैड केंचुआ खाद के दस हजार रूपये प्रति बैड के हिसाब से खर्च बताया। दोनो पीडितों का कहना है कि उन्होने केंचुआ खाद प्लांट व एग्रीमैंट आदि का खर्च मिलाकर तीन बार में फोन पे व आरटीजीएस के माध्यम से कुल छ: लाख रूपये उन्हे दे दिये।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **तुषार ठाकुर** के शैक्षिक प्रमाणपत्र में मेरा नाम **अनिल ठाकुर** दर्ज है जिसको बदलकर मैंने अपना नाम **अनिल पाल** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**अनिल पाल पुत्र श्री नेत्रपाल**

निवासी: एन-94 काली मन्दिर के सामने मिशरान सहारनपुर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम PARUL BHATIA से बदलकर PARUL DUA रख दिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पहच. ाना जाये।

**पता: PARUL DUA W/o SH. RAMAN DUA R/o A-68 PARAMOUNT TULIP दिल्ली रोड, सहारनपुर उ. प्र. 247001**

# प्रधानमंत्री आवास योजना में सामने आया घोटाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत एक सनसनीखेज घोटाला सामने आया है, जो गरीबों के लिए शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठा रहा है। आरोप है कि नगर पंचायत की चेयरमैन ने अपने चहेतों, सगे-संबंधियों और आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने के लिए नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। यह योजना गरीब और बेघर लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई थी, लेकिन छुटमलपुर में इसका दुरुपयोग हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिन लोगों के पास पहले से ही आलीशान मकान और आर्थिक संपन्नता है, उन्हें इस योजना के तहत आवास आवंटित किए जा रहे हैं, जबकि वास्तव में जरूरतमंद गरीब लोग इस सुविधा से वंचित रह गए हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चेयरमैन ने अपने नजदीकी लोगों को प्राथमिकता दी और योजना के पात्रता मानदंडों को पूरी तरह से नजर. अंदाज किया। सवाल यह उठता है कि आखिर कैसे ऐसे लोग, जो पहले से ही आर्थिक रूप से सक्षम हैं, इस योजना के लाभार्थी बन रहे हैं? क्या इसके पीछे फर्जी दस्तावेजों का खेल चल रहा है? क्या पात्र लाभार्थियों के नामों को हेरफेर करके अयोग्य लोगों को लाभ पहुंचाया गया है? या फिर इसमें नगर पंचायत के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिलीभगत है? ये सभी सवाल इस घोटाले की गंभीरता को और बढ़ाते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना का मूल उद्देश्य गरीबों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है, लेकिन छुटमलपुर में यह योजना कुछ लोगों की जेबें भरने का जरिया बन गई है। स्थानीय निवा. सियों का कहना है कि इस घोटाले में केवल चेयरमैन ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत के कुछ कर्मचारी और अन्य प्रभावशाली लोग भी शामिल हो सकते हैं। यह भी संदेह है कि फर्जी दस्तावेज तैयार करके या पात्रता सूची में हेरफेर करके यह धोखाधड़ी की गई। ऐसे में यह मामला न केवल भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है, बल्कि यह गरीबों के साथ घोर अन्याय और सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग को भी दर्शाता है।

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जिला अधिकारी इस घोटाले की तह तक जाएं और आवास योजना के तहत किए गए आवंटनों की सही तरीके से जांच करें, तो एक बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति केवल अपने सगे-संबंधियों और चहेतों के लिए ही काम कर सकता है? क्या सरकारी योजनाओं का लाभ सिर्फ प्रभावशाली लोगों तक ही सीमित रह जाएगा? यह स्थिति न केवल छुटमलपुर के गरीबों के साथ अन्याय है, बल्कि यह पूरे सिस्टम की पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़ा करती है। प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजना में इस तरह की धोखाधड़ी न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का विषय है। यह घटना सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और निगरानी की कमी को उजागर करती है। यदि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह अन्य योजनाओं के दुरुपयोग को और बढ़ावा दे सकता है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि इस घोटाले की उच्च स्तरीय जांच हो, दोषियों को दंडित किया जाए और वास्तविक जरूरतमंदों को उनका हक दिलाया जाए। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और गरीबों के साथ हो रहे इस अन्याय को रोके, ताकि सरकारी योजनाओं पर लोगों का भरोसा बना रहे।

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के नेतृत्व में आज दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान असलम पुत्र फागन, निवासी कस्बा छुटमलपुर, और इरफान उर्फ बुड्ढा पुत्र स्व. अकबर, निवासी गली नंबर 5, हरिजन कॉलोनी, कस्बा छुटमलपुर, थाना फतेहपुर, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई। दोनों को उनके आवास से हिरासत में लिया गया।

# उपशिक्षा निदेशक ने की मासिक समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पटनी के सभागार में उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बुधवार को आयोजित बैठक में निदेशक एससीईआरटी लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लॉक के सात सदस्य एआरजी ग्रुप का गठन भी किया गया। जिसमें ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट मेंटर्स एवं पांच एआरपी सम्मिलित किये गए। उक्त बैठक में विशेषकर नवनियुक्त एआरपी को उनके कार्यों एवं उत्तरदायित्वो प्रति अवगत कराया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल ने जनपद को निपुण जनपद बनाए जाने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए।

उपशिक्षा निदेशक ने नियमानुसार एसएमसी बैठक, शिक्षक संकुल बैठक, खंड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापक बैठक एवं जनपद स्तरीय डाइट स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक को निर्धारित दिवस में समय से एजेंडा बिंदुओं के साथ कराए जाने के दिशा निर्देश दिये। संचालन डायट प्रवक्ता महेंद्र अधिकारी ने किया। इस अवसर पर जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट मेंटर, एसआरजी, एआरपी द्वारा प्रतिभाग किया गया। निपुण शपथ एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक की हालत गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद के निकटवर्ती गांव जानीपुर में जलालाबाद-गंगोह मार्ग पर दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में मनीष पुत्र बनारसीदास की दर्दनाक मौत हो गई। दूसरा बाईक सवार विजय पुत्र शोभाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।





जलालाबद गंगोह मार्ग पर बाइक सवार मनीष पुत्र बनारसीदास निवासी मोहम्मदपुर गर्जर तीतरों जनपद सहारनपुर और दूसरी बाइक से विजय पुत्र शोभाराम निवासी खडाखडी बडौत अपने अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गांव जानीपुर में दोनो बाइक सवारों की आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड गए और पहिएं टूट गए। टक्कर लगने से मनीष पुत्र बनारसीदास की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि विजय पुत्र शोभाराम गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी जलालाबाद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाइक चालकों को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद मनीष को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल विजय को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। विजय की हालत भी चिंताजनक बनी हुई है।

## बाइक सवार तीन युवकों ने मजदूर के साथ की मारपीट

**कैराना।** बुधवार को कैराना कोतवाली में ग्राम गडके थाना व जिला रामगढ झारखण्ड निवासी सगीर पुत्र मोहमद उमर ने तहरीर देते हुए बताया कि वह गत तीन वर्षों से मौहल्ला आलकलां द्धबदलूगढत्र में स्थित चम्मच फैक्टरी में कार्य कर रहा है। दोपहर करीब 3 बजे वह चम्मच फैक्टरी में कार्य कर रहा था। तभी तीन अज्ञात लोग आए जिन्होंने आते ही गन्दी-गन्दी गालियां देते हुऐ लात घुस्सो से मारना पीटना करनी शुरू कर दी और कहने लगे की साले आज हम तुझे जान से मारकर ही दम लेंगे। पीड़ित की चीख पुकार सुनकर काफी लोग आ गए और उक्त युवकों से पीड़ित को बचाया। हमलावर कार्रवाई करने पर अंजाम भुगतने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। वहीं फैक्ट्री परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में घटना कैद हो गई।

# जलालाबाद में कुत्तों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** जलालाबाद में आवारा कुत्तो का आतंक फैला हुआ है। कुत्ते आए दिन झुंड बनाकर लोगों हमला कर रहे हैं। मंगलवार को भी कुत्तों के झुंड ने एक नवयुवक पर हमला कर दिया जिससे युवक घायल हो गया। कस्बावासियों ने कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है

जलालाबाद कस्बे में आवारा कुत्तो का आतंक लगातार बढ रहा है। परिजन अपने बच्चो को अकेला घर से बाहर भेजने से डर रहे है। मंगलवार को रात्रि में कुत्तों के झुंड ने नवयुवक मोईन पुत्र नईम निवासी आर्यनगर पर पीछे से हमला करते हुए टांग पर काट लिया, नव युवक मोइन ने बमुश्किल खुद को कुत्तों के चंगुल से बचाया। कुत्ते के काटने से कई निशान युवक की टांग पर दिखाई दिए। सुबह नवयुवक को स्थानीय चिकित्सक में उपचार कराया और थानाभवन



सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र पर रेबीज के टीके लगवाए। कस्बे में लगातार बढ़ रही कुत्तों की संख्या के कारण कस्बावासी परेशान है। नगरवासियों ने नगर पंचायत से कुत्तों को पकड़वाने या आक्रामक हो चुके कुत्तों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। ताकि आए दिन कुत्तों के झुंड द्वारा नागरिकों पर हो रहे हमलों को रोका जा सके।

# ग्रामीणों का सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ग्रामीणों ने गांव से उत्तराखंड को जोड़ने वाले मार्ग में घटिया सामग्री का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और निर्माण कार्य को रुकवाते हुए जांच कराये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के सिड़की-खेड़ामुगल से मकनपुर और डांकोवाली से उत्तराखंड को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। बुधवार को ग्राम प्रधान राजवीर के नेतृत्व में ग्रामीण वहां पहुंचे और ठेकेदार पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरु कर दिया। ग्रामीण अशोक कुमार, शक्ति सिंह, राजेश कुमार, मोनू, सत्यवीर, लोकेंद्र कुमार, अरुण, मोहन सिंह, अंकित कुमार और सुशील कुमार आदि का आरोप है कि कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। सड़क बनते ही उसकी बजरी भी निकलनी शुरु हो गई है। चूडियाली रेलवे स्टेशन पड़ने के कारण उक्त मार्ग से आवाजाही अधिक रहती है। घटिया सामग्री लगने के कारण यह मार्ग पर कुछ दिन में ही गड्ढों में तब्दील हो जाएगा। प्रधान राजवीर ने बताया कि पूर्व में इसकी शिकायत की गई थी। जिसे अनसुना कर दिया गया। इस कारण निर्माण कार्य को रुकवाकर इसकी जांच कराए जाने की मांग की गई है।

# धूमधाम से मनाया शनि देव का जन्म उत्सव





**कैराना।** नगर में स्थित शनि देव मंदिर में हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा शनि देव का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

नगर के सिद्धपीठ माता बाला सुंदरी मंदिर के बराबर में स्थित शनि देव के मंदिर में मंगलवार की शाम हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा शनि देव का जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। शाम 7:30 बजे पंडित विनोद नौटियाल ने शनि देव की आरती कराई। आरती में भारी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। आरती के पश्चात शनि देव को छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया।

काली दाल की खिचड़ी एवं हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया। शनि देव जन्मोत्सव के उपलक्ष में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य रूप से राहुल बंसल, सचिन सिंघल, सुनील बंसल,अंशुल गोयल, अंकित जिंदल, कुलदीप मित्तल, राकेश सैनी, शुगन मित्तल, संजय, साहिल आदि लोगों का सहयोग रहा।

# गली में नाले का अभाव बना ग्रामीणों की मुसीबत, निकासी न होने से जलभराव और बदबू फैली

**चौसाना।** चौसाना में सहकारी समिति के पास वाली गली के निवासी इन दिनों बदहाल हालातों से जूझ रहे हैं। गली में नाले की व्यवस्था न होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे हर समय जलभराव की स्थिति बनी रहती है। इससे न केवल ग्रामीणों का आना-जाना मुश्किल हो गया है, बल्कि दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या की शिकायतें वे कई बार कर चुके हैं, पर अब तक स्थाई समाधान नहीं किया गया। ग्रामीण साबिर, सत्तार, इकराम, शौकत, रिफाकत, भूरा, अकरम, अयूब, रईस, गुल मोहम्मद, साकिब, अहसान, दिलशाद, नौशाद, इमरान आदि ने बताया कि गली में वर्षों से नाले का



निर्माण नहीं हुआ है। नतीजतन हल्की बारिश या लोगों के घरों से निकलने वाला पानी भी यहीं इकठा हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि ष्दैनिक जागरण अखबार में जब-जब हमारी समस्या प्रकाशित होती है, तब-तब सचिव साहब जेसीबी मंगवाकर सफाई कराते हैं। लेकिन यह सफाई सिर्फ दो-तीन दिन का राहत देती है। जैसे ही मशीन जाती है, फिर से वही जलभराव और गंदगी लौट आती है। इस अस्थाई समाधान से अब हम परेशान हो चुके हैं। प्रशासन से हम स्थाई समाधान की मांग करते हैं। जब तक यहां पक्का नाला नहीं बनेगा, तब तक इस गंदगी से छुटकारा संभव नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बदबू और गंदगी के कारण बच्चों और बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मच्छरों के कारण डेंगू, मलेरिया जैसे रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। वही पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि ष18 मई को जेसीबी मशीन लगाकर सफाई कराई गई थी, लेकिन हाल ही में हुई बारिश के कारण फिर से पानी भर गया है। जल्द ही दोबारा सफाई कराई जाएगी।

# सीडीओ ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, दिए निर्देश

**शामली।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी शामली विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में आशुतोष कुमार वास्तव जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की एजेंडा बिंदु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन विभागीय कार्यक्रमों में प्रगति खराब पाई गई उसमें सुधार करने के कड़े निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के अनुसार प्रसव केन्द्र क्रियाशील किया जाना है ।समस्त चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि डिलीवरी प्वाइंट अतिशीघ्र स्टार्ट किया जाए। टीबी कार्यकम में जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देशित किया कि पोषण पोटली के लिए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है सभी उवपब संपर्क करके पोषण पोटली की उपलब्धि बढ़ाएं। नवीन उपकेंद्रों के भूमि के लिए उपजिलाधिकारी से तत्काल संपर्क करके भूमि के लिए पत्र लिखने हेतु निर्देशित किया। टीकाकरण में कैराना को नो वन कॉन्टैक्ट कम होने पर नाराजगी जाहिर की और सभी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया समीक्षा करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार, सीएमएस डॉ किशोर आहूजा, एसीएमओ अश्वनी शर्मा, अतुल बंसल, डॉ करन चौधरी डीआईओ, डी पी ओ आईसीडीएस, समस्त चिकित्सा अधीक्षक एवं डीपीएम आशुतोष, डीसीपीएम फहीम अहमद अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माता-पिता सहित सात लोगों के खिलाफ
# पुलिस ने मामला किया दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर विवाहिता की शिकायत पर माता-पिता सहित सात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। आरोप है कि प्रार्थिया के विवाह के बाद से ही मायके वाले ससुरालियों से अवैध उगाही करते रहे हैं। इतना ही नहीं अब उन्हें झूठा मुकदमें में फंसाने की भी साजिश कर रहे हैं।

विवाहिता जैनब ने एसएसपी को दिए पत्र में बताया कि बीते वर्ष 10 फरवरी को गांव तिघरी में मोहम्मद आवेश के साथ हुआ था। आरोप है कि विवाह के बाद से उसके पिता ससुरालियों से अवैध धन की उगाही कर चुका है। पीडिता ने अपने पिता रईस अहमद, भाई तैय्यब, मसूद, मां किश्वर जहां, बहन असमा और शाह आलम निवासी खेड़ा दरवाजा थाना पुरकाजी मुजफरनगर सहित गांव तिघरी निवासी प्रवेज उर्फ केजरीवाल पर पति से तलाक लेकर अलग रहने का दबाव बनाते चले आ रहे हैं। पीडिता के मुताबिक उक्त आरोपी उसके पति और अन्य ससुरालियों से पैसे ऐठने के चक्कर में झूठे मुकदमें में फंसाने की फिराक में हैं जबकि वह अपनी ससुराल में बेहद खुश है। आरोप है कि बीते वर्ष सात जून को उसके मायके वालो ने झूठे मामले की तहरीर देकर उसे जबरदस्ती पुलिस के साथ मिलकर ससुराल से उठा ले गए थे। इतना ही नहीं आरोपियों ने बीते वर्ष ही नौ अगस्त को उसका चार माह

> विवाहिता का मायके वाले ससुरालियों से अवैध उगाही करने का लगाया आरोप एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच।

का जबरन गर्भपात करा उसके होने वाले बच्चे की भी हत्या करदी। पीडिता ने देवबंद पुलिस पर आरोपियो का सरंक्षण करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एसएसपी के आदेश पर मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ करदी।

# किरतपुर की बिजली व्यवस्था बदहाल होने से भीषण गर्मी में नागरिक परेशान

## जनप्रतिनिधि और अधिकारी बेपरवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां तापमान दिन-ब-दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। वहीं किरतपुर नगर के नागरिकों को बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। नगर की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था शादीपुर बिजली घर से जुड़ी हुई है, लेकिन यह व्यवस्था आए दिन फॉल्ट की शिकार हो रही है।

कभी तेज आंधी में पेड़ गिर जाते हैं तो कभी तारों से टकरा कर लाइनें टूट जाती हैं, जिससे घंटों तक बिजली गुल रहती है। सबसे सितम तो यह है




कि जब पूरा नगर अंधेरे और गर्मी से बेहाल होता है, तब बिजली विभाग के अधिकारी बिजनौर शहर में अपने अपने रूम में एसी और कूलर की ठंडी हवा में चैन की नींद सो रहे होते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है लेकिन न तो बिजली विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने आज तक इसका कोई स्थायी समाधान करने की कोशिश की। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

नगरवासी रोहित शर्मा, कफील अहमद, राशिद , कपिल, राजेश, सोनम, कविता, अब्दुल सत्तार, शमशाद, लतीफ, राजेश, कुड़वा सिंह, नत्थू सिंह जैसे सैकड़ों नगरवासी बताते है कि हमारे बच्चे रातभर गर्मी से तड़पते हैं। बुजुर्गों की तबीयत खराब हो रही है, लेकिन किसी को हमारी सुनने की फुर्सत नहीं।

दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। चुनाव के वक्त किए गए बड़े-बड़े वादे अब केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। नगर की विद्युत व्यवस्था बिल्कुल ठप है। अगर यह व्यवस्था ठीक नहीं होती तो अबकी बार चुनाव में नगर का यह प्रमुख मुद्दा अपना रंग दिखा सकता है।

# गीता दर्पण पत्रिका का किया गया विमोचन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट की आयोजित बैठक में धार्मिक पत्रिका गीता दर्पण संवत 2082 वर्ष 2025 का विमोचन किया गया।

बुधवार को श्री गीता भवन में आयोजित हुई बैठक में दून वैली स्कूल के प्रबंधक राजकिशोर गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट ने पत्रिका के माध्यम से आय व्यय विवरण, पंचांग समेत आवश्यक जानकारी समाज को उपलब्ध कराई है, जो बेहद सराहनीय है। पत्रकार अशोक गुप्ता व भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने ट्रस्ट के कार्यो की सराहना की। संयोजक सुशील कर्णवाल, दीपकराज सिंघल, देवी दयाल शर्मा व अजय गर्ग ने भी विचार रखे।

अध्यक्षता श्रवण सिंघल व संचालन महामंत्री सुधीर गर्ग ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष अजय बंसल, डॉ. विजेंद्र गोयल, विपिन राज गर्ग, देवीदयाल गर्ग, रितेश बंसल एडवोकेट, अखिल शर्मा, पंकज अग्रवाल, मंजू शर्मा, डॉ. कांता त्यागी व सभासद सुधा गांधी, अजय गांधी आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम FARKHANDA PRAVEEN से बदल कर FARKHANDA PARVEEN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

FARKHANDA PARVEEN
W\O AHTSHAM ALI 149
VILL-FULASI DEOBAND
(SAHARANPUR)

**आवश्यक सूचना**

एक वाद संख्या 670/2024 प्रवीण बनाम रेखा न्यायलय फेमली कोर्ट संख्या-2 मुजफ्फरनगर में विचाराधीन है जिसकी सुनवाई दिनांक 1/6/2025 को निहित है, जिसमें तिथि/समय अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद



**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसका चालान कर दिया है। मंगलवार रात्रि कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता आकाश निवासी ग्राम पावटी कलां बताया है। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

### ग्रामीण पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे



**कैराना।** आठ दिन पूर्व बाइक से स्टंट करने एवं पटाखा छुड़ाने का विरोध करने पर घर में घुसकर ग्रामीण पर हमला करने के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

विगत 20 मई को विशाल निवासी ग्राम रामड़ा ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि बाइक से स्टंट करने एवं पटाखा छुड़ाने का विरोध करने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से लैस गांव के ही सात लोगो ने उसके पिता कंवरपाल को घर में घुसकर हमला करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं, एसपी शामली ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले की जांच करके उचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी जिनेश व इन्दर निवासीगण ग्राम रामड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के चालान कर दिए है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि ग्रामीण से मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### कुवैत भेजने के नाम पर 1.07 लाख रुपए ऐंठने का आरोप

**कैराना।** गांव बसेड़ा निवासी व्यक्ति ने एक आदमी पर उसके पुत्र को कुवैत भेजने के नाम पर 1.07 लाख रूपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। क्षेत्र के गांव बसेड़ा निवासी आलिम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि गांव बराला कुकरहेड़ी निवासी एक व्यक्ति से उसकी जान-पहचान थी। यह व्यक्ति कुवैत रहकर आया था। उक्त व्यक्ति ने उसके पुत्र अमन को कुवैत भेजने की एवज में 1.05 लाख रूपए देने की मांग की। वह उसे पैसे देने के लिए तैयार हो गया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने वीजा लगने, मेडिकल होने आदि के नाम पर उससे 1.07 लाख रूपए ऐंठ लिए और अभी भी 1.30 लाख रूपए की और मांग कर रहा है। इस पर उसने और पैसे न होने की बात कही। आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापिस देने को कहा तो आरोपी उसे आंख दिखाने लगा। आरोपी ने पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### छात्रों के बीच मारपीट की दी तहरीर

**कैराना।** मोहल्ला पीरजादगान निवासी एक व्यक्ति ने 12वीं कक्षा के एक छात्र पर उसके दो पुत्रों के साथ में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। कस्बे के मोहल्ला पीरजादगान निवासी शकील अहमद ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसके दो पुत्र नुफैल व आमिर नगर के झाड़खेड़ी रोड पर स्थित एक विद्यालय में क्रमश: कक्षा-10 व 11 के छात्र है। इसी विद्यालय में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र नशा करता है और उसके पुत्रों से पैसों की मांग करता है। आरोप है कि पैसे न देने पर आरोपी युवक उसके पुत्रों के साथ में मारपीट करता है। आरोप है कि विगत 23 मई को आरोपी ने उसके दोनों पुत्रों के साथ में मारपीट की तथा बदमाशों के साथ मिलकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोपी की धमकी से बच्चे डरे-सहमे हुए है। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वृद्ध की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की बात कहते हुए उन्हें दोपहर के समय सुपुर्दे खाक कर दिया। नगर के मोहल्ला गुर्जरवाड़ा निवासी 80 वर्षीय चौ.अब्बल हसन प्रतिदिन की भाती बुधवार को सुबह फजिर की नमाज पढ़ने के बाद मंगलौर रोड की तरफ चहल कदमी करने के लिए गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन तुरंत उन्हें लेकर चिकित्सक के यहां पहुंचे जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दुर्घटना की खबर से पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई। लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। जिसके बाद दोपहर के समय नमाज ए जनाजा अदा करने के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कॉलोनीवासी जलभराव से परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नाले के गंदे पानी और सड़क पर होने वाले जलभराव से जनता कॉलोनी, गणेशपुरम व देवपुरम निवासी परेशान है। लोगों का आरोप है कि अनेकों बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। जनता कॉलोनी, देवपुरम और गणेशपुरम से गुजर रहे नाले की सफाई न होने के कारण इसका गंदा पानी प्लाटों में जाकर जमा हो रहा है। जिस कारण यहां मच्छर पैदा हो रहे हैं। गर्मी के मौसम में इसकी वजह से बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। कॉलोनीवासी नरेंद्र कुमार, आशीष, विश्वास और सौरभ आदि का कहना है कि अनेकों बार इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। यहां के हालात की वीडियो तक भेजी गई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। नाले का गंदा पानी प्लाटों में भर जाता है और वही कच्चे रास्ते पर भर जाता है।

जिस कारण चलना फिरना भी दुर्भर हो जाता है। उन्होंने समस्या का समाधान

# सिवालखास से नदीम चौहान ने किया मिशन 2027 का चुनावी आगाज

## बसपा से लड़ चुके हैं विधानसभा चुनाव, अखिलेश का संदेश लेकर शुरू किया प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व में सिवालखास विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले नदीम चौहान जब से समाजवादी पार्टी में शामिल हुए हैं तब से वह सिवालखास विधानसभा के अंदर अखिलेश का संदेश लेकर घूम रहे हैं और पीडीए की नीति और नियत के बारे में क्षेत्र की जनता को विस्तार से बता रहे हैं। नदीम चौहान एक लंबे समय से क्षेत्र की सियासत से जुड़े हैं। वह छात्र जीवन से ही क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर रहे हैं जिसके चलते उन्हें बसपा ने भी विधानसभा के लिए चुना था। इस बार वह पूरी ताकत के साथ मिशन 2027 को लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं। नदीम चौहान का कहना है कि वह अखिलेश यादव का संदेश लेकर और समाजवादी पार्टी की नीतियों को लेकर गांव गांव और घर-घर जा रहे हैं क्योंकि अखिलेश यादव के नेतृत्व में ही उत्तर प्रदेश न सिर्फ तरक्की कर सकता है बल्कि जिस तरीके का सां. प्रदायिक तनाव भाजपा सरकार में फैला है वह तनाव समाजवादी पार्टी की सरकार आने के बाद बदल जाएगा और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर देश के लोकतंत्र और गंगा जमुना तहजीब का नजारा देखने को मिलेगा।



नदीम चौहान ने कहा आज उन लोगों से जनता बेहद नाराज है जिन्होंने अखिलेश का नाम लेकर क्षेत्र की सत्ता कब्जाई। कुछ लोग सियासत का फायदा उठाने के लिए उन लोगों के साथ धोखा कर गए हैं जिन्होंने अपना कीमती वोट देकर उन्हें बड़े मुकाम हासिल कराए लेकिन जब बात जनता के अधिकार और उनके सम्मान की आई तो वह दूसरे पाले में खड़े हुए दिखाई दिए। नदीम चौहान ने दावा किया है कि क्षेत्र की जनता इस बार समाजवादी पार्टी को सिवाल खास से बड़ी जीत दिलाइगी। हिंदू हो या मुसलमान सिख हो या इसाई हर धर्म के लोग पीडीए के साथ हैं। इस बार 2027 में एक बार फिर अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे इसके बाद प्रदेश में हर जगह खुशहाली आएगी।

आपको बता दें कि नदीम चौहान बहुत लंबे समय से सिवालखास के अंदर सक्रिय राजनीति करते आए हैं वहीं उनका राजनीतिक कैरियर बेदाग रहा है उनकी पकड़ हर क्षेत्र में बनी हुई है। हर्रा, खिवाई, सरूरपुर, सिवाल खास, जानी खुर्द से लेकर क्षेत्र के मुस्लिम राजपूतों में नदीम चौहान की मजबूत पकड़ किसी से छिपी नहीं है। पिछली बार भी वह है चुनाव की कतार में थे लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में गठबंधन के चलते गुलाम मोहम्मद लोक दल के सिंबल पर टिकट लेने में कामयाब हो गए थे। इस बार नदीम चौहान सिवाल खास से अकेले ही चुनावी मैदान में दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अभी 2027 को बहुत समय बाकी है तब तक कई चेहरे मैदान में दिखाई देंगे, उसके बावजूद नदीम चौहान का कहना है कि समाजवादी पार्टी को अगर बड़ी जीत हासिल करनी है तो अभी से 2027 के मैदान में कूदना होगा और जनता को बताना होगा कि समा. जवादी पार्टी सिवाल खास के लिए क्यों जरूरी है।

## कई मुकदमों के वांछित आरोपी को पुलिस ने गाजियाबाद से किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी कई मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरोगा योगेश गिरी ने बताया कि आरोपी थाना क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव निवासी जुनैद पुत्र नाहिद के खिलाफ थाना फलावदा दर्ज संगीत धाराओं के मुकदमों में पिछले कई महीनो से वांछित चल रहा था पुलिस ने मंगलवार देर शाम गाजियाबाद के कौशांबी से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया।



## ई रिक्शा हटाने को लेकर युवक को डंडे से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बुधवार को क्षेत्र के ग्राम महल निवासी जगवीर सिंह ने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसने अपनी ई रिक्शा एक अत्तार की दुकान के सामने खड़ी कर रखी थी। इसी दौरान युवक ने ई रिक्शा हटाने के लिए धमकाते हुए गाली गलौज की। विरोध करने पर युवक ने डंडे से मारपीट शुरू कर दी। उसके पैर व कमर में काफी चोटें आईं। जगवीर ने बताया कि उक्त युवक कमरपाल पूर्व में भी उसके साथ मारपीट कर चुका है वो आए दिन धमकी देता रहता है। बुधवार को भी उसने ई रिक्शा हटाने को लेकर उसे डंडे से पीटा जिससे उसके घुटने की पाली उतर गई और शरीर पर भी चोट के निशान है। वहीं युवक को डंडे से पीटने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अहिल्याबाई होलकर का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत: आदेश फौजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी।** अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत बुधवार को सिवालखास विधानसभा के ब्लॉक जानी में आयोजित सिवालखास विधानसभा में गोष्ठी सम्मेलन में सम्मिलित हुआ। जिसमें वक्ता के रूप में भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी रहे एवं मुख्यअतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष बागपत नीरज शर्मा रहे।

अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने की संचालन जिला मंत्री ब्रजबीर सैनी ने किया। यह आयोजन लोकसेवा, नारी शक्ति और आदर्श शासन प्रणाली के प्रेरणास्रोत अहिल्याबाई होलकर के महान व्यक्तित्व को स्मरण करने का एक अद्वितीय प्रयास है। इस दौरान आदेश फौजी ने प्रेरणा स्रोत अहिल्याबाई होलकर के बारे में विस्तार से बताया। इस शुभ अवसर पर जिला महामंत्री हरीश चौधरी, भाजपा नेता राहुल ढढरा, जिला अध्यक्ष (युवा मोर्चा) मोहन गुर्जर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू सेठी, जिला अध्यक्ष (किसान मोर्चा) पंकज चौहान, मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, मंडल अध्यक्ष बोबी शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदेश कसाना, मंडल अध्यक्ष रविन्द्र चौहान, मुकेश बाफर, सेकेट्री ब्लॉक के कर्मचारी साथी ग्राम प्रधान, कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



## नगर पंचायत कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन होगा जारी

■ 30 मई को कर्मचारियों का होने वाला धरना स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत कार्यालय में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी व अधिशासी अधिकारी और नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच काफी दिनों से कुछ बातों को लेकर मतभेद चल रहा था जिसमें बैठक कर सभी के बीच समझौता हो गया और कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी जिसमें सभी हस्ताक्षर कर्ता भी मौजूद रहे वहीं 30 मई को होने वाली हड़ताल को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया ने स्थगित करने की घोषणा की। समझौते के दौरान तय हुआ कि 6 महीने से जो आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन का सत्यापन न होने पर वेतन रोक दिया गया था उनका पुन सत्यापन करते हुए वेतन निर्मित करने के आदेश आउटसोर्सिंग एजेंसी को दिए गए। आबादी के अनुसार कर्मचारी बोर्ड प्रस्ताव होने पर कर्मचारी बढ़ाने पर सहमति बनी, सेवानिवृत व मृत कर्मचारियों के बीमा धनराशि के लिए लखनऊ पत्राचार किया जाएगा। कर्मचारियों के खाते से होल्ड हटाकर उनके खातों में धनराशि 2 सप्ताह में डाल दी जाएगी। सभी कर्मचारियों का वेतन महीने की 5 तारीख तक खातों में भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया, सूरज टांक, शाखा अध्यक्ष यादराम, हरिकिशन, गौरव, लक्ष्मी, सुनील, राकेश, दीपक, सो. हनलाल, मोहनलाल, विक्रम पाल सभासद आदि मौजूद रहे।



## डीपीएम पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा के प्रांगण में एक प्रेरणादायक एवं सराहनीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना एवं छात्रें में प्रकृति के प्रति प्रेम भाव को विक. सित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी एवं प्रधानाचार्य जिया जैदी द्वारा पौधारोपण करके किया गया। इस अवसर पर सचिव ने स्कूल परिसर में बरगद, पीपल, नीम, आम जैसे छायादार गुणों से युक्त पौधों का रोपण किया। प्रेरणादायक पहल के अंतर्गत सचिव जगदीश त्यागी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। ये हमें न केवल प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ, संतुलित एवं हरित बनाए रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़ लगाकर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना चाहिए। प्रधानाचार्य जिया जैदी ने इस अवसर पर छात्रें और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को प्रकृति के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी से अवगत कराना आवश्यक है। विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह समाज निर्माण का आधार भी है। हमें मिलकर एक हरित और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कार्य करना चाहिए।



## एआईएमआईएम ने ईद-उल-अजहा को लेकर अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

■ प्रदेश सचिव शादाब चौहान ने एसएसपी से की मुलाकात

■ जिलाध्यक्ष फहीम चौधरी ने डीएम को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुस्लिम समाज के सबसे बड़े त्यौहार ईद उल अजहा यानी बकरा ईद को लेकर एआइएमआइएम के प्रदेश सचिव शादाब चौहान व जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने मेरठ जनपद के अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे ईद उल अजहा के मौके पर मुस्लिम समाज की भावनाओं को समझने और कुर्बानी के जानवर को लाने ले जाने के दौरान सुरक्षा मुहैया कराने व वैध जानवर को अवैध बताकर हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ पशु पैंठ की व्यवस्था करने की मांग की है। इस दौरान शादाब चौहान ने मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन टांडा से मुलाकात कर ईद उल अजहा के अवसर पर कुर्बानी के दिन सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ अनुरोध किया कि कुर्बानी के पशु बाजार पेट में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही साथ कुरैशी समाज को बेवजह प्रताड़ित ना किया जाए क्योंकि कुछ लोग जानबूझकर त्यौहार पर हंगामा करते हैं और वैध पशु को अवैध बताकर माहौल बिगड़ने का प्रयास करते हैं। साथ ही साथ त्यौहार के दौरान अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ- सख्त कार्रवाई करने की मांग भी शादाब चौहान ने एसएसपी से की। इस दौरान जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी उनके साथ रहे। वहीं दूसरी ओर जिला अध्यक्ष फहीम चौधरी ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डीएम को दिया, जिसमें उन्होंने ईद उल अजहा के मौके पर साफ सफाई सुरक्षा व अराजक तत्वों से इस त्यौहार को बचाने की मांग की। वहीं अलीगढ़ मे मुस्लिम समाज के साथ हुए मोब लिंचिंग का विरोध जताया और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। फहीम चौधरी ने दिए ज्ञापन में लाइसेंस धारी मीट व्यापारियों को बेवजह परेशान न करने की अपील की। उन्होंने कहा की यह त्यौहार कुर्बानी से जुड़ा हुआ है और कुछ लोग वैध पशुओं को अवैध बताकर हंगामा खड़ा करने की नियत और प्रदेश का माहौल बिगड़ने की नीयत से काम करते हैं एआइएमआइएम के जिला अध्यक्ष ने मुस्लिम समाज के लिए कई बड़ी मांगे रखी और कहा कि एआइएमआइएम मुस्लिम समाज के साथ-साथ सभी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर बेवजह धर्म देखकर किसी को परेशान किया गया तो एआइएमआइएम मजबूती के साथ सड़क पर आएगी।





## रियलमी जीटी 7 सीरीज भारत में लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रियलमी ने भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है , जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी जीटी 7 सीरीज के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। यह केवल सर्वोच्च विशेषताओं के बारे में नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के बारे में हैए जिसमें आज के युवाओं की पसंद के अनुरूप जबरदस्त पॉवर, इंटैलिजेंस और क्राफ्ट्समैनशिप हो।

## गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ग्राम इकला रसूलपुर में स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में एजुकेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शाहीन अकैडमी मेरठ की टीम ने मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए मेडिकल की पढ़ाई नीट परीक्षा के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्कूल के प्रबंधक फखरे आलम ने कहा कि बेटियों का साहस ही उन्हें आगे बढ़ने का मौका देता है हमें अपने आप को सकारात्मक रूप से मजबूत करना होगा और ऐसे लोगों के संपर्क में रहना होगा, जो हमारा मार्गदर्शन करें।

कार्यक्रम संयोजक चीफ पी आर शाहीन अकैडमी डाक्टर ताबिश फरीद ने संचालन करते हुए कहा जो छात्र-छात्राएं स्कॉलरशिप टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें शाहीन अकैडमी मेरठ 100प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान करेगी। कार्यक्रम में रिटायर्ड मेजर अतिक ने कहा कि हमें दृढ़ संकल्प लेकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में शाहिन अकैडमी मेरठ से आए भौतिकी विज्ञान विद्वान शायान उमर, डायरेक्टर अहसान उल हक आदि ने बच्चों को इंटर के बाद नीट की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उमर फारूख ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य वसीम, सानुल कुर्बान, नदीम कारी, आदिल आदि उपस्थित रहे। वहीं बच्चों को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।



## उजली माता के मेले में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मांगी मन्नतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** क्षेत्र के अमरोली उर्फ बड़ा गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उजली माता सेवा समिति के तत्वाधान में माता की याद में लगने वाले मेले का उद्घाटन किया गया। प्रात: सर्वप्रथम मंदिर के परिसर में प्रसिद्ध पंडितों के द्वारा महायज्ञ में अतिथियों द्वारा पूर्णाहुति प्रदान की गई। माता के दरबार में पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया।

इसके उपरांत उजली माता के मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़कर माथा टेकते हुए मन्नतें मांगी है। इसके उपरांत 1100 कन्याओं को भोग लगाया गया।मंदिर परिसर में जागरण मंडली द्वारा महिलाओं ने भजन और कीर्तन प्रस्तुत करते हुए माता की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम समापन के दौरान बड़े भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है। मेले में कई प्रकार के हिंडोले, व मनोरंजन के साधन के अलावा खेल खिलौनों की दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी करी। मुख्य रूप से संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष अश्वनी बिश्नोई, व्यापारी नेता अजय शर्मा, कथावाचक आचार्य बृजमोहन बिश्नोई, ने माता के मंदिर में माता माथा टेकते हुए मन्नते मांगी। आयोजनकर्ता मंदिर समिति के अध्यक्ष संजीव गुर्जर, सुभाष प्रधान, तरुण विश्वकर्मा ,सुधीर गुर्जर, हिमांशु रस्तोगी शिवकुमार बिरजू प्रधान, डॉ. श्रवण, हरीश सैनी,नवीन आदि गांव के लोगों का सहयोग रहा है।



## 2027 के लिए सभी कार्यकर्ता हो एकजुट: जुगल किशोर

### जो मीटिंग में हैं मौजूद वही है असली समाजवादी: विपिन चौधरी

■ सपा की समीक्षा बैठक में नहीं पहुंचे विधायक तो नाराज हुए जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। समाजवादी पार्टी के संगठन को महानगर में मजबूत बनाने के लिए सपा के प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि कई दिन से मेरठ में घूम-घूम कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं इसी कड़ी में बुधवार को पार्टी कार्यालय पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी विधायकों पदाधिकारी को आने की हिदायत दी गई थी, लेकिन इस समीक्षा बैठक में समाजवादी पार्टी के किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सरधना विधायक अतुल प्रधान, शहर विधायक रफीक अंसारी पूरी तरह नदारद दिखे, जब वरिष्ठ नेताओं को समीक्षा बैठक से दूर देखा तो मीडिया कर्मियों ने कई सवाल किये जिस पर सपा जिला अध्यक्ष ने कहा है कि इस समय जो कोई समीक्षा बैठक में है और जो इस समय पार्टी कार्यालय पर मौजूद है वही असली समाजवादी है बाकी किसी चोरों के बारे में हमें नहीं कहना। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के मुंह से निकले बोल कई लोगों के चुभते हुए दिखे।, इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए वह कार्यकर्ताओं के बीच पहुंच रहे हैं वार्ड वाइज और बूथ वाइज जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिसके बल पर हम मेरठ के अंदर सभी सीटों पर चुनाव जीत कर दिखाएंगे। वहीं सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी का सहयोग चाहिए ऐसे में जो लोग दूरी बना रहे हैं कहीं न कहीं वह संगठन को कमजोर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी ने पार्टी को महानगर में मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से 2027 की तैयारी करने के लिए कहा इस दौरान सबसे ज्यादा फोकस कैंट विधानसभा पर देखा गया। सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि कैंट में इस बार समाजवादी पार्टी सभी को चौकाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सलाह दी। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, मुख्य गुर्जर व कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि व मौजूद सपाई।

## तीनों विधायकों ने बनाई समीक्षा बैठक से दूरी

समाजवादी पार्टी के मेरठ प्रभारी पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि पार्टी के संगठन को वार्ड और बूथ वाइज खड़ा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ऐसे में जब समीक्षा बैठक आयोजित हुई तो उनके तीन मजबूत स्तंभ ही गायब दिखे। सरधना विधायक अतुल प्रधान, विधायक मंजूर, विधायक रफीक अंसारी तीनों विधायकों ने न सिर्फ समीक्षा बैठक में पहुंचना मुनासिब समझा बल्कि संगठन की कई मीटिंग से भी नदारद रहे हैं तीनों ही विधायक अपने-अपने गुट को लेकर बैठे हैं। किठौर विधायक शाहिद मंजूर, सरधना विधायक अतुल प्रधान को बर्दाश्त नहीं करते, वहीं अतुल प्रधान भी शाहिद मंजूर से अलग गुट लेकर चल रहे हैं तीसरी ओर शहर विधायक रफीक अंसारी भी अब सबसे अलग दिखाई देते हैं इन तीनों से अलग सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी सभी में सामंजस से बिठाने की जद्दोजहद में लगे हैं लेकिन पार्टी के अंदर अपने-अपने वजूद और रसूख के चलते सपा के तीनों विधायक पार्टी को तीन फाड़ करके चल रहे हैं ऐसे में 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए कितना मुफीद और कितना मजबूत हो सकता है यह सोचने वाली बात है।

## पूर्व विधायक योगेश वर्मा की माता हॉस्पिटल में भर्ती

समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व विधायक योगेश शर्मा भी मीटिंग से नदारत रहे। योगेश वर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर रात उनकी माता को चोट लग गई जिसके कारण उन्हें मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर डाक्टरों ने बताया कि गिरने के कारण उनकी माता को काफी चोट आई है फिलहाल योगेश वर्मा की माता जी को मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# पंजाब-आरसीबी की नजर फाइनल पर

**चंडीगढ़, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 क्वालीफायर वन मुकाबले से पहले आरसीबी जॉश हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी से उत्साहित है और टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के लिए मैदान में उतरेगी। वहीं पंजाब किंग्स अपनी मजबूत बल्लेबाजी लय और घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर फाइनल में पहुंचना चाहेगी। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को होने वाले यह मुक. ाबला जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। प्लेऑफ में हमेशा मुकाबला आक्रामक होता रहा है। हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और फिनिशिंग पावर पंजाब किंग्स की मजबूत टीम को हराने सहायक होगी। आईपीएल के इस सत्र में





● हेजलवुड और डेविड की वापसी से आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण मजबूती देगा और पंजाब को हराने में सहायक होगी

आरसीबी के लिए 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड का तेज गेंदबाजी आक्रमण, अनुभव, अनुशासन और नियंत्रण उनकी क्षमता को बेहतरीन बनाता हैं। बीच के ओवरों में उनकी रन रोकने और महत्वपूर्ण विकेट लेने की क्षमता पंजाब की गहरी बल्लेबाजी लाइन. अप को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हेजलवुड के साथ, अनुभवी भारतीय खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार और क्रुणाल पांड्या की ऑलराउंड क्षमता आक्रमण में और गहराई और विविधता जोड़ती है। टिम डेविड डेथ ओवरों में बड़े शॉट लगाकर मैच फिनिशिंग के लिए जाने जाते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की बल्लेबाजी में विराट कोहली अहम भूमिाक निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60-20 की औसत से 600 से अधिक रन बनाए हैं और लगातार अच्छी बल्लेबाजी ने आरसीबी को मजबूत स्थिति में रखा है। फिल साल्ट शीर्ष पर तेज शुरुआत प्रदान करता है, जबकि रजत पाटीदार ने हाल ही में फिटनेस संबंधी परेशानियों के बावजूद 140 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से महत्वपूर्ण रन बनाए हैं। मयंक अग्रवाल और रोमारियो शेफर्ड का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा है। पंजाब किंग्स को कम तर नहीं आंका जा सकता है। टीम ने 14 मैचों में से नौ जीत के साथ लीग स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही। उनकी बल्लेबाजी संतुलित और लचीली है। उसके पास प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की धाकड़ सलामी जोड़ी है। यह जोड़ी टीम की मजबूत नींव रखने में मददगार रही है। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्य क्रम में 172 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 500 से अधिक रन बनाए हैं। मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और शशांक सिंह के अंतिम ओवरों में योगदान ने अक्सर पंजाब के पक्ष में मैच पलटा है। गेंदबाजी की बात की जाए तो अर्शदीप सिंह पंजाब किंग्स की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने अब तक टूर्नामेंट में 18 विकेट लिए है। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की अनुपस्थिति एक चुनौती है। काइल जैमीसन से अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने की उम्मीद है, हालांकि उनकी इकॉनमी रेट टीम के लिए लचता का विषय रही है। युजवेंद्र चहल की स्पिन टीम को बीच के ओवरों में रन रोकने और विकेट लेने की क्षमता दिखाती। मुल्लांपुर की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 170 के आसपास रह सकता। कुल मिलाकर देखा जाए तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलरु और पंजाब किंग्स की टीमें संतुलित दिख रही हैं ऐसे में हेजलवुड और टिम डेविड की वापसी आरसीबी के बोनस साबित हो सकता है।

## आईपीएल का फाइनल सशस्त्र बलों को समर्पित करना सराहनीय कदम: गंभीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बुधवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले को सशस्त्र बलों को समर्पित करना वास्तव में 'अविश्वनीय' सराहनीय कदम है और यह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाता है। गंभीर ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मैं अक्सर कई मामलों में बीसीसीआई की आला. ेचना करता रहा हूं, लेकिन यह पहल वास्तव में सराहनीय है। सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। यह दर्शाता है कि पूरा देश एकजुट है और हमारे सशस्त्र बलों को सलाम कर रहा है। बिना किसी स्वार्थ के हमारी रक्षा करने के लिए मैं सशस्त्र बलों को



■ सशस्त्र बलों को समर्पित किया गया कोई भी कार्य को हमारा पूर्ण समर्थन है

श्रेय देता हूं। मुख्य कोच गंभीर ने कहा कि हमारे सैनिक बदले में कुछ भी अपेक्षा किए बिना हमारी सेवा करते हैं, सुरक्षा करते हैं और बलिदान देते हैं। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल क्रिकेट संस्था के लिए बल्कि इससे भी अधिक वर्दीधारी बहादुर पुरुषों और महिलाओं के लिए व्यापक सराहना

### खेल विशेष

## धीमे ओवर गति के लिए पंत पर लगा 30 लाख का जुमार्ना

**लखनऊ, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। ऋषभ पंत का आईपीएल के इस सत्र में यह तीसरा अपराध है। आईपीएल के नये नियमों के तहत पंत पर प्रतिबंध लगाने की बजाए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस दौरान मैच में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर या तो 12 लाख रुपये या उनके मैच शुल्क का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में धीमे ओवर रेट के लिए पंत पर यह जुर्माना लगाया गया है। इस मैच में पंत ने 61 गेंदों में (नाबाद 118) रन की पारी खेलते हुए तीन विकेट पर 227 रन तक पहुंचाया। आरस. ीबी ने जितेश (नाबाद 85) और कोहली (54) की शानदार पारियों की बदौलत यह लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया था।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में अर्जेंटीना को रौंदा

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में नियमित समय में स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटाआउट में मेजबान अर्जेंटीना को 2-0 से हराया। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के लिए कनिका ने (44वें) मिनट में एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोल दाग कर टीम की जीत सुनिश्चित की। अर्जेंटीना की डेल वैले ने (10वें) मिनट पहले क्वार्टर में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के 44वें मिनट से गोलकर स्कोर 1-1 से बराबरी पर लाकर टीम को मुक. ाबले में वापस ला दिया। निर्धारित समय में स्कोर बराबरी पर रहने पर मैच में परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

# यूनुस खान बनें पाकिस्तान के मुख्य टेस्ट कोच: वसीम अकरम

● पाकिस्तान के गेंदबाज ने कहा: यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है



**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम अपने वजूद की तलाश में है। हाल फिलहाल में इस टीम का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो हर्श हुआ है, वह किसी से छिपा नहीं है। एक के बाद एक टूर्नामेंट में पहले दौर से ही बाहर होने के बाद टीम और मैनेजमेंट स्तर पर कई बदलाव हुए। हालांकि, इसका फायदा नहीं मिला। कोच से लेकर खिलाड़ियों को हटाया गया, लेकिन फिर भी टीम के प्रदर्शन में सुधार नहीं है। हाल फिलहाल में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को सीमित ओवर क्रिकेट का मुख्य कोच नियुक्त किया था, जो गैरी कर्स्टन के जाने के बाद से खाली था। अब पीसीबी के सामने नए टेस्ट कोच को लाने की जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के महान गेंदबाज वसीम अकरम ने एक नाम का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यूनुस खान टेस्ट में पाकिस्तान के मुख्य कोच पद के लिए उपयुक्त हैं। अकरम ने कहा कि यूनुस में लंबे प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की क्षमता है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने कराची में एक कार्यक्रम में कहा, श्मेरा मानना है कि यूनुस एक बहुत अच्छा विकल्प है। वह मेरी पसंद होगा लेकिन सब कुछ उसकी उपलब्धता और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की सोच पर निर्भर करता है। यूनुस इससे पहले 2021 में दो साल के लिए पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच नियुक्त हुए थे। उन्होंने हालांकि बोर्ड के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के कारण छह महीने में ही इस्तीफा दे दिया था। तब तेज गेंदबाज हसन अली के साथ भी उनका विवाद हुआ। वह इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान की टीम से मेंटर के तौर पर जुड़े थे। टेस्ट कोच के पद के लिए मिस्बाह उल हक, अजहर महमूद और सकलैन मुश्ताक के नाम चर्चा में हैं, लेकिन वसीम ने अच्छी युवा टीम बनाने के लिए यूनुस का समर्थन किया। अकरम ने कहा, श्मुझे लगता है कि यूनुस खिलाड़ियों की मानसिकता बदल सकते हैं और टेस्ट टीम में नयापन ला सकते हैं।

● बीसीसीआई का चौंकाने वाला फैसला ●

# पद से हटाए गए टी दिलीप, अब इंग्लैंड भी जाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम के लिए यह महीना कुछ चौंकाने वाला रहा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास ने दुनिया भर के फैंस को चौंका कर रख दिया। इसके बाद आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल नए टेस्ट कप्तान बनाए गए। हालांकि, यह सब घटनाएं पिछली दो टेस्ट सीरीज से जुड़ी हुई हैं। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार ने इस बदलाव को अंजाम दिया।

सिर्फ खिलाड़ी के स्तर पर बदलाव नहीं हुए, बल्कि टीम मैनेजमेंट में भी काफी उथल पुथल देखने को मिली थी। सहायक कोच अभिषेक नायर और फील्डिंग कोच टी दिलीप को पिछले महीने उनके पद से बर्खास्त किया गया। हालांकि, अब बीसीसीआई ने एक बार फिर सभी को चौंकाते हुए और अजीबोगरीब फैसला लेते हुए टी दिलीप को वापस बुलाया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। दरअसल, बीसीसीआई ने उपयुक्त विकल्प नहीं मिलने के बाद टी दिलीप को आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम के फील्डिंग कोच के रूप में फिर से नियुक्त करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद कोचिंग स्टाफ में फेरबदल

● बोर्ड ने उन्हें फिर फील्डिंग कोच नियुक्त किया, घरेलू टेस्ट सीरीज और ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर हार बना कारण

किया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024-25 बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के खराब प्रदर्शन के लिए नायर और दिलीप को दोषी मानते हुए उन पर गाज गिरी थी और बोर्ड ने पिछले महीने दोनों को हटाने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, श्दिलीप एक अच्छे कोच हैं जिन्होंने तीन साल (2021 से) से अधिक समय तक टीम के लिए अच्छा काम किया। वह इनमें से अधिकांश क्रिकेटरों को बहुत करीब से जानते हैं इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ बड़ी सीरीज के लिए टीम में शामिल करना अच्छा ही होगा। बीसीसीआई नए फील्डिंग कोच के रूप में किसी विदेशी को लाने के लिए बहुत उत्सुक था, लेकिन बोर्ड निश्चत समय में ऐसा नहीं कर सका। दिलीप को हटाने के बाद सहायक कोच रेयान टेन डेशकाटे को फील्डिंग कोच की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई थी। सूत्र ने कहा कि इसलिए इस समय कोई नया नाम लाने का कोई मतलब नहीं है और दिलीप खिलाड़ियों के बीच भी बहुत लोकप्रिय हैं। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दिलीप ने पहले कुछ लोकप्रिय सुझाव पेश किए थे, जिससे टीम में फील्डिंग का स्तर सुधरा भी था। इनमें मैच के दिन सर्वश्रेष्ठ फील्डर को पदक देना या उन पदकों को वितरित करने के लिए कुछ दिग्गज हस्तियों को लाना शामिल हैं।

नवनियुक्त टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रिजर्व बल्लेबाज बी साई सुदर्शन छह जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के दूसरे चार दिवसीय मैच से चूक सकते हैं। ये दोनों गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं। अगर गुजरात की टीम तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाती है तो गिल और सुदर्शन दोनों के लिए मैच से पहले भारत ए में शामिल होना मुश्किल होगा। इसके अलावा उन्हें इंग्लैंड में अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से जल्दी से जल्दी लाल गेंद के प्रारूप में ढलना होगा। भारत ए के कोच भारत के पूर्व खिलाड़ी ऋषिकेश कानितकर होंगे और उन्हें रेयान टेन डेशकाटे (बल्लेबाजी कोच) और ट्राय कूली (गेंदबाजी कोच) का साथ मिलेगा।

## जितेश ने खेली आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ पारी: टॉम मूडी

**लखनऊ, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अर्द्धशतकीय पारी के साथ टीम को न सिर्फ जीत दिलाई, बल्कि क्वालिफायर-1 में भी पहुंचा दिया। उनकी इस पारी ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टाम मूडी को प्रभावित किया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए लीग चरण के आखिरी मुकाबले में आरसीबी के कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, श्मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है। प्लेयर ऑफ द मैच जितेश ने 33 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्हें मयंक का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 23 गेंद पर नाबाद 41 रन की पारी में पांच चौके जड़े। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 45 गेंद में 107 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। मूडी ने आगे कहा कि परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की। वह जिस तरह से खेल रहे थे उसे देखकर लग रहा था कि वह इससे पहले भी कई बार ऐसा कर चुके हैं। आरसीबी की पारी के 12वें ओवर में विराट को. हली (54) के आउट होने के बाद जितेश क्रीज पर आए थे। तब आरसीबी का स्कोर चार विकेट पर 123 रन था।

# अमेरिका ने ओमान को नौ रनों से हराया

### विश्व कप लीग-2

**अमेरिका, वार्ता।** साई तेजा एम (73), स्मित पटेल (41) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) की शानदार पारियों के बाद जसदीप सिंह और हरदीप सिंह (तीन-तीन विकेट) की बदौलत अमेरिका ने मंगलवार रात विश्व कप लीग दो के एकदिवसीय मुकाबले में ओमान को नौ रनों से शिकस्त दी। फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ मैदान पर खेले गए मुकाबले में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमे. रिका के लिए स्मित पटेल और शयन जहांगीर की सलामी जोड़ी ने 69 रन जोड़े। 11वें ओवर में सुफयान महमूद ने शयन जहांगीर (37) को आउट कर ओमान को पहली सफलता दिलाई। 16वें ओवर में आमिर ने स्मित पटेल (41) को आउटकर अमेरिका को




दूसरा झटका दिया। अमेरिका ने निर्धारित 50 ओवरों में कप्तान मोनांक पटेल(26), साई तेजा एम (73), हरमीत सिंह (33) और संजय कृष्णमूर्ति (नाबाद 40) आदि के योगदान से आठ विकेट पर 293 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओमान की ओर से सुफयान महमूद ने तीन विकेट लिए। शकील अहमद आमिर कलीम को दो-दो विकेट मिले। समय श्रीवास्तव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। अमे. रिका के 293 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में आमिर कलीम (पांच) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मुजीबुउर अली ने कप्तान जतिंदर सिंह के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में जतिंदर सिंह (40) के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। तीसरे विकेट के रूप में मुजीबुउर (19) रन बनाकर आउट हुये। हम्माद मिर्जा ने (50)रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। विनायक शुक्ला ने (46) और सुफयान महमूद (72) रनों की पारी खेली। आखिरी ओवरों में अमेरिकी गेंदबा. जों ने कसी हुई गेंदबाजी की। ओमान के बल्लेबाज निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 284 रन ही बना सके और उनकी टीम नौ रन से मुकाबला हार गई।

## भारत 44 साल बाद एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की करेगा मेजबानी

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत 44 सालों के बाद अगले साल अहमदाबाद में होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत ने पिछली बार 1982 में नई दिल्ली में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था। वर्ष 2026 एक से 10 अप्रैल तक चलने वाली इस चैंपियनशिप में एशियाई मंच पर भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक ऐतिहासिक वापसी होगी। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में 2024 में हुई एडब्ल्यूएफ कांग्रेस में इस चैंपियनशिप को गुजरात के गांधीनगर को आबंटित किया गया था। जिसका आयोजन स्थल अब बदलकर अहमदाबाद कर दिया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) द्वारा शुरू की गई नई भार श्रेणियों के तहत आयोजित होने वाली पहली एशियाई चैंपियनशिप भी होगी। इससे वैश्विक स्तर पर खेल के लिए एक नए युग की शुरुआत होगी। यह चैपियनशिप भारतीय भारोत्तोलकों की नई पीढ़ी को मंच प्रदान करेगी।

## पुरी समुद्र तट पर अवैध जल क्रीड़ा सुविधा ध्वस्त

**पुरी, वार्ता।** ओडिशा के पुरी जिला प्रशासन ने पुरी बीच के बलियापांडा इलाके में चल रही एक अवैध जल क्रीड़ा सुविधा को ध्वस्त कर दिया है। स्काई डाइव एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स नाम से चल रही यह सुविधा उचित प्राधिकरण या सुरक्षा उपायों के बिना पर्यटकों को स्पीडबोट की सवारी और स्काईडाइविंग का अनुभव प्रदान कर रही थी। यह कार्रवाई पिछले शनिवार को एक स्पीडबोट पलटने से हुयी दुर्घटना के बाद की गई क्योंकि इस दुर्घटना में सभी यात्री समुद्र में गिर गए थे। इन यात्रियों में क्रिकेटर सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष गांगुली और उनकी पत्नी अर्पिता



# विराट ने रचा इतिहास

● टी-20 में 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज वार्नर को पछाड़ा

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में किसी एक टीम की तरफ से खेलते हुए 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। किंग कोहली ने इस मुकाबले में 24 रन बनाते ही टी-20 में 9004' रन बना लिए। कोहली ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2008 में आरसीबी के साथ की थी, तब से वह इसी टीम का हिस्सा हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में उनका बल्ला जमकर गरजा और वह 9000 रनों का आंकड़ा छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ उन्होंने 27 गेंदों में सत्र का आठवां अर्द्धशतक जड़ा। वह 30 गेंदों में 10 चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। को. हली इसके साथ ही आईपीएल में सर्वाधिक अर्द्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। लखनऊ के खिलाफ पचासा जड़ते ही वह इस मामले में डेविड वार्नर से आगे निकल गए। इससे पहले कोहली और वार्नर संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। इन दोनों बल्लेबाजों के नाम आईपीएल में 62 अर्द्धशतक लगाने का रिकार्ड दर्ज था। हालांकि, अब कोहली के नाम 63 अर्द्धशतक हो गए हैं। रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने आईपीएल में 46 अर्द्धशतक लगाए हैं। एक सीजन में सबसे ज्यादा अर्द्धशतकीय पारी खेलने के मामले में यह कोहली का तीसरा सफल सीजन है। उन्होंने 2016 में 11 और 2023 में आठ पचासे लगाए थे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड हुई रवाना

■ भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेंगी

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का 24 सदस्यीय दल कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में 28 मई से शुरु हो रही एफआईएच प्रो लीग यूरोपीय चरण के लिए बुधवार को यहां से नीदरलैंड के लिए रवाना हो गई।

हॉकी इंडिया की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला टीम आठ जून तक नीदरलैंड के एम्सटर्डम में अभ्यास करेगी। उसके बाद टीम लंदन जाएगी, जहाँ उसे ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैच खेलने हैं। भारतीय महिला टीम 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम से भिड़ेगी, उसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना की महिला टीम से मैच खेलेगा। इसके बाद, टीम 19 जून को एंटवर्प जाएगी, जहाँ उसे बेल्जियम की राष्ट्रीय टीम के खिलाफ



फाइल फोटो

21 और 22 जून को अपने अगले दो मैच खेलने है। भारतीय टीम 28 और 29 जून को जर्मनी के बर्लिन में चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ यूरोपीय चरण का समापन करेंगी। नीदरलैंड रवाना होने से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि हम चार बहुत मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि हम अपने मैचों से पहले एम्सटर्डम में अपनी रणनीति को और बेहतर बनाएंगे।

## सीपीएल का दूसरा संस्करण 31 मई से होगा शुरू

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात के अहमदाबाद में क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीपीएल) का दूसरा संस्करण 31 मई से शुरु होगा। चिरिपाल ग्रुप के प्रमोटर और सीपीएल के सह-संस्थापक रोनक चिरिपाल ने बुधवार को यहां यूनीवार्ता को बताया कि सीपीएल 2025 गुजरात की क्रिकेट खेलने की भावना को जागृत कर सके और सच्ची प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का एक प्रमुख मंच बनाने के सपने को साकार करने की दिशा में लिया गया दूसरा दृढ़ कदम है। क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण एसजी हाईवे पर, निरमा यूनिवर्सिटी के सामने स्थित एसजीवीपी ग्राउंड्स में 31 मई से 14 जून, 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिरिपाल ग्रुप की प्रमुख पहल, सीपीएल का आयोजन करने का मिशन शीर्ष रणजी ट्रॉफी खिलाड़ियों और उभरती हुई स्थानीय प्रतिभाओं को एक संगठित, प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करके गुजरात के घरेलू क्रिकेट के परिदृश्य को नए स्तर पर ले जाना है।

# भारत की सतर्कता

भले ही भारत-पाक के बीच सीजफायर हो गया हो, लेकिन दोनों देशों में अब भी आपसी विश्वास की भारी कमी देखी जा रही है। भारत अपनी तरफ से किसी तरह की कोई ढिलाई बरतना नहीं चाहता। तभी तो वह सीमावर्ती राज्यों में मॉकड्रिल करने जा रहा है। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, जम्मू के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों में युद्ध के समय किसी तरह का बेवजह का तनाव पैदा न हो। वह अपने आपको बचाने के लिए यह मॉकड्रिल की जा रही है। गुरुवार (आज) को जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान में मॉकड्रिल होगी। जबकि पंजाब में तीन जून को यह ड्रिल होगी। मॉकड्रिल एक तरह की प्रेक्टिस है, जिसमें हम यह देखते हैं कि अगर कोई इमरजेंसी जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला हो जाए तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करते हैं। इसी तरह ब्लैक आउट एक्सरसाइज का मतलब है कि तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइट बंद कर देना। इसका मतलब यह होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे, तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। सात मई को देश के 44 शहरों में 12 मिनट का ब्लैक आउट किया गया था। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर के चलते एयरस्ट्राइक की थी। जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। जाहिर है यह मॉकड्रिल बताती है कि भारत-पाकिस्तान को यह संदेश भी देना चाहता है कि वह अभी भी युद्ध मोड में है और किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारतीय सेना व भारतीय लोग पूरी तरह मुस्तैद हैं। सरकार ने जिस तरह देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकने का नोटिफिकेशन जारी किया है, यह बताने के लिए काफी है कि भारत अब अपनी सेना को बेहद चुस्त-दुरुस्त कर रहा है। अब एक सेना का अधिकारी ही तीनों सेनाओं वायु, थल और जल सेनाओं को निर्देश दे सकेगा। जाहिर है इससे समय में बेहद कमी आएगी और सेना को एकजुट होकर कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। 27 मई से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। इस नए कानून बनने से इंटरसर्विस आर्गेनाइजेशन के तहत एक कमांडर इन चीफ/ऑफिसर इन कमांड की नियुक्ति होगी। यह कानून 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था और 10 मई 2024 से लागू किया गया। जाहिर है इससे हमारी सेना को एकजुट रखने में बड़ी मदद मिलेगी। असल में हमारा पड़ोसी पाकिस्तान एक ऐसा देश है, जिस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जब तक वह आतंकवाद से अपने आपको अलग नहीं रखता और उनको संरक्षण देना बंद नहीं करता, तब तक उस पर भला भरोसा भी कैसे किया जा सकता है। भारत ने भी साफ किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षण देता रहेगा, भारत उसके साथ कठोरता से पेश आता रहेगा, बल्कि भारत ने अब आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बना ली है।

## अकेले शांति से जीना चाहता है भारत



भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता, पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है, भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया, क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपरा. धियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी, भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपरा. धियों की पहचान करं उन पर कार्रवाई करे।

**-शशि थरूर**

**पूर्व विदेश मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# भारतीय राजनीति के असली चौधरी थे भारत रत्न चौ. चरण सिंह



29 मई पुण्यतिथि पर विशेष



आरपी तोमर

भारत रत्न चौधरी चरण सिंह एक ऐसा नाम है जो भारतीय राजनीति और इसके लोकतंत्र के लिए किसी हीरो से कम नहीं। यह वह नाम है जो ना जाने कितने ही बड़े संवैधानिक पदों पर रहकर यह दिखा गया कि कतार में खड़े आखिरी व्यक्ति के जीवन में कैसै बदलाव लाया जा सकता है। चौधरी चरण सिंह ने देश की कृषि नीतियों को आकार देने में बेहद अहम भूमिका निभाई। चौधरी चरण सिंह ने अपना पूरा जीवन किसानों के हित और उनके कल्याण में समर्पित कर दिया और यही वजह है कि उन्हें किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह सिर्फ एक राजनीतिज्ञ, एक किसान नेता, एक पार्टी के अध्यक्ष और एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का नाम ही नहीं था बल्कि चरण सिंह एक विचारधारा का भी नाम है। जो भारतीय राजनीति में अकाट्य है और सदैव रहेगा। चरण सिंह की राजनीति में कोई दुराव या कोई कपट नहीं था, बल्कि जो उन्हें अच्छा लगता था, उसे वो ताल ठोक कर अच्छा कहते थे और जो उन्हें बुरा लगता था, उसे कहने में उन्होंने कोई गुरेज भी नहीं करते थे। उनका व्यक्तित्व बहुत रौबीला था, जिनके सामने लोगों की बोलने की हिम्मत नहीं पड़ती थी। उनके चेहरे पर हमेशा पुख्तगी होती थी। हमेशा संजीदा गुफ्तगू करते थे। बहुत कम मुस्कुराते थे। अगर मैं गलत नहीं हूं तो एकआध लोगों ने ही उन्हें कभी कहकहा लगाते हुए देखा होगा। वो उसूलों के पाबंद थे और बहुत साफ-सुथरी राजनीति करते थे। वे सच्चे मायने में भारत रत्न हैं। किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर गांव में 23 दिसंबर 1902 को हुआ था। उनकी शिक्षा सरकारी उच्च विद्यालय और विश्वविद्यालय मेरठ से पूरी हुई। उन्होंने विज्ञान स्नातक, कला स्नातकोत्तर और विधि स्नातक की पढ़ाई की थी। चौधरी चरण सिंह ने पूरे जीवनभर किसानों के मुद्दे उठाए और उनके हक दिलाने का काम किया। चौधरी चरण सिंह का निधन 29 मई 1987 को 84 साल की उम्र में दिल्ली में हुआ था। जब 1929 में लाहौर में कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य का एलान किया तो नेहरू कांग्रेस के सबसे बड़े नेता के रूप में उभरे, तब चौधरी चरण सिंह ने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी का गठन किया। 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हुआ तो चौधरी चरण सिंह हिंडन नदी के किनारे नमक बनाने पहुंच गए तो अंग्रेज सरकार ने उन्हें छह महीने की जेल की सजा दी। जेल से वापसी पर वे पूरे जोर-शोर से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद गए। 1937 में चुनाव हुए तो बागपत से चौधरी चरण सिंह विधानसभा के लिए चुने गए। विधानसभा में किसानों की फसल से संबंधित एक बिल पेश किया। यह उस वक्त का क्रांतिकारी बिल था, जब ब्रिटिश सरकार ने भारतीय किसानों को ही सबसे ज्यादा चोट पहुंचाई थी। अंग्रेजी सरकार ने मुगलिया टैक्स सिस्टम को हटाकर बेहद क्रूर सिस्टम लागू किया था। जिसकी वजह से बहुत गरीबी फैल गई थी। उन्होंने 1939 में कर्जा माफी विधेयक पास करवाकर किसानों के खेतों की नीलामी रुकवाई। 1939 में ही किसान के बच्चों को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण दिलाने की कोशिश की पर इसमें सफलता नहीं मिल पाई। 1939 में किसानों को टैक्स बढ़ाने और बेदखली से मुक्ति दिलाने के लिए जमीन उपयोग का बिल तैयार किया और ऋण निर्मोचन विधेयक पास कराकर चौधरी साहब ने लाखों गरीब किसानों को कर्जे से मुक्ति दिलाई।

इसी साल निजी सदस्यों के संकल्प के तहत उन्होंने कृषि उत्पादन मंडी विधेयक पेश किया, जिसमें किसानों को बिचौलियों से मुक्त कराकर वाजिब दाम दिलाने का प्रावधान था। उनके सुझावों को कई सरक. ारों ने क्रियान्वित किया, इसमें पहला राज्य पंजाब था। ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत की विधानसभा ने सर छोटू राम के राजस्व मंत्री रहते हुए वर्ष 1938 में जो पहला कृषि उत्पाद मंडी अधिनियम पारित कर उसे लागू किया था। दरअसल, उसकी परिकल्पना चौधरी चरण सिंह की ही थी। चौधरी चरण सिंह जब पहली बार चुनाव जीतने के बाद उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत के संसदीय सचिव बने थे, तब चौधरी साहब कृषि उत्पाद मंडी बनाने के लिए एक बिल लेकर आना चाहते थे लेकिन, पंत ने उन्हें मना कर दिया, जिसके बाद चौधरी चरण सिंह ने उत्तर प्रदेश की यूनाइटेड प्रोविंस लेजिस्लेटिव असेंबली में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया, लेकिन वो बिल पारित नहीं हो पाया, यह बात वर्ष 1937 की है। 1940 में कांग्रेस बड़ी उहापोह में थी कि ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ें कि नहीं, छोटे स्तर पर व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत हुई, चौधरी चरण सिंह इसमें भी शामिल हुए। जेल गए, फिर छूटे और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में चरण सिंह को फिर मौका मिला। वे अंडरग्राउंड हो गए और एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन तैयार किया। पुलिस का आदेश था कि देखते ही गोली मार दी जाए पर चौधरी चरण सिंह सभा करके हर जगह से निकल जाते थे। अंत में गिरफ्तार हो गए। जिन्हें डेढ़ साल की सजा हुई, जेल में ही उन्होंने शिष्टाचार किताब लिखी। वे जातिवाद के कट्टर विरोधी थे और उनके प्रयासों का असर था कि 1948 में उत्तर प्रदेश में राजस्व विभाग ने सरकारी कागजों में जोत मालिकों की जाति नहीं लिखने का फैसला लिया। उन्होंने गोविंद बल्लभ पंत को पत्र लिखकर 1948 में मांग की थी कि अगर शैक्षिक संस्थाओं के नाम से जाति-सूचक शब्द नहीं हटाए जाते तो उनका अनुदान बंद कर दिया जाए। हालांकि यह मसला टलता रहा, लेकिन जब वे 1967 में खुद मुख्यमंत्री बने तो सरकारी अनुदान लेने वाली शिक्षा और सामाजिक संस्थाओं को अपने नामों के आगे से जातिसूचक शब्द हटाने पड़े। उन्होंने ही आजादी के बाद भारत में सोवियत रूस की तर्ज पर आर्थिक नीतियां लगाई गईं। चौधरी साहब का कहना था कि इंडिया में यह चलेगा नहीं, इसको लेकर चौधरी साहब कहते थे कि किसानों को जमीन का मालिकाना हक देने से ही बात बनेगी। उस वक्त नेहरू का विरोध करना ही बड़ी बात थी लेकिन चौधरी साहब सहकारी खेती के रूसी मॉडल के सख्त खिलाफ थे। हालाकि इससे उनके राजनैतिक करियर पर असर पड़ा फिर भी चौधरी साहब ने अपनी बात कहनी शुरू कर दी थी। चौधरी चरण सिंह 1952, 1962 और 1967 की विधानसभा में जीते थे। गोविंद बल्लभ पंत की सरकार में पार्लियामेंट्री सेक्रेटरी रहे। रेवेन्यू, लॉ, इनफॉर्मेशन, हेल्थ कई मिनिस्ट्री में भी रहे, संपूर्णानंद और चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में भी मंत्री रहे। 1967 में चरण सिंह ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय क्रांति दल नाम से अपनी पार्टी बना ली। राम मनोहर लोहिया का इनके ऊपर हाथ था। उत्तर प्रदेश में पहली बार कांग्रेस हारी और चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह 1967 और 1970 में मुख्यमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह ने अपने मुख्यमंत्री काल में एक बड़ा निर्णय लेते हुए खाद पर से सेल्स टैक्स हटा लिया। सीलिंग से मिली जमीन किसानों में बांटने की कोशिश की पर उत्तर प्रदेश में ए सफल नहीं हो पाया। इसके बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी तब देश में माहौल गड़बड़ हो गया था, 1975 में इंदिरा ने विवादास्पद निर्णय लिया और इमर्जेंसी लगा दी। चौधरी चरण सिंह भी जेल में डाल दिए गए। जेल में विरोधी पक्ष लामबंद हो गया और 1977 में लोकसभा के चुनाव हुए। इंदिरा बुरी तरह हारीं और देश में पहली बार गैर-कांग्रेसी पार्टियों ने मिलकर सरकार बनाई। मोरार जी देसाई प्रधानमंत्री बने, चौधरी चरण सिंह इस सरकार में उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री रहे। वित्तमंत्री भी बने।जनता पार्टी को बनाने में उनका ही आधार और किसान शक्ति सबसे अधिक काम आई। जनता पार्टी के नेताओं, जिसमें आज की भाजपा और तबका जनसंघ भी शामिल था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान से रिश्तों में सुधार के पीछे कूटनीति



अक्षत सरोत्री

अक्सर एक बात सामने आती है कि दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है। अफगानिस्तान के साथ वीजा डिपलोमैसी शुरू करने के पीछे का कारण बहुत बड़ी कूटनीतिक चाल है। आपको याद होगा कुछ दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार की चीन से बातचीत चल रही थी। आप इसके मायने समझ सकते हैं। चीन अफगानिस्तान में सेना का बेस चाहता है ताकि भारत पर दबाव बनाया जा सके।

चीन की यह वैसी ही चाल थी जैसी चीन कई सालों से बलूचिस्तान में रहकर पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के खिलाफ रच रहा है। आपको बता दें कि इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जो निवेशकों, कलाकारों, एथलीटों, छात्रों और इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके अटेडेंड के साथ ही संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा के लिए आवेदन की अनुमति देता है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है।

नई दिल्ली ने अभी तक इस बारे में कोई आधिका. रिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन यह कदम भारत और तालिबान के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों के बीच उठाया गया है। इसी महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बात की थी। काबुल में तालिबान की वापसी के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली मंत्री स्तरीय वार्ता थी। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान का कब्जा हुए करीब चार साल बीत चुके हैं। 15 अगस्त, 2021 में तालिबान ने गनी की सरकार को गिराकर काबुल पर कब्जा कर लिया था, जिसके बाद दुनिया के लगभग सभी देशों ने तालिबान में अपने दूतावास बंद कर दिए थे। अब दुनिया का रुख तालिबान की प्रति बदल रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बीते साल रूस द्वारा तालिबान को आतंकी संगठन की सूची से हटाना था। 2003 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन दिसंबर, 2024 में रूस ने तालिबान को इस सूची से हटा दिया था।

आपको बता दें कि भारत- अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और अशरफ गनी की सरकार के समय दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्ते भी बेहतर थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने तालिबान के साथ अपने संबंधों को खत्म कर लिया। हालांकि, अब वक्त बदल रहा है। अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के साथ भारत की बातचीत की शुरुआत इसी साल जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बातचीत हुई थी। अब विदेश मंत्री जयशंकर ने खुद तालिबान के विदेश मंत्री से बातचीत की थी। हालांकि, अभी तक भारत की ओर से औपचारिक रूप से तालिबान की सरकार को मान्यता नहीं दी है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही पाकिस्तान से उसकी ठनी हुई है। भारत-अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच शुरू हो रही यह बातचीत पाकिस्तान जैसे दुश्मन को रणनीतिक रूप से घेरने के रूप में देखी जा रही है। अफगानिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की थी। इसके बाद जब पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि भारत ने अफगानिस्तान को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया, तो खुद तालिबान की सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बीजिंग में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, चीनी विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने मिलकर अपने-अपने देशों में व्यापार, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया था। बैठक के बाद, इशाक डार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पाकिस्तान, चीन और अफगानिस्तान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। यह बैठक तीन देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने का संकेत देती है, लेकिन भारत के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कदम हो सकता है। हालांकि आपको बता दें इस बैठक को फेल करने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही मन बना चुके थे। भारत ने चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर के किसी तीसरे देश में विस्तार पर कड़ा विरोध जताया था। भारत का कहना है कि CPEC का एक हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और इसे भारत अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले साल कहा था कि जो भी देश CPEC प्रोजेक्ट में शामिल होंगे, वे जम्मू-कश्मीर में भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करेंगे। भारत ने इस कारण से चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में शामिल होने से इंकार कर दिया है, जो कि लगभग 60 बिलियन डॉलर का एक विशाल प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट में पाकिस्तान के जरिए एक बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास कार्य किए जाने हैं, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। इसके अतिरिक्त आपको याद होगा कि भारत-अफगानिस्तान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर भी साझेदारी है। वहीं इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर को लेकर भी दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। यह कॉरिडोर भारत से लेकर ईरान, रूस होते हुए यूरोप को जोड़ने वाला है। इस तरह दो अहम प्रोजेक्ट्स में दोनों देश साथ हैं और पाकिस्तान के साथ दोनों के ही संबंध सहज नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक म्यान, दो तलवारें: शौर्य की अद्वितीय मिसाल थे महाराणा प्रताप



योगेश कुमार गोयल

अपनी वीरता, स्वाभिमान, दृढ़ संकल्प और त्याग से इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराने वाले हिन्दू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप 16वीं शताब्दी के ऐसे कुशल वीर योद्धा थे, जिन्होंने विभिन्न युद्धों में अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए उन्होंने अपने जीवनकाल में हमेशा मुगलों को समय-समय पर दांतों चने चबाने पर विवश किया। दरअसल मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप ऐसे महान वीर और निर्भीक शासक थे, जिन्हें मुगलों का शासन कदापि स्वीकार नहीं था। मेवाड़ में सिसोदिया राजवंश के राजा राणा उदय सिंह और महारानी जयवंता बाई के ज्येष्ठ पुत्र महाराणा प्रताप बचपन से ही घुड़सवारी, तीरंदाजी और युद्ध कला में भी पारंगत थे। उनकी वीरता से भारत भूमि तो गौरवान्वित हुई ही, मेवाड़ की वह शौर्य-भूमि भी धन्य हुई, जहां उन्होंने जन्म लिया था। इतिहासक. ार महाराणा प्रताप को ऐसा योद्धा मानते हैं, जिनके युद्ध कौशल के दुश्मन भी कायल थे और इसीलिए प्राय: दुश्मन भी उन्हें सलाम करते थे। मेवाड़ की धरती को मुगलों के आतंक से बचाने के लिए उन्होंने अनेक लड़ाईयां लड़ी, जिनके कारण ही उनका नाम पराक्रमी, शूरवीर, साहसी, महान् राष्ट्रभक्त और एक वीर सम्राट के रूप में इतिहास के पन्नों में अजर-अमर हो गया। युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाएं मेवाड़ में तो आज भी लोकगीतों के माध्यम से बताई जाती हैं।

इन्हीं हिन्दू हृदय सम्राट महाराणा प्रताप की जयंती हिंदी कैलेंडर के अनुसार इस वर्ष 29 मई को मनाई जा रही है, जिसे लेकर मेवाड़ में एक सप्ताह पहले ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। महान राजपूत शासक मेवाड़ के 13वें राजा महाराणा प्रताप का जन्म 1540 में राजस्थान के मेवाड़ में ज्एष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन पुष्य नक्षत्र में हुआ था। बचपन में उन्हें कीका के नाम से पुकारा जाता था और उनका राज्याभिषेक गोग. ुंदा में हुआ था। दरअसल बचपन में महाराणा प्रताप का जीवन काफी समय तक भीलों के साथ भी बीता। भील उस समय अपने पुत्र को कीका कहकर संबोधित करते थे, इसीलिए महाराणा प्रताप को भी कीका कहकर संबोधित किया जाता था। महाराणा प्रताप की शौर्य गाथाओं से तो हालांकि आज की पीढ़ी भी परिर. चत होगी ही, लेकिन यह तथ्य कम लोग ही जानते होंगे कि युद्ध के समय वे एक म्यान में एक साथ दो तलवारें रखा करते थे, एक स्वयं के लिए और दूसरी दुश्मन के लिए। यही नहीं, वह एक कुशल योद्धा की भांति कभी किसी निहत्थे पर वार भी नहीं करते थे और जरूरत पड़ने पर म्यान से निकालकर अपनी ही दूसरी तलवार शत्रु को लड़ने के लिए दे देते थे। महाराणा प्रताप जब युद्ध के लिए प्रस्थान करते थे तो 208 किलोग्राम वजनी दो तलवारें, 72 किलोग्राम का कवच और 80 किलोग्राम का भाला अपने साथ लेकर जाते थे। महाराणा प्रताप के 24 भाई और 20 बहनें थी। उनके एक सौतेले भाई जगमल ने उन्हें धोखा देते हुए अजमेर जाकर अकबर से संधि कर ली थी लेकिन महाराणा प्रताप अकबर के विशाल साम्राज्य के समक्ष कभी नहीं झुके और उन्होंने जीते-जी अकबर की अधीनता को कभी स्वीकार नहीं किया बल्कि अकबर के साथ कई वर्षों तक संघर्ष किया। उन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दी घाटी युद्ध में अकबर के साथ वीरतापूर्वक लड़े। महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में भीषण युद्ध हुआ था। उस युद्ध में महाराणा प्रताप को अफगानी राजाओं का समर्थन प्राप्त था। अफगानी हाकिम खान अंतिम सांस तक युद्ध में राजपूतों की ओर से लड़े थे। अन्न की कमी के कारण महाराणा प्रताप की सेना को हार का सामना पड़ा था, लेकिन महाराणा प्रताप ने अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना के सामने अपने 20 हजार सैनिकों और सीमित संसाधनों के बल पर स्वतंत्रता के लिए वीरतापूर्वक संघर्ष किया। हालांकि महाराणा प्रताप को उस युद्ध के मैदान से भागने के लिए विवश होना पड़ा था, लेकिन उन्होंने जब तक बड़ी संख्या में अकबर की सेना का सफाया करने में कामयाबी हासिल की थी, जिसके चलते उनकी बहादुरी की अपार प्रशंसा हुई। उस युद्ध में जख्मी होने के बावजूद महाराणा मुगलों के हाथ नहीं आए।

हल्दी घाटी की हार के बाद भी दृढ़ निश्चई, पराक्रमी और वीरता की मिसाल महाराणा प्रताप ने हार नहीं मानी और नई रणनीति के तहत मुगलों से लोहा लेने का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने गुरिल्ला युद्ध की रणनीति अपनाई और अरावली की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं से ही उन्होंने मुगल सेना पर खूब छापामार हमले किए। 12 वर्षों तक उन्होंने वनवास में रहकर ही संघर्ष किया और मेवाड़ को मुगलों से मुक्त कराने का निरंतर प्रयास करते रहे। कहा जाता है कि जंगल में रहते हुए उन्होंने न जमीन पर सोकर रातें गुजारी बल्कि केवल घास की ही रोटी भी खाई लेकिन अकबर के सामने कभी हार नहीं मानी। गुरिल्ला युद्ध के जरिए वे हर पल मुगलों की नाक में नकेल कसते रहे और इस प्रकार उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। 30 वर्ष लंबे संघर्ष और युद्ध के बाद भी अकबर महाराणा प्रताप को न तो बंदी बना सका और न ही झुका सका। महाराणा प्रताप के शौर्य की बात हो और उनके प्रिय घोड़े चेतक का जिक्र न किया जाए, यह भी संभव नहीं। दरअसल महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप का अश्व चेतक भी उन्हीं की भांति वीर योद्धा था, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ घोड़ों में से एक था। चेतक महाराणा प्रताप के प्रति वफादारी के लिए जाना जाता है, जो एक बेहद बुद्धिमान और ताकतवर घोड़ा था। युद्ध में दुश्मन को चकमा देने के उद्देश्य से उसके मुंह के आगे हाथी की सूंड लगाई जाती थी। एक बार जब मुगल सेना महाराणा प्रताप के पीछे लगी थी, तब चेतक महाराणा प्रताप को अपनी पीठ पर लिए 26 फीट के उस नाले को भी लांघ गया था, जिसे मुगल पार नहीं कर सके। हल्दी घाटी युद्ध में चेतक बुरी तरह घायल हो गया था, जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई और आज उसी युद्धस्थल के पास चेतक का मंदिर बना हुआ है।



वीरता, स्वाभिमान और दृढ़ संकल्प के प्रतीक महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं थे बल्कि एक आदर्श शासक और प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में कुंभलगढ़ किले का निर्माण, चावंड, रणकपुर और जगन्नाथपुरी जैसे मंदिरों का निर्माण कराया और गायों की रक्षा के लिए अनेक गौशालाओं की भी स्थापना की। महाराणा प्रताप सदैव भारत के वीर योद्धाओं और देशभक्तों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। युद्ध और शिकार के दौरान लगी चोटों के कारण 56 वर्ष की आयु में 29 जनवरी 1597 को उन्हें वीरगति प्राप्त हुई। महाराणा प्रताप ने कुल 11 शादियां की थी और उनके कुल 17 बेटे और 5 बेटियां थी। महाराणा प्रताप के बाद गद्दी पहली पत्नी अजाब्दे पंवार के बेटे अमर सिंह को मिली थी।

# अमेरिका ने इजरायल को 90 हजार टन से अधिक हथियार भेजेः रिपोर्ट



- इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए
- 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54056 तक पहुंच गई

**मास्को।** अमेरिका ने अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायल को 90 हजार टन से अधिक सैन्य आपूर्ति की है, जिसमें बख्तरबंद वाहन और गोला-बारूद भी शामिल हैं। द टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली रक्षा मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि अक्टूबर 2023 में गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका से 800 परिवहन विमान और 140 जहाज हथियारों से लैस इजरायल पहुंच चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल को दिए गए सैन्य उपकरणों में 'बख्तरबंद वाहन, युद्ध सामग्री, गोला-बारूद, व्यक्तिगत सुरक्षा गियर और चिकित्सा उपकरण' शामिल हैं। इजरायल ने 18 मार्च को ऑपरेशन गिदोन के रथ के हिस्से के रूप में गाजा पट्टी में एक नए हमले की शुरुआत की घोषणा की थी। जिसके बारे में इजरायल का दावा है कि ऑरेशन गिदोन से अंततः हमास को पराजित किया जा सकेगा। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण का अनुमान है कि इजरायल के हमलों से दो महीने से अधिक समय में 3900 से अधिक लोग मारे गए हैं। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल बताया कि सात अक्टूबर, 2023 से गाजा संघर्ष में मारे गए लोगों की संख्या 54,056 तक पहुंच गई है।

## रूसी वायु रक्षा ने तीन घंटे में 112 ड्रोन किए नष्ट



**मास्को।** रूसी वायु रक्षा ने पिछले तीन घंटों में छह रूसी क्षेत्रों में 112 यूक्रेनी ड्रोन को रोका और नष्ट कर दिया। यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि 27 मई को मास्को के समय के अनुसार 21:00 से 28 मई को 00:00 तक, वायु रक्षा प्रणालियों ने 112 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। इनमें से ब्रांस्क क्षेत्र में 59, बेलगोरोड क्षेत्र में 19, तुला क्षेत्र में 13, कुर्स्क क्षेत्र में 10, ओर्योल क्षेत्र में आठ और कलुगा क्षेत्र में तीन शामिल हैं।



गुलमर्ग। अपने मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

## वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका यात्रा से परहेज करने का किया आग्रह

**कराकस।** वेनेजुएला ने अपने नागरिकों से अमेरिका जाने से बचने का आग्रह किया गया। विदेश मंत्री यवन गिल ने टेलीग्राम पर एक यात्रा चेतावनी जारी की। उन्होंने कथित मानवाधिकार उल्लंघन का हवाला देते हुए कहा कि अमेरिका में वेनेजुएला के लोगों को निर्वासन, परिवार से अलग होने और मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने का खतरा है। उन्होंने अमेरिका पर 'प्रवासन ब्लैकमेल' का उपयोग करने और ज़ेनोफ़ोबिया को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। यह चेतावनी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा अमेरिकियों और कानूनी निवासियों को वेनेजुएला की यात्रा न करने की सलाह दिए जाने के कुछ घंटों बाद आई।

## अमेरिका-कनाडा के साथ इस साल के अंत में होगी मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षाः एडराड

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने कहा है कि मुक्त व्यापार पर अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते की आगामी समीक्षा बैठक सितम्बर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में शुरू हो सकती है। एबरार्ड ने यहां संवाददाताओं से कहा कि आने वाले महीनों में मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा से पहले अमेरिकी विनियमों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के साथ परामर्श करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको भी 'हर चीज का मूल्यांकन' करेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि वह मौजूदा समय में देश के व्यापार क्षेत्र के साथ स्टील और एल्यूमीनियम के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मेक्सिको की अर्थव्यवस्था उत्तरी अमेरिका में अधिक एकीकरण के साथ 'आर्थिक क्षेत्रीयकरण' के दौर में प्रवेश करेगी।

## ईरान गए तीन भारतीयों के परिजन लापता

- इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई
- ये सभी पंजाब के अलग-अलग जिलों के रहने वाले हैं

**तेहरान।** भारत के तीन नागरिक जो हाल ही में ईरान की यात्रा पर गए थे, उनके परिवार वालों ने भारतीय दूतावास को बताया है कि वे लापता हो गए हैं। इस पर भारतीय दूतावास ने तेहरान में ईरानी अधिकारियों के समक्ष इस मामले को तुरंत सूचित किया है।

इस मामले में ईरान में मौजूद भारतीय दूतावास ने ईरानी प्रशासन से साफ-साफ कहा है कि लापता भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। भारतीय दूतावास ने यह भी बताया है कि वे लगातार लापता लोगों के परिवारों से संपर्क में हैं और इस मामले में हो रही कार्रवाई से उन्हें हर अपडेट दे रहे हैं। भारतीय दूतावास ने कहा कि हमने यह मामला मजबूती से उठाया है और ईरान सरकार से निवेदन किया है कि इन भारतीय नागरिकों को ढूंढने के लिए जरूरी कदम तुरंत उठाए जाएं। इस घटना को लेकर भारत सरकार की ओर से चिंता जाहिर की गई है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इन नागरिकों का पता चल जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी पंजाब के अन्य-अन्य जिलों के रहने वाले हैं। जो 11 मई को तेहरान पहुंचे और उसके बाद से ही लापता है। परिजनों के अनुसार, एक ट्रैवल एजेंट ने उन सभी को आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया और ईरान में रुकने की सुविधा कराने की बात कही, लेकिन ईरान पहुंचने के बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

## इंडोनेशिया-फ्रांस ने गाजा में युद्ध विराम निर्बाध मानवीय पहुंच का किया आह्वान

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को गाजा में युद्ध को तत्काल रोकने और मानवीय सहायता तक निर्बाध पहुंच का आह्वान किया। प्रबोवो ने स्टेट पैलेस (राष्ट्रपति भवन) में मैक्रों का स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रबोवो ने बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान को बनाए रखने में एक-दूसरे के साथ समन्वय करने पर सहमत हुए है। उन्होंने कहा कि दोनों देश (इंडोनेशिया और फ्रांस) ने संप्रभु देश के रूप में फलस्तीनी स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।

# भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान नहींः थरूर

## बोलेः भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता

**भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है**

**इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया**



**पनामा।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है।

भारत ने आपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं। कास्टानेडा के साथ बैठक में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम सभी अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि और भारत के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं लेकिन हम राष्ट्रीय उद्देश्य में एकजुट हैं। शशि थरूर ने मंगलवार को पनामा में भारतीय समुदाय के लोगों को भी संबोधित किया। थरूर ने कहा कि भारत को 1989 से लगातार आतंकी हमलों का सामना करना पड़ा है और यह स्थिति अब और बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वे अपराधियों की पहचान करें और उन पर कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी बताया कि इस आपरेशन में भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह केवल नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा को भी पार किया। थरूर ने कहा कि इससे पहले भारत ने 2016 में उरी हमले के बाद और 2019 में पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया था, लेकिन इस बार हमला और भी ज्यादा भीतर तक किया गया। थरूर ने आतंकियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अब हर हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी और भारत इस दिशा में किसी तरह की नरमी नहीं दिखाएगा। थरूर की टीम ने पनामा से पहले गुयाना का दौरा किया था, जहां उन्होंने 26 मई को गुयाना के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया और वहां के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की। थरूर ने गुयाना से भी पाकिस्तान को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि भारत का इरादा सिर्फ जवाबी कार्रवाई करना था। भारत, पाकिस्तान के साथ लम्बी लड़ाई नहीं चाहता था, लेकिन अगर पाकिस्तान दोबारा हमला करने की हिमाकत करता है तो फिर हमारा जवाब पहले से भी ज्यादा आक्रामक होगा।

## कम्बोडिया, थाइलैंड सैनिकों के बीच झड़प

**नॉम पेन्ह।** कम्बोडिया और थाईलैंड के सैनिकों के बीच बुधवार सुबह एक विवादित सीमा क्षेत्र में कुछ देर के लिये झड़प हुई। कम्बोडियाई सेना के प्रवक्ता माओ फाल्ला ने शिन्हुआ संवाद समिति से टेलीफोन पर कहा कि सीमा क्षेत्र में कम्बोडिया और थाईलैंड सैनिकों के बीच करीब 10 मिनट तक सशस्त्र झड़प हुई, लेकिन मुझे अभी तक नहीं पता कि पहले किसने गोली चलाई। उन्होंने कहा कि संघर्ष किस कारण से हुआ, अभी इसका भी पता नहीं चला है। फिलहाल, हताहतों के बारे में तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों पक्षों के स्थानीय कमांडरों की ओर से एक-दूसरे से बातचीत करने और संघर्षविराम का आदेश देने के बाद स्थिति शांत हो गई है।

## दो भारतीय शांति रक्षकों को यूएन मरणोपरांत करेगा सम्मानित

- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र दो भारतीय शांतिरक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित करेगा। दोनों भारतीय शांतिरक्षक अपने कर्तव्य को निभाने के दौरान बलिदान हो गए थे। यह सम्मान समारोह 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय शांति रक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

जिन दो भारतीय शांतिरक्षकों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय सिंह शामिल हैं। ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा, यूएन डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स और हवलदार संजय सिंह यूएन स्टैबलाइजेशन मिशन, कांगो में तैनात थे। दोनों को मरणोपरांत डैग हैमर्सजोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। भारत संयुक्त राष्ट्र शाति सेना में चौथा सबसे ज्यादा योगदान करने वाला देश है। फिलहाल विभिन्न यूएन शांति रक्षक अभियानों में भारत के 5300 सैन्य और पुलिस जवान तैनात हैं। ये सैनिक अबेई, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, डेमोक्रेटिक रिपब्लिकन ऑफ कांगो, लेबनान, सोमालिया, साउथ सूडान और वेस्टर्न सहारा जैसे देशों में तैनात हैं। 29 मई को होने वाले सम्मान समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनिया गुटेरेस 1948 से अब तक संयुक्त राष्ट्र मिशन में बलिदान हुए 4400 शांति रक्षकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सम्मान समारोह में कुल 57 सैन्य, पुलिस और सामान्य नागरिक शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा।

ये 57 शांति सैनिक बीते साल विभिन्न यूएन मिशन में बलिदान हुए। बीते साल भारतीय सेना की मेजर राधिका सेन को '2023 यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया गया था। 2024 का मिलिट्री जेंडर एडवोकेट सम्मान घाना के स्क्वाड्रन लीडर शैरोन मिनसोटे और यूएन की महिला पुलिस अधिकारी सिएरा लिओन की सुपरीटेंडेंट जैनब गबला को दिया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस की शुरुआत साल 2002 में की गई थी।

## श्रीलंका में नशीले पदार्थ की तस्करी में शामिल 11 गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के अधिकारियों ने समुद्री अभियान में 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और क्रिस्टल मेथामफेटामाइन जब्त की है। श्रीलंका की नौसेना, राज्य खुफिया सेवा और पुलिस नारकोटिक्स ब्यूरो की संयुक्त टीम ने इस मामले में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो मछली पकड़ने वाली नावें भी बरामद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई में देश के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में दो मछली पकड़ने वाली नावों से 600 किलोग्राम से अधिक हेरोइन और मेथामफेटामिन (आइस) बरामद की गई। नावों को डिकोविता बंदरगाह लाया गया, जहां नशीली दवाओं की खेप और आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

## गाजा में खाने के लिए मची भगदड़

### तीन की मौत, 46 घायल, सात लोग अभी लापता



- इजरायली सैनिकों ने किया था हवाई फायर

**राफा।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजरायली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची।

वहीं इजरायल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इजरायली फायरिंग के बाद हजारों फलस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। राफा में आज जो कुछ हुआ, वह एक जानबूझकर किया गया नरसंहार और एक पूर्ण युद्ध अपराध है। गाजा में फिलहाल एक हफ्ते के लिए मदद पहुंचाई जाएगी। इस दौरान इजरायल गाजा में खाना बांटने के लिए नए वितरण केंद्र बनाएगा। ये सेंटर इजरायली सेना की निगरानी में रहेंगे। इसका संचालन अमेरिकी कंपनियां करेंगी। नई व्यवस्था के तहत गाजा के लोगों को गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) के जरिए मदद दी जाएगी। हालांकि कई सहायता एजेंसियों ने इस योजना की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे मानवाधिकार का उल्लंघन होता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का कहना है कि वह जीएचएफ के साथ काम नहीं करेंगे, क्योंकि यह निष्पक्ष नहीं है। गाजा में जीएचएफ के 4 वितरण केंद्र खोले जाने की तैयारी है जबकि यूएन के पूरे गाजा में 400 वितरण केंद्र हैं। अगर जीएचएफ से गाजा के लोगों को खाना मिले तो बहुत कम लोगों तक ही मदद पहुंच पाएगी।



## ट्रम्प का फितूर बदस्तूर जारी

# स्टूडेंट वीजा को लेकर अब अमेरिका में आई शामत

- यूएस जाने वाले छात्रों के सोशल मीडिया की जांच होगी, क्लास छोड़ने पर वीजा रद्द कर दिया जाएगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है।

रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहाः वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेडयूल न करें, क्योंकि ट्रम्प सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने आगे कहाः तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशानिर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर (एफ, एम और जे) वीजा के लिए नए अपाइंटमेंट की इजाजत नहीं दे। हालांकि पहले से शेडयूल किए गए इंटरव्यू हो सकते हैं, लेकिन लिस्ट में नए अपाइंटमेंट नहीं जोड़े जाएं। यह रोक एफ, एम और जे वीजा केटेगरी पर लागू होती है, जो ज्यादातर अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और एक्सचेंज विजिटर्स को कवर करती हैं। दावा है कि ये इन प्रोग्राम्स के जरिए आने वाले छात्र अमेरिका सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं या यहूदी-विरोधी माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। ट्रम्प सरकार ने अधिकारियों को इंस्टाग्राम, टिकटाक और एक्स जैसे प्लेटफार्म पर पोस्ट, लाइक, कमेंट और शेयर की जांच करने के भी आदेश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले कंटेंट का पता लगाया जा सके। द गार्जियन के मुताबिक अधिकारी मार्च से, उन छात्रों के सोशल मीडिया की जांच कर रहे हैं, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। वे ऐसे पोस्ट के स्क्रीनशाट ले रहे हैं, जिन्हें अपमानजनक माना जाता है, भले ही बाद में वह कंटेंट हटा दिया गया हो। हालांकि इस आदेश में यह साफ तौर पर नहीं बताया गया है कि भविष्य में सोशल मीडिया जांच में क्या देखा जाएगा। पहले, सोशल मीडिया जांच केवल उन छात्रों के लिए लागू थी, जो फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में शामिल थे। ट्रम्प प्रशासन ने कहा है कि कोई विदेशी छात्र बिना जानकारी कोर्स छोड़ता है, क्लास नहीं जाता या पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसका स्टूडेंट वीसा रद्द किया जा सकता है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में जारी कर इसकी जानकारी दी। दूतावास ने किसी भी समस्या से बचने के लिए हमेशा अपने वीजा शर्तों का पालन करने के लिए कहा। दूसरी तरफ ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ लगभग 850 करोड़ रुपये का कान्ट्रैक्ट रद्द करने की तैयारी कर रहा है।

## ट्रम्प ने रोमानिया के राष्ट्रपति डैन को अमेरिका आने का दिया न्यौता

**बुखारेस्ट।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार शाम रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन से फोन पर बात की और उन्हें अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। रोमानियाई प्रसारक डिजी24 ने सूत्रों का हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मई 2025 का चुनाव जीतने के बाद डैन ने सोमवार को पदभार संभाला। उन्होंने चार दलों-सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, सेव रोमानिया यूनियन पार्टी, नेशनल लिबरल पार्टी और रोमानिया में हंगरी के डेमोक्रेटिक अलायंस की भागीदारी के साथ एक नया मंत्रिमंडल बनाने पर बातचीत शुरू की। विपक्षी गठबंधन ने रोमानियाई संघ के अधिकारियों पर चुनाव धोखाधड़ी और विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए डैन के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत करीब दस मिनट तक चली। हाल के वर्षों में, रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में अमेरिका और रोमानिया के संबंध मजबूत हुए हैं। देवेसेलु में अमेरिकी मिसाइल रक्षा बेस 2016 से रोमानियाई क्षेत्र में काम कर रहा है, और 2023 में दोनों देशों ने परमाणु ऊर्जा विकास के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## यमन शरणार्थी को रिहा करे पुलिसः उच्च न्यायालय

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने यमन नागरिक मोहम्मद कासिम मोहम्मद अल शिबाह को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी यहां रहने पर पुलिस ने 16 मई से बायकुला पुलिस थाने में हिरासत में रखा गया था। एक अधिवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरसन की अवकाश पीठ ने बिना औपचारिक आदेश के शरणार्थी के हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता अल शिबाह को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना ग्रेटर मुंबई के अधिकार क्षेत्र को नहीं छोड़ने और अपने मोबाइल फोन पर लोकेशन सेवाओं को सक्रिय रखने का निर्देश दिया।